■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 332
पृष्ठ : 16
औरंगाबाद, बुधवार
7 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1973: ईटानगर को पूर्वोत्तर के खूबसूरत प्रांत अरुणाचल प्रदेश की नई राजधानी बनाने का काम शुरू किया गया।
1976: एलेक्ज़ेंडर ग्राहम बेल को अपने आविष्कार का पेटेंट मिला जिसे उन्होंने 'टेलीफ़ोन' का नाम दिया।
1982: आईबीएम ने पीसी-डीओएस का वर्जन 1।1 जारी किया।
2001: पोप जॉन पॉल सीरिया के ऐतिहासिक दौरे पर पहुंचे।

हर साल एक बुरी आदत को जड़ से खोदकर फेंका जाए तो कुछ ही साल में बुरा से बुरा आदमी भी भला हो सकता है।

संक्षिप्त समाचार

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)। गया-पटना रेल खंड पर ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नियाजीपुर निवासी वाल्मीकि ठाकुर के बेटे सत्यानंद ठाकुर के रूप में हुई है। वह मुसी बेला में तिलक समारोह में शामिल होने जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही रेल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के पिता ने बताया कि उनका बेटा तिलक समारोह में भाग लेने जा रहा था। इसी दौरान ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई।

तिलक से पहले मिला युवक का शव

गया(नबिटा ब्यूरो)। जिले के फतेहपुर थाना अंतर्गत डुमरी तपसा गांव में तिलक से एक दिन पहले संदिग्ध हालत में युवक का शव पोखर के पास मिला है। शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। कल शाम से ही लापता था। मृतक की पहचान अशोक यादव के तौर पर हुई है। वह गया में प्राइवेट नौकरी करता था। 7 मई को तिलक और 10 मई को शादी होनी थी। परिजनों ने बताया कि अशोक सोमवार शाम करीब 5 बजे घर से निकला था। मंगलवार सुबह ग्रामीणों से पोखर के पास शव मिलने की सूचना मिली।

थानाध्यक्ष निलंबित

मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)। पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने हरलाखी थानाध्यक्ष जितेंद्र सहनी को निलंबित कर दिया है। थानाध्यक्ष पर न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपी से अनुचित बातचीत करने का आरोप है। एसपी को जब इस मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने बेनीपट्टी डीएसपी के नेतृत्व में जांच कराई। जांच में यह पुष्टि हुआ कि थानाध्यक्ष सहनी की आरोपी से अनुचित बातचीत हो रही थी। यह घटना हरलाखी थाना कांड संख्या 106/25 से जुड़ी है। एसपी ने इस कृत्य को कदाचार मानते हुए थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही, उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई का आदेश भी जारी किया गया है।

कार-ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



कटिहार। जिले के समेली प्रखंड कार्यालय के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर एसयूवी कार और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने बताया कि ट्रैक्टर विपरीत दिशा से आ रहा था। उन्होंने बताया कि कार सवार लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। सोमवार और मंगलवार की दरम्यान रात समेली प्रखंड कार्यालय के पास हुई दुर्घटना में मारे गए लोगों की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर तत्काल पहुंचे राहत और बचाव दल ने पीड़ितों को नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया। दो घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में टुनटुन कुमार, ज्योतिष कुमार, प्रिंस कुमार, अजय कुमार, सिक्कू कुमार और तीन युवक शामिल हैं। वहीं दो की स्थिति नाजुक है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और शादी का माहौल देखते ही देखते मातम में तब्दील हो गया। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पीड़ित सुपौल के निवासी हैं। एसपी ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि सभी पीड़ित एसयूवी में यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की जांच जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

सीएम नीतीश ने जताया शोक

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुये दो लोगों, जिनका इलाज पूर्णिया सदर अस्पताल में चल रहा है, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

पटना, गया समेत पांच जिलों के डीएम समेत 30 अधिकारी प्रशिक्षण के लिए जाएंगे मसूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना, गया समेत पांच जिलों के डीएम और भारतीय प्रशासनिक सेवा के 30 अधिकारी 25 दिनों के प्रशिक्षण के लिए मसूरी जाएंगे। 16 जून से 11 जुलाई तक यह प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। अनिवार्य मध्य सेवा कालीन प्रशिक्षण चरण चार में सभी अधिकारी शामिल होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इससे संबंधित सूचना जारी हो गयी है। मध्य सेवा कालीन अनिवार्य प्रशिक्षण में मसूरी जाने वालों में पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह, गया के डीएम त्यागराजन एस एम, दरभंगा के डीएम राजीव रौशन, मुंगेर के डीएम अवनीश सिंह और लखीसराय के डीएम मिथिलेश मिश्रा हैं। इसके अलावा बीआरपीएनएन के एमडी शीर्षत कपिल अशोक, औषधि विभाग में संयुक्त सचिव पालका साहनी, बिहार भवन नई दिल्ली में स्थानीक आयुक्त कुंदन कुमार, नगर विकास सचिव अभय कुमार सिंह, दरभंगा के आयुक्त मनीष कुमार, मद्य निषेध सचिव अजय यादव, एससी-एसटी कल्याण के सचिव दिवस सेहरा, वित्त सचिव आशिमा जैन, वाणिज्य कर मंत्रालय के संयुक्त सचिव साकेत कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह ट्रेनिंग लेने जाएंगे। इसके साथ ही केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के पीएस रमन कुमार, आईसीडीएस के निदेशक कौशल कुमार, पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव कंवल तनुज, सामान्य प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रचना पाटिल, पटना के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर, कॉम्फ़ेड के एमडी राजकुमार, योजना विभाग के विशेष सचिव हिमांशु कुमार राय मसूरी प्रशिक्षण लेने जाएंगे। वहीं उपराष्ट्रपति के निजी सचिव आलोक रंजन घोष, जीविका के सीईओ हिमांशु शर्मा, वित्त विभाग के विशेष सचिव राहुल कुमार, राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार, पर्यटन विभाग के विशेष सचिव उदयन मिश्रा, केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह के निजी सचिव पंकज दीक्षित भी ट्रेनिंग में शामिल होंगे।

बिहार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने पर नीतीश सरकार का जोर : प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल तैयारियों में जुटे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार और मंगलवार को जेडीयू और बीजेपी नेताओं के साथ अहम बैठकें कीं। मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर सीएम नीतीश कुमार ने बीजेपी नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, मंत्री रेणु देवी, प्रेम कुमार समेत अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद मंत्री प्रेम कुमार ने बताया कि बातचीत बिहार के विकास कार्यों और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर केंद्रित रही। उन्होंने कहा कि राज्य में चल रही विकास परियोजनाओं की जानकारी लोगों तक कैसे पहुंचाई जाए, इस पर विस्तार से चर्चा हुई। इससे एक दिन पहले सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेडीयू नेताओं के साथ भी बैठक की थी। यह बैठक पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित की गई थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नेताओं को विशेष टास्क सौंपे और संगठन के पुनर्गठन पर जोर दिया। साथ ही, राज्य में बोर्ड और निगमों के गठन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री अशोक चौधरी, संजय झा, श्रवण कुमार, लेसी सिंह, सुनील कुमार और एमएलसी खालिद अनवर शामिल हुए। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री और जेडीयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि वर्तमान में कई बोर्ड और आयोगों के अध्यक्ष पद खाली हैं। चुनावी वर्ष को ध्यान में रखते हुए इन पदों पर तुरंत नियुक्ति को लेकर रणनीति बनाई गई। मुख्यमंत्री ने इन नियुक्तियों और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर अपनी टीम के साथ विचार-विमर्श किया।

सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार तरक्की कर रहा बिहार : महेश्वर हजारी

सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री ने किया 'बिहार समाचार' पत्रिका के वार्षिकांक का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने सोमवार को 'बिहार समाचार' पत्रिका के 2024 के विशेष अंक (वार्षिकांक) का विमोचन किया। यह कार्यक्रम सूचना भवन स्थित उनके कार्यालय में आयोजित किया गया था। इस मौके पर मंत्री श्री हजारी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार तरक्की कर रहा है। पहले जहां बच्चों को पढ़ाई के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता था, आज वहीं राज्य के सभी 38 जिलों में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज और 46 पॉलिटेक्निक संस्थान चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेपी गंगा पथ परियोजना राज्य के लिए एक नई जीवनरेखा बन गई है, जिससे बिहार में विकास की रफ्तार और तेज हुई है। साथ ही सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। 'मिशन निपुण बिहार' के जरिए शिक्षा क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव हो रहा है। मंत्री ने बताया कि इस वार्षिकांक में साल 2024 के दौरान राज्य सरकार द्वारा आम लोगों के हित में किए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी गई है। सरकार की कोशिश है कि हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी पीछे न छूटे। इस कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क निदेशक वैभव श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव विधु भूषण प्रसाद, संयुक्त निदेशक रवि भूषण सहाय और विशेष कार्य पदाधिकारी कुमारिल सत्यानंदन भी मौजूद थे।

पाक बॉर्डर पर गरजेंगे सेना के फाइटर जेट

नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)। भारतीय वायुसेना आनेवाले 7 और 8 मई को पाकिस्तान के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक बड़ा एयर एक्सरसाइज करने जा रही है। बताया जा रहा है कि ये युद्धाभ्यास खास तौर पर राजस्थान के इलाको में होगा जो दक्षिण पश्चिमी एयर कमांड के अधीन आता है। यह अभ्यास ऐसे समय पर हो रहा है जब पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। इस अभ्यास को लेकर 'नोटिस टू एयरमेन' भी जारी कर दिया गया है। नोटम एक आधिकारिक चेतावनी होती है जिससे संबंधित क्षेत्र में वायु यातायात को आगाह किया जाता है कि वहां विशेष सैन्य गतिविधि चल रही है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि अभ्यास में लड़ाकू विमानों की भारी आवाजाही रहेगी। ये एक्सरसाइज ऐसे वक्त में हो रहा है जब पाकिस्तान एक बार फिर सीजफायर की शर्तों को रौंदते हुए एलओसी पर अकारण फायरिंग कर रहा है।



फर्जी एडीएम गिरफ्तार

बेतिया(नबिटा ब्यूरो)। पश्चिमी चंपारण के रामनगर पुलिस ने फर्जी एडीएम को हिरासत में लिया है जो खुद को लखीमपुर खीरी का अपर जिला मजिस्ट्रेट बता रहा था। पुलिस से उसने गांव जाने के लिए एस्कॉर्ट भी मांगी थी। इसके बाद पुलिस को उसपर शक हुआ और पकड़ लिया। उसे हिरासत मेंलेकर पूछताछ की जा रही है। युवक की पहचान हरीनगर शुगर मिल कॉलोनी निवासी जय शंकर झा के रूप में हुई है। इस सबंध में बताया गया कि मंगलवार को जय शंकर झा भारत सरकार और अपर कलेक्टर का बोर्ड लगी कार से एसडीपीओ कार्यालय पहुंचा और कहा कि वो एएसपी से मिलना चाहता था लेकिन वहां वे नहीं मिले। इसके बाद वह युवक रामनगर थाना पहुंच गया। थानाध्यक्ष ललन कुमार को उसने बताया कि मैं यूपी के लखीमपुर खीरी में एडीएम हूं। किसी गांव में जानेकी बात कहकर थानाध्यक्ष से पुलिस एस्कोर्ट की मांग की। बातचीत में थानाध्यक्ष को उसके एडीएम होने की बात पर शंका हुई। इसके बाद उन्होंने उससे सबंधित प्रमाण की मांग कर दी। युवक ने उनको एक आई कार्ड दिखाया जिस पर उसका नाम और पदनाम में एडीएम लिखा हुआ था। आई कार्ड फर्जी प्रतीत होने के बाद पुलिस ने उसको हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसने ज्वाइनिंग आदि से सबंधित अन्य कागजात भी दिखाए, जिसकी जांच की जा रही है।

बिहार के पांच प्रमुख शहरों में होगा मॉक ड्रिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत सरकार देश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार सतर्कता बरत रही है। इसी कड़ी में आज 7 मई को देशभर के चिन्हित सिविल डिफेंस जिलों में एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस अभ्यास को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी कर दी है। यह मॉक ड्रिल सिविल डिफेंस रूल्स, 1968 के तहत किया जाएगा, जिसका मकसद युद्ध जैसे हालात में नागरिकों और आपात सेवाओं की तत्परता को परखना है। इस अभ्यास में बिहार के पांच प्रमुख शहरों को शामिल किया गया है, जिनमें पटना, बरौनी, कटिहार, पूर्णिया और बेगूसराय शामिल हैं। इनमें से बेगूसराय को श्रेणी 3 में रखा गया है जबकि शेष चार शहर श्रेणी 2 में शामिल किए गए हैं। श्रेणियों के अनुसार, शहरों में मॉक ड्रिल की तीव्रता और व्यापकता निर्धारित की जाएगी। इन शहरों में युद्ध जैसी परिस्थितियों का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा ताकि लोगों में जागरूकता और प्रतिक्रिया क्षमता विकसित हो सके। इस मॉक ड्रिल में वास्तविक युद्ध जैसे हालात उत्पन्न किए जाएंगे। इसमें हवाई हमले के सायरन बजाए जाएंगे, शहरों की बिजली कुछ समय के लिए काट दी जाएगी और नागरिकों को नजदीकी शरण स्थलों की ओर ले जाया जाएगा। इस दौरान आम लोगों को गिरकर छिपने की तकनीक, प्राथमिक उपचार और मानसिक स्थिति को संभालने की जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा सामरिक महत्त्व की इमारतों को ढकने और सैटेलाइट से छुपाने जैसी गतिविधियाँ भी अभ्यास का हिस्सा होंगी। इस राष्ट्रीय मॉक ड्रिल में सिविल डिफेंस वार्डन, होम गार्ड्स, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र संगठन और स्कूल-कॉलेजों के छात्र शामिल होंगे। आपातकालीन सेवाओं की तत्परता को जांचने के लिए उन्हें सक्रिय रखा जाएगा। साथ ही, स्थानीय प्रशासन की भूमिका भी इस ड्रिल में बेहद अहम होगी। ड्रिल के दौरान यह देखा जाएगा कि आपात स्थिति में प्रशासन कितनी जल्दी और प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया देता है। इस अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि लोगों को आत्मरक्षा और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए स्कूलों, कार्यालयों और समुदाय केंद्रों में विशेष वर्कशॉप्स आयोजित की जाएंगी। इन वर्कशॉप्स में नागरिकों को यह सिखाया जाएगा कि हवाई हमले के दौरान कैसे सतर्क रहें, कहां छिपें और घायलों की मदद कैसे करें। इस मॉक ड्रिल में एक विशेष अभ्यास होगा, जिसमें रात के समय बिजली बंद कर दी जाएगी।



बिहार में आतंकी हमले की आशंका

पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के लिए जारी किया हाई अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पहलगाम में हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में जारी तनाव के बीच बिहार पुलिस ने सभी जिलों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है। एडीजी (कानून-व्यवस्था) कुंदन कृष्णन ने नेपाल से सटे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर विशेष निगरानी रखने और चेकिंग बढ़ाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी जिलों के एसपी को पत्र भेजकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने का निर्देश दिया है। इंटरनेशनल चेक पोस्ट और सीमावर्ती इलाकों में चेकिंग बढ़ाने को कहा गया है। अलर्ट में आईएसआई की संदिग्ध गतिविधियों को लेकर भी चेतावनी दी गई है। पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि आतंकी संगठन देश की आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं, खासकर राजनीतिक और धार्मिक व्यक्तियों को निशाना बनाकर। इसलिए भीड़-भाड़ वाले इलाकों, धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, मॉल, होटलों और एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी जाए। महाबोधि मंदिर (गया), पटना हनुमान मंदिर, पटना जंक्शन, पटना-गया-दरभंगा एयरपोर्ट, एनटीपीसी बाढ़, बरौनी रिफाइनरी, इंडियन ऑयल टर्मिनल सिपारा, गुरु गोविंद सिंह गुरुद्वारा जैसे स्थानों की सुरक्षा बढ़ाने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है। इसके लिए पटना के विधान सभा, विधान परिषद, सचिवालय और हाई कोर्ट जैसे संस्थानों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। साथ ही सभी बड़े होटल, स्कूल, हॉस्पिटल, ऑटो स्टैंड और रेस्तरां में भी सतर्कता बरतने को कहा गया है। पुलिस को सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म्स पर भी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं, खासकर उन वीडियो और कमेंट्स पर जो पहलगाम हमले से जुड़े हो सकते हैं। अलर्ट में विशेष रूप से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की बात कही गई है और जनता से अपील की गई है कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। इंटरनेशनल बॉर्डर पर आवाजाही करने वालों की पहचान की जा रही है। वाहनों की तलाशी ली जा रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ हो रही है। भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे रेलवे स्टेशन, मॉल, होटल, बस स्टैंड, धार्मिक स्थल और स्कूलों के आसपास गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस ड्रोन और सीसीटीवी की मदद से निगरानी कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि आतंकवादी संगठन किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

एनडीए के शासनकाल में बिहार को मिला विकास, समृद्धि और सम्मान : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि एनडीए के 20 वर्षों के शासनकाल में बिहार जहां विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ा वहीं आम बिहारियों में संवृद्धि आई व उन्हें देश के अन्य राज्यों में सम्मान मिलना शुरू हुआ। 2005 के पहले बिहारियों को देश के दूसरे प्रदेशों में अपनी पहचान छुपानी पड़ती थी। अपराध, अपहरण उधोग,भ्रष्टाचार, लूट-खसोट, ट्रेन व रोड डकैतियों तथा नरसंहारों के अंतहीन सिलसिलों की वजह से पूरे देश मे बिहार की छवि काफी खराब थी। श्री सुमन ने कहा कि यह वह दौर था जब लोग अपने घरों से निकलने में डरते थे। स्कूल गए बच्चों की सकुशल वापसी के लिए माएं दुआएं व मनौतियां मांगती थीं। शाम होने के पहले लोग सुरक्षित अपने घर लौट आते थे। देर रात पटना जंक्शन पर उतरने वाले यात्री सुबह होने तक स्टेशन पर रूकते थे। उन्होंने कहा कि 2005 में बिहार में जब बदलाव हुआ, एनडीए की सरकार बनी तो कानून का राज स्थापित किया गया। स्पीडी ट्रायल के जरिए अगले 3 साल में 76 हजार से ज्यादा आपराधिक मामलों में सजा सुनाई गई। अपराधियों पर नकेल कसा गया। फिरौती के लिए राजनीतिक संरक्षण में चलने वाले अपहरण उधोग पर अंकुश लगा। इससे लोगों में कानून के राज के प्रति भरोसा बढ़ा। सुशासन व न्याय के साथ विकास से बिहार की छवि बदली और आम बिहारियों को अपने बिहारिपन पर गर्व का अहसास होने लगा।

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम बघेल 10 मई को आयेंगे पटना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पार्टी के बड़े नेता एक-एक कर बिहार का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में अब छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 10 मई को पटना आ रहे हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बघेल यहां सैदपुर स्थित पटेल छात्रावास जायेंगे और छात्रों से बातचीत करेंगे। उनका यह दौरा पूरी तरह से कुर्मी समाज को साधने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती देने के मकसद से जुड़ा बताया जा रहा है। दरअसल, बिहार में करीब 4 फीसदी कुर्मी मतदाता हैं। इसीलिए कांग्रेस अब उन्हें साधने की मुहिम में जुट गई है। बघेल पटना में कुर्मी समाज के लोगों के साथ भी बैठक करेंगे और राहुल गांधी के विचारों को उनके सामने रखेंगे। उल्लेखनीय है कि कुर्मी मतदाताओं पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दबदबा है। ऐसे में माना जा रहा है कि बघेल युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा और राहुल गांधी की नीतियों से जोड़ने की कोशिश करेंगे। इसके बाद बघेल पटना में कुर्मी समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ एक बड़ी बैठक करेंगे जहां वे राहुल गांधी के विचार, योजनाएं और कांग्रेस की रणनीति को समाज के बीच रखेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार यह बैठक आगामी चुनावों के लिए कुर्मी मतदाताओं को कांग्रेस के पाले में लाने की एक अहम कड़ी मानी जा रही है। बिहार के युवाओं में कुर्मी समाज का बड़ा हिस्सा है। ऐसे में कांग्रेस उनकी नब्ज टटोलना चाहती है।

राज्य के तीन जिलों में वज्रपात से पांच लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त की

मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। वज्रपात से पटना जिले में 03, गया में 01 और अरवल में 01 व्यक्ति की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने आज ही मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। राजधानी पटना में मंगलवार को बीपीएससी शिक्षक अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। बीपीएससी टीआरई-3 के अभ्यर्थी सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर रहे थे। दरअसल मुख्यमंत्री आवास वीवीआईपी इलाका है और यहां किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन प्रतिबंधित है। ऐसे में वहां प्रदर्शन करने पर पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी। बताया जाता है कि सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग को लेकर टीआरई-3 के अभ्यर्थी मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे थे। शिक्षक अभ्यर्थियों के हाथों में पोस्टर-बैनर पर लिखा था, 'बीपीएससी टीआरई-3 सप्लीमेंट्री नहीं तो वोट नहीं', 'युवाओं का हक मारने वालों को वोट नहीं', सप्लीमेंट्री या फांसी दो। मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री आवास के गेट नंबर पांच के पास जाकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने उनको वहां से हटने की चेतावनी दी थी, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की बात नहीं सुनी। पुलिस के रोकने के बावजूद अभ्यर्थी प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे, तभी पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया और छात्र-छात्राओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। लाठीचार्ज के बाद शिक्षक अभ्यर्थियों को पुलिस ने मौके से हटा दिया। हालांकि अभ्यर्थियों की संख्या बहुत ज्यादा नहीं थी। वहीं, अभ्यर्थियों का कहना था कि पिछले चार महीने से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन न तो कोई देखने वाला है और न ही सुनने वाला ही कोई है। सरकार रिजल्ट देने के बदले लाठी बरसा रही है। इससे पहले अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री सुनील कुमार का पिछले दिनों घेराव किया था, तब शिक्षा मंत्री ने वहां से भागकर अभ्यर्थियों का पीछा छुड़ाया था। हालांकि उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया था कि सरकार को सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन अंतिम निर्णय बीपीएससी को ही लेना है। मंत्री के आश्वासन के बावजूद जब कई दिन बीत गए तो अभ्यर्थियों के धैर्य ने जवाब दे दिया और उन्होंने सीएम आवास का घेराव कर दिया। वहीं, महिला अभ्यर्थियों ने कहा कि हम सिर्फ एक मौका चाहते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमसे मिल लें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिला संवाद के लिए जाते हैं, लेकिन हम उनके घर आएं हैं तो वो हमसे नहीं मिल रहे हैं। एक अन्य महिला अभ्यर्थी ने अपनी मांगों के बारे में कहा कि बिहार में सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि बार-बार वैकेंसी आती हैं, लेकिन सीटें खाली रह जाती हैं। सरकार के पास सप्लीमेंट्री रिजल्ट है तो फिर आखिर इसे क्यों नहीं जारी किया जा रहा है? महिला अभ्यर्थियों ने कहा कि हम लोगों से कहा जा रहा है कि हम गर्दनीबाग जाएं, लेकिन वहां हमसे कोई मिलने नहीं आ रहा है। ऐसे में आखिर हम कहां जाएं? बीते 4 महीने से हमलोगों को कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। हालांकि शिक्षक अभ्यर्थियों के सीएम आवास तक पहुंचना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में बड़ी चूक माना जा रहा है। शिक्षक अभ्यर्थी गर्दनीबाग से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंच गए, लेकिन पुलिसकर्मियों को खबर तक नहीं हुई। इस दौरान सीएम नीतीश अपने आवास में ही मौजूद थे। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती हुई।

बिहार सहित पूरे देश में गुर्दा रोग से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क डायलिसिस सेवाएं उपलब्ध : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। सोसाइटी ऑफ रीनल न्यूट्रीशन एंड मेटाबोलिज्म, पटना का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का भव्य आयोजन स्थानीय मौर्या होटल में किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया। उन्होंने हमारे प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच और प्रयासों को रेखांकित करते हुए भरपूर प्रशंसा किया जिनके कारण बिहार सहित पूरे देश में गुर्दा रोग से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क डायलिसिस सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ये सेवाएं अब सभी जिलों में उपलब्ध हैं और मरीजों के जीवन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सम्मेलन के आयोजक पद्मश्री डा. (प्रो.) हेमंत कुमार तथा आयोजन सचिव डॉ. प्रितपाल सिंह (अतिरिक्त प्रोफेसर, नेफ्रोलॉजी, आईजी .आई , एम. एस. ने सम्मेलन के औचित्य पर प्रकाश डाला। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. (प्रो.) अमरेश कृष्ण, विभागाध्यक्ष, एम्स, पटना तथा अध्यक्ष, वैज्ञानिक समिति के स्वागत भाषण से हुआ। सम्मेलन में आये अतिथियों तथा देश के कोने-कोने से आये प्रतिभागियों, प्रतिनिधियों का स्वागत किया। आज के प्रमुख व्याख्यानों में शामिल थे- इंटरमिटेंट फास्टिंग एंड इट्स इफेक्ट्स ऑन हेल्थ डॉ. दीपांकर भौमिक, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी, एम्स नई दिल्ली, गुर्दे की बीमारी से ग्रस्त रोगियों में मोटापे का प्रबंधन डॉ. अश्वनी गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट, सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली, तीव्र गुर्दा रोग में पोषण- डॉ. श्याम बंसल, निदेशक, नेफ्रोलॉजी, मेदांता, नई दिल्ली, गुर्दा रोग में पौध आधारित आहार की भूमिका- डॉ. प्रज्ञा पंत, सह-प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी, रिम्स रांची, गुर्दा रोग के लिए पोषण मूल्यांकन उपकरण- डॉ. अर्चना सिन्हा, वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ गुर्दा कार्य में सुधार के लिए योग और व्यायाम की भूमिका- डॉ. एडविन फर्नांडो, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी, स्टेनली मेडिकल कॉलेज, चेन्नई।

भारत पाकिस्तान का पानी ही नहीं हवा भी रोकेगा: शाहनवाज हुसैन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर 'वॉटर स्ट्राइक' करते हुए सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इस पर जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने पाकिस्तान की वकालत करते हुए कहा कि पानी रोकना ठीक नहीं है। मदनी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि अभी तो सिर्फ पानी रोका है, भारत आगे पाकिस्तान की हवा भी रोकेगा। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मदनी के बयान की मैं निंदा करता हूं। यह बहुत ही आपत्तिजनक बयान है। पाकिस्तान खून-खराबा कर सकता है और हम उनका पानी भी नहीं रोक सकते? जमीयत उलेमा-ए-हिंद द्वारा दिए गए बयान से मुस्लिम समुदाय में भी गुस्सा है। पाकिस्तान ने जो हरकत की है, यह हमला सिर्फ भारत पर नहीं बल्कि, यहां के लोगों की रूह पर हमला था जिस तरह से धर्म पूछकर हमारे लोगों को मारा गया, आतंकवादियों का एक ही मकसद था कि भारत में रहने वाले हिन्दू-मुसलमानों को बांटा जाए, लेकिन देश एकसाथ खड़ा है और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाएगा। वहीं, मदनी कह रहे हैं कि अभी पाकिस्तान का पानी नहीं रोकना चाहिए। युद्ध नहीं होना चाहिए और अमन-चैन शांति बनी रहनी चाहिए। क्या उन्होंने कभी आतंकवादियों का विरोध किया? वहीं यूपी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के राफेल को मजाक बनाए जाने पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस देश के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहलगाम में धर्म पूछकर लोगों को मारा गया। पाकिस्तान ने धर्म के आधार पर बांटने की साजिश रची। कांग्रेस का दावा होता है कि वह सरकार के साथ हैं। लेकिन, इनके नेता कहते हैं कि युद्ध नहीं होना चाहिए। सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा जाता है। अजय राय राफ़ेल को खिलौना बता रहे हैं, हमारे राफ़ेल का मजाक तो पाकिस्तान उड़ाता है। कांग्रेस के नेता पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं।

राजधानी पटना समेत बिहार के 6 जिलों में आज माकड्रिल

शाम 7 बजे से 10 मिनट के लिए रहेगा ब्लैकआउट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पहलगाम हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनातनी को देखते हुए 7 मई को देशभर के 244 जिलों में मॉक ड्रिल की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को 7 मई को बड़े पैमाने पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के आयोजन का निर्देश दिया है। इस निर्देश के तहत राजधानी पटना समेत बिहार के छह जिलों में शाम 7 बजे से 10 मिनट के लिए ब्लैकआउट किया जाएगा। मॉक ड्रिल के समय सभी घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों की बत्तियां बंद रखी जाएंगी। तेज आवाज में सायरन बजाकर लोगों को सतर्क किया जाएगा। पटना में 80 जगह सायरन बजेंगे। सायरन सुनते ही नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। ड्रिल में हवाई हमले के संकेत पर लोगों को कैसे प्रतिक्रिया करनी है, इसकी जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह और पटना एसएसपी अवकाश कुमार ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी देते हुए लोगों से घबराने के बजाय सहयोग करने की अपील की है। राजधानी के सभी चौक चौराहों और प्रमुख स्थानों पर सायरन बजाए जाएंगे। लोगों को युद्ध के समय खुद को कैसे बचाया जाए इसकी जानकारी दी जाएगी।

भाजपा प्रवासी बिहारियों से चुनाव में आकर वोट डालने की करेगी अपील

150 जिला प्रभारियों को दी गई जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य से बाहर रह रहे करीब तीन करोड़ प्रवासी बिहारियों को मतदान के लिए बिहार बुलाने की योजना पर काम कर रही है। इसी को लेकर मंगलवार को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत भाजपा के प्रदेश कार्यालय में एक अहम बैठक हुई। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग व दुष्यंत गौतम की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय मंत्री, प्रदेश के प्रवक्ता और पदाधिकारी शामिल थे। बैठक में यह तय हुआ कि देशभर के 150 जिलों में जिला प्रभारी जाकर प्रवासी बिहारियों से जुड़ेंगे। भाजपा प्रभारी प्रवासी बिहारियों को चुनाव में बिहार में आकर वोट डालने की अपील करेंगे। इसके साथ ही प्रभारी प्रवासी बिहारियों का डाटाबेस भी तैयार करेंगे। सामान्य प्रवासी बिहारी और बड़े कारोबारी और इन्फ्लूवेंसर को भी जोड़ने का निर्देश दिया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि बैठक में संगठन पर चर्चा हुई। इसके साथ ही एक भारत श्रेष्ठ भारत और आने वाले चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा हुई। विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए दिलीप जायसवाल ने कहा कि एनडीए गठबंधन की एकता देखकर विपक्ष डिप्रेशन में चला गया है। उनकी हालत तराजू पर मेंढक जैसी हो गई है। एक चढ़ेगा तो दूसरा भागेगा। खिसियाई बिल्ली खंभा नोचे की कहावत उन पर बिल्कुल सटीक बैठती है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हालिया बयानों पर जायसवाल ने कहा कि ममता बनर्जी अपना मानसिक संतुलन खो चुकी हैं। उन्हें अपने राजपाट की चिंता है, लेकिन हम देश की रक्षा को प्राथमिकता देते हैं। देश विरोधी गतिविधियों को कहीं भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 140 करोड़ देशवासी इस बात की चिंता करें कि देश सुरक्षित रहे। ममता बनर्जी को भी यही करना चाहिए।

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की उच्चस्तरीय बैठक

संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने पर बल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा यात्री सुविधा, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में पावर प्वाईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उपलब्धियों एवं किये जा रहे कार्यों से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेल परिचालन में संरक्षा नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन का निर्देश दिया और कहा कि संरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिये।

कांग्रेस शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा करती है : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बीपीएससी 3.0 के सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे शिक्षक अभ्यर्थियों पर बर्बर लाठीचार्ज की कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कड़े शब्दों में निंदा की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने मांग की है कि 3.0 से संबंधित सभी रिक्त पदों का तुरंत पूरक परिणाम जारी किया जाए, अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज की न्यायिक जांच करवाई जाए और लाठीचार्ज के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आज एक बार फिर बिहार की भाजपा-जदयू सरकार ने साबित कर दिया कि वह युवाओं के भविष्य को लेकर कितनी असंवेदनशील है। 3.0 परीक्षा से जुड़े हजारों योग्य अभ्यर्थी आज मुख्यमंत्री से मिलने गए, लेकिन न्याय देने के बजाय, सरकार ने उन पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करवा दिया। महिला अभ्यार्थियों पर पुरुष पुलिस बल ने लाठीचार्ज किया, यह अत्यंत शर्मनाक, अमानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। कांग्रेस पार्टी इस घटना की कड़ी निंदा करती है। यह केवल छात्रों पर हमला नहीं है, बल्कि यह बिहार की उम्मीदों और भविष्य पर हमला है। राजेश कुमार ने आगे कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी छात्रों की मांग के साथ है और सरकार से मांग करती है की पूरक परिणाम तुरंत जारी किया जाए। बिहार की जनता सब देख रही है। भाजपा-जदयू सरकार की लाठी की चोट का जवाब, बिहार की जनता वोट की चोट से देगी। यह लड़ाई सिर्फ अभ्यर्थियों की नहीं, बल्कि हर उस युवा की है जो अपने सपनों को सरकारी तंत्र में खोता देख रहा है। कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ है और यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक न्याय नहीं मिल जाता।

अभ्यर्थियों के अनुसार, परीक्षा के दौरान कुल 87,774 पद पर बहाली निकाली गई थी, लेकिन परिणाम केवल 66,000 पदों के लिए घोषित किए गए।

पटना में इ-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी के नये स्टोर का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार और झारखंड में तेजी से विस्तार कर रहा ई-मेडिक्स अब पटना में भी विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। इसी क्रम में ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी ने सोमवार को बेली रोड स्थित बिहार फार्मेसी कॉलेज मोड़ पर अपने नये स्टोर का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य है– किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं को आम जनता तक सुलभ बनाना। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि राम कुमार, सह-संयोजक, सीमा जागरण मंच (आरएसएस) ने कहा 'ई-मेडिक्स जैसी संस्थाएं स्वास्थ्य सेवा की दिशा में प्रशंसनीय कार्य कर रही हैं। समाज को समय पर प्रमाणिक दवा की उपलब्धता मिलना अत्यंत आवश्यक है।' इस अवसर पर विधायक वीरेंद्र पासवान (रोसड़ा), सेवानिवृत्त आईएएस दयानंदन प्रसाद, डॉ. सचिन (डीएनबी ऑर्थो), अभिनव सोनू, उदय उज्ज्वल और रंजन कुमार भी उपस्थित रहे। ई-मेडिक्स गोला रोड फ्रेंचाइजी के स्वामी विवेक ने कहा हमारी प्राथमिकता सेवा है। हम हर ग्राहक को समय पर उचित मूल्य पर उच्च गुणवत्ता की दवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कंपनी के सीओओ और सह-संस्थापक दानिश अशरफ ने कहा हम केवल दवा विक्रेता नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्राहक के स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार हैं। यह स्टोर हमारे सेवा क्षेत्र को विस्तार देगा। इस अवसर पर वकार सिद्दीकी (जीएम), सौरभ प्रकाश (मार्केटिंग मैनेजर) तथा शशांक, विशाल और अंशु कुमार जैसे टीम सदस्य भी मौजूद रहे।

सही समय पर इलाज होने से बच सकती है जिंदगी : डॉ. सुदीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। वर्तमान समय में किडनी स्टोन और मूत्र रोग की बीमारी अधिकांश लोगों में नजर आने लगी है। बिहार में औसतन 70 प्रतिशत लोग बीमारी का जांच कराने से बचते हैं। अगर सही समय पर जांच और इलाज हो तो अधिकतर जिंदगियां बच सकती है। उक्त बातें संजीवनी लाइफ केयर हॉस्पिटल के वरिष्ठ यूरोलोजिस्ट डॉ. सुदीश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि अगर किडनी के रास्ते में रुकावट है, पेशाब उजला या ज्यादा आ रहा हो, पेट में दर्द हो रहा हो, भूख की कमी हो या पेशाब में खून आ रहा हो तो उसे मूत्र एवं किडनी स्टोन के लक्षण हैं जबकि रात को बार-बार पेशाब लगना, पेशाब रोक पाने में असमर्थ होना, पेशाब में रक्त एवं धात आना, पेशाब की धार में कमी होना आदि प्रोस्टेट के लक्षण हैं। डॉ. सुदीश ने कहा कि अगर इन सब लक्षणों को सही समय पर समझ कर उसका उपचार कराया जाए तो इसका इलाज संभव है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स पी.एम. इंजीनियर प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति चंद्रदीप पंडित जो एन.टी.पी.सी. बाढ़ में हेल्पर के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी- ममता देवी, पुत्री-चांदनी कुमारी, पुत्र- रिद्धि कुमार को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. चंद्रदीप पंडित की मृत्यु 29-07-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 454 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.13,620/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 1,22,580 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआई कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

बिहारी अस्मिता का प्रतीक बन गया है नवबिहार टाइम्स

नवबिहार टाइम्स पिछले साढ़े तीन दशकों से ज्यादा समय से औरंगाबाद ही नहीं बल्कि संपूर्ण बिहार की प्रतिनिधि आवाज बना हुआ है। इस अखबार ने न केवल पत्रकारिता के ऊंचे मापदंडों को कायम रखा है बल्कि आम जनों की पीड़ाओं, संघर्षों, सफलताओं और खुशियों को भी अपने स्वर दिए हैं। नवबिहार टाइम्स ने औरंगाबाद के एक छोटे से कस्बे से शुरू कर अपनी यात्रा को असीमित विस्तार दिया है। आज जब बड़े अखबार अपने अस्तित्व का संकट झेल रहे हैं वैसी स्थिति में नवबिहार टाइम्स ने जनता के भरोसे को जीत कर पिछले साढ़े तीन दशकों में अपना विस्तार किया है।

नवबिहार टाइम्स एक ऐसा अखबार है जो पूरी तरह से बिहारी अखबार है, जिसने बिहार की माटी में ही अपनी प्रारंभिक सुगबुगाहट शुरू की और आज वटवृक्ष भी बना है तो बिहार में ही अपनी जड़ों को फैला कर। इस प्रकार से नवबिहार टाइम्स बिहारी अस्मिता का भी प्रतीक बन गया है।

1987 में औरंगाबाद जिले के एक छोटे से कस्बे में एक युवा स्वप्नदर्शी पत्रकार कमल किशोर ने एक छोटी सी प्रिंटिंग प्रेस बिठाई थी जिसका नाम रखा गया था श्री रामकमल प्रिंटिंग प्रेस। इस प्रेस से पहली बार 18 नवंबर 1987 को एक टेबलॉयड साइज़ अखबार नव हलचल शुरू हुआ था। इस अखबार का उद्घाटन औरंगाबाद के तत्कालीन जिलाधिकारी देवाशीष गुप्ता ने किया था जो बाद में झारखंड के मुख्य सचिव बनकर रिटायर हुए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में औरंगाबाद के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिन्हा मौजूद थे जो बाद में सीबीआई के निदेशक होकर रिटायर हुए।

पहले यह समाचार पत्र पाक्षिक हुआ करता था लेकिन 28 मई 1990 को इसे निबंधन प्राप्त हुआ और निबंधन के साथ ही नया नाम मिला 'नवबिहार टाइम्स'। यह उस समय का दक्षिण बिहार का पहला दैनिक अखबार था। इसके पहले एक दो समाचार पत्र प्रकाशित हो रहे थे लेकिन वे पाक्षिक अथवा मासिक थे। 90 का दशक बिहार में किसी अच्छी शुरुआत के लिए तो बिल्कुल नहीं जाना जाता था और खासकर दक्षिण बिहार के बारे में यह धारणा थी कि मगध और शाहाबाद क्षेत्र साहित्यिक-बौद्धिक गतिविधियों के लिहाज से उतने उर्वर नहीं रह गए थे। लेकिन इन बातों को नवबिहार टाइम्स और उनके युवा संपादक कमल किशोर ने गलत साबित किया और 35 वर्षों के इस सफर में यह धारणा स्थापित हुई कि अगर पूरी लगन और मेहनत से कोई काम किया जाए तो सफलता मिलनी अवश्यंभावी है। एक जमाने में औरंगाबाद, शाहाबाद तथा मगध के कुछ अन्य जिलों में अपनी गिनी चुनी प्रसार संख्या वाला नवबिहार टाइम्स दिनों दिन आगे बढ़ता गया और इसने जल्दी ही पूर्ण अखबार का साइज ग्रहण किया।

बीच-बीच में कुछ विशेषांक तो रंगीन भी छपे लेकिन 2009 से यह अखबार पूरी तरह रंगीन कलेवर में सामने आया। उसी साल इसे डीएवीपी की भी मान्यता मिली थी। आज की तिथि में यह अखबार मगध क्षेत्र के सभी जिलों जैसे गया, नवादा, नालंदा, जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल के साथ-साथ शाहाबाद, रोहतास, भोजपुर, कैमूर, छपरा, सिवान, बेगूसराय, समस्तीपुर, दरभंगा, हाजीपुर, पटना आदि इलाकों तक विस्तृत हो चुका है। दिल्ली में भी यह अखबार पिछले कई सालों से लगातार पहुंच रहा है। इसका बोकारो (झारखण्ड) संस्करण भी शुरू हो चुका है और झारखण्ड में बेहद अल्प समय में इसने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

चार-पांच स्टाफ और गिने-चुने रिपोर्टरों से शुरुआत करने वाला यह अखबार आज 200 से ज्यादा सक्षम रिपोर्टरों, शानदार संपादकीय टीम, बिहार के जाने माने पत्रकारों की परामर्शदात्री टीम, बेहतर तकनीकी विशेषज्ञ, पेज डिजाइनर आदि की टीम से लैस है और इसने अपनी विशिष्ट पहचान कायम की है। पिछले 35 वर्षों से लगातार छपते रहने वाला यह भारत का दूसरा मध्यम श्रेणी का अखबार है। आज नवबिहार टाइम्स के पाठकों की संख्या लाखों में है और इसने अपना वेब पोर्टल भी शुरू किया है। कुछ दिन पहले जब नवबिहार टाइम्स में लोक गायिका मैथिली ठाकुर का इंटरव्यू छपा था तो इसके डिजिटल संस्करण को 24 घंटों में ही लाखों लोगों ने देख लिया था। यह किसी भी अखबार के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। जो लोग कभी अखबार के प्रकाशन की इस पहल को असंभव सा कार्य मानते थे आज वह खुद नवबिहार टाइम्स की उपलब्धियों से चमत्कृत हैं।

इस संबंध में नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर का कहना है कि इस पूरे सफर में उन्हें जिस तरह से स्थानीय लोगों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों और आम लोगों का साथ मिला वह बेहद महत्वपूर्ण था और इसी ने उन्हें प्रेरणा दी कि वे इस कार्य को यहां तक ले आयें। आज की तिथि में लोग इस अखबार को केवल अखबार नहीं बल्कि अपने परिवार का सदस्य मानते हैं और यही भावना ही इस अखबार की सबसे बड़ी ताकत है। नवबिहार टाइम्स हमेशा सकारात्मक पत्रकारिता को लक्ष्य बनाकर चलता रहा है तथा विकास के पक्ष में जो भी आवाज उठी है उसे हमने शक्ति दी है।

● नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


रजि. नं. : 03-04175
सासाराम फाइनेंस कं०
(प्रा०) लि०
प्रधान कार्यालय :जी. टी. रोड, सासाराम
आसान किस्तों पर—स्कूटर, फ्रिज, जनरेटर, मारुति, 407 एवं अन्य - इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएँ उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स
निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक
वर्ष ४ अंक- १२४बारून (औरंगाबाद) ११ अप्रैल ९४ (डाक १२ अप्रैल ९४) फोन नं० ४१२१/४१२२ रजि० नं० ५२२६०/९०

भोजन को अधिक स्वादिष्ट बनाने के लिए सदा प्रयोग करें
चन्द्रफूल फोन : ४१०७
शुद्ध पाउडर मसाले
जलजीरा, सब्जी मसाला एवं उच्च कोटि के शुद्ध पाउडर मसाला के निर्माता—चन्द्रफूल स्वाईस उद्योग ब्लॉक मोड़, बारून (औरंगाबाद)
मूल्य—१ रुपया

सबकी भागीदारी से ही बिहार शिक्षा परियोजना का कार्यान्वयन संभव

शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के उद्घाटन समारोह में शिक्षा आयुक्त के विचार

कमल किशोर
रामगढ़ (रोहतास), १० अप्रैल
राज्य के शिक्षा आयुक्त एवं बिहार शिक्षा परियोजना के निदेशक एस० विजय किशन ने कहा है कि प्राथमिक शिक्षा स्तर में गुणात्मक परिवर्तन लाने और सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों में बदलाव लाने के उद्देश्य से रोहतास जिले में आरंभ की गई बिहार शिक्षा परियोजना का कार्यान्वयन जिला सबकी भागीदारी के बिना नहीं है और इसमें प्राथमिक शिक्षकों की विशेष भूमिका निभानी है। श्री विजयकिशन आज भारत सरकार के उपक्रम फार्माइट्स फार्मास्यूटिक्स एंड केमिकल्स लिमिटेड के प्रयासों से स्थापित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन कर रहे थे।

शिक्षा आयुक्त ने बिहार शिक्षा परियोजना की शिक्षा इकाई एवं शिक्षा के सार्वजनीकरण के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा में पहुंच एवं भागीदारी से 'सबके लिए शिक्षा' का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है, अतः ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को इसके प्रति आगृत करने की जरूरत है।

समारोह के आरम्भ में आगंतुकों का स्वागत करते हुए पी. पी. सी. एल के कार्यकारी निदेशक एवं शिक्षा परियोजना की जिला कार्यसमिति के वरीय सदस्य सच्चिदेव प्रसाद ने कहा कि बिहार शिक्षा परियोजना के सफल कार्यान्वयन में पी. पी. सी. एल अपने स्तर से हर सम्भव सहयोग करेगा और इसके किसी भी कार्य में पीछे नहीं हटेगा।

समारोह में उपविकास आयुक्त एवं कार्यक्रम समन्वयक राजेश भूषण ने शिक्षा परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आयोजक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इसके पूर्व शिक्षा आयुक्त ने अकबरपुर में निर्माणाधीन प्राथमिक उर्दू विद्यालय में आयोजित एक समारोह में भाग लिया तथा महिला कुटीर शाहपुर का शिलान्यास किया।

पी०पी०सी० एल के अतिथिशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिक्षा आयुक्त ने जानकारी दी कि बिहार शिक्षा परियोजना राज्य के 9 जिलों में चलायी जा रही है जिसके तहत करीब 2 हजार प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा करीब 2 लाख अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों में नामांकन दर में काफी वृद्धि हुई है।

उक्त कार्यक्रमों में यूनिसेफ के पटना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख श्रीगोपाल टी० मेनन, डिहरी के एम० डी० ओ गोपाल दास, महिला समाख्या जिला प्रभारी सिस्टर सबिना साधनसेवी गुंजन सिंह सहित जिले के शिक्षा विभाग के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

डी० के० शर्मा लेबर सेल के अध्यक्ष बने

हसपुरा (नि. स.)। मजदूर नेता एवं गोह के पूर्व विधायक डी. के. शर्मा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के लेबर सेल के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के कदम का हसपुरा के प्रमुख आरिफ रिजवी डा० सत्यदेव सिंह, कामता प्रसाद कुशवाहा एवं मो० शहनवाज खां ने स्वागत किया है।

औरंगाबाद के पास बस यात्रियों से लाखों की लूट

औरंगाबाद, १० अप्रैल (न.प्र.)। आज अहले सुबह जमोदया मोड़ के पास सशस्त्र लुटेरों के एक गिरोह ने औरंगाबाद से पटना जा रही एक निजी बस अपोलो ट्रांसपोर्ट को रुकवा कर यात्रियों से लाखों रुपये की सम्पत्ति लूट ली और आराम से चलते बने।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह ४ बजे के करीब बस जैसी ही जमोदया मोड़ के पास पहुंची, अपराधी बस के अन्दर घुस गए और पिस्तौल की नोक पर यात्रियों से उनकी सारी सम्पत्ति लूट ली।

डकैती के बाद बस चालक बस को नवरु थाना ले गया जहां घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इस सिलसिले में अब तक किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं है।

मिलावटी सामानों की ऊंची दर पर बिक्री से उपभोक्ता परेशान

औरंगाबाद (न.प्र.)। उपभोक्ता वस्तुओं में अप्रत्याशित मूल्य वृद्धि एवं मिलावटी सामग्रियों की धड़ल्ले से हो रही बिक्री से यहां के उपभोक्ता परेशान है।

यहां दिन-ब-दिन प्रत्येक वस्तु के मूल्य में बेतहाशा वृद्धि होती जा रही है। मूल्य वृद्धि की मार से मध्यम एवं गरीब तबके के लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। शादी विवाह लगन को देखते हुए व्यापारियों ने सब्जो से लेकर अनाज किराना, साबुनेत, कपड़ा सहित अन्य वस्तुओं के दाम बढ़ा दिये हैं। दूसरी ओर मिलावटी सामानों की भरमार ने हो रहे बिक्री में असली नकली सामानों को पहचानना कठिन हो गया है। आवश्यक जीवनोपयोगी वस्तुओं में मनमाने तरीके से बढ़ोतरी होने से आम लोगों के बजट बिगड़ गये हैं। माल मान हो रहे हैं वहीं वे उपभोक्ता सामानों के जोखन के साथ खिलवाड़ भी कर रहे हैं और प्रशासन ऐसा वस्तुओं की बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाने तथा इस गोरख धन्धे में संलग्न लोगों के विरुद्ध कारगर कदम उठाने में विफल है जिससे उपभोक्ताओं के शोषण एवं लोट देखा जा रहा है।

■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartimes.com ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार
वर्ष : 35, अंक : 263
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
22 फरवरी 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90
नवबिहार टाइम्स
अपना प्रदेश, अपनी बात

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं
1944: कस्तूरबा गांधी का निधन।
1974: पाकिस्तान ने बांग्लादेश को मान्यता प्रदान की।
1996: हथाला कांड ने भारतीय राजनीति में तूफान ला दिया।
1935: अमेरिका ने विमानों के व्हाइट हाउस के ऊपर से उड़ान भरने पर रोक लगाई।
1991: अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश ने इराक की हमला करने की चेतावनी दी।

जो लोग आपसे दूर होना चाहते हैं वो लोग सारा दोष सलाहों पर डाल देते हैं।

मुख्यमंत्री ने पटनावासियों को दिया 1404 करोड़ की योजनाओं का तोहफा, 623 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

हाईटेक होगी राजधानी पटना : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो
पटना। प्रगति यात्रा के चौथे चरण के आखिरी दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटनावासियों को 1,404.84 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने 623 विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पटना को पहला आधुनिक वेंडिंग जोन और हाईड्रोलिक मल्टीलेवल कार पार्किंग की सौगात दी। चूड़ा-मार्ग से बनाई जा रही इस पार्किंग में 150 गाड़ियां खड़ी हो सकेंगी। सड़क पार करने के लिए एफओपी, फरमकुआं में दो भव्य वेंडिंग मार्केट का उद्घाटन किया। वहीं आदित्यपुर-दीघा रोड स्थित राजीवनगर नाला और आर्यभट्ट नाला पर प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण करवाने का एलान किया। इसमें 150.99 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस रोड की लंबाई 4.26 किमी होगी। इसके निर्माण से दो लाख की आबादी को फायदा होगा। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने पटना को हाईटेक बनाने के लिए कई घोषणाएं भी कीं। साथ ही नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के हर क्षेत्र में काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा। पटना जिले में और कोई भी जगह होगी, जहां भी काम होगा वहीं पटना शहर में अवस्थित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रावासों की स्थिति का शिक्षा विभाग आकलन करायेगा एवं चरणबद्ध तरीके से उनका जीर्णोद्धार कराया जायेगा। इसके अलावा पालीगंज अनुमंडल में निर्वाचन कार्यालय परिसर, पाटलिपुत्र थाना से जेपी गंगा पथ के नौरंगा मोड़ तक के बीच वाले स्थान में पार्क एवं नागरिक सुविधाओं का विकास, रानीघाट से अठहत्था पथ तक सरपेंटाइन नाले पर एकल भवन के जीर्णोद्धार तथा पटना हाट एवं पार्किंग का निर्माण करने, नेहरू पथ के दोनों तरफ अण्डर मातहत नाले के साथ फोर लेन सड़क का निर्माण, राजीव नगर नाले का पक्कीकरण एवं उसके ऊपर सड़क का निर्माण, आर्यभट्ट नाले का पक्कीकरण एवं इसके ऊपर सड़क का निर्माण, गायघाट से जेपी गंगा पथ से जाजल रैम्प का निर्माण, पटना सहित दानापुर देवी तालाब का जीर्णोद्धार एवं पर्यटकीय सुविधाओं का विकास, कंगनघाट पर पटना साहिब गुरुद्वारा के निकट सरदीवाल पाकिंग का निर्माण, नेहरू पथ की दोनों तरफ पाटलि पथ से जोड़ने, मंदिरी नाला पर निर्माणाधीन फोर लेन सड़क को जेपी गंगा पथ से जोड़ने, पटना सहरी क्षेत्र में बिजली के तारों को चरणबद्ध तरीके से भूमिगत कराने एवं पटना शहर के पास एक नये अंतर्राष्ट्रीय सीएपलिड्ड एयरपोर्ट के निर्माण के लिए भारत सरकार से अनुरोध करने की बात कही। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने पटना जिले के लिए जेपी गंगा पथ को पश्चिम की ओर कोइलवर के पीर कुलर सिंह सेतु तक परवत और पुनपुनरा से जमीन अधिग्रहण करने की घोषणा की। इसके लिए रेलवे ने पूरा सहयोग किया है। रेलवे सहयोग की वजह से ही महाकुम्भ के लिए अयोध्या धाम जंक्शन का पुनर्निर्माण हो सका। इसके अलावा दीघा रेलवे साइडिंग से जुड़ी सड़क, पुनपुन-नौबतपुर-पथ-31 का चौड़ीकरण, एम्स गोलम्बर-जानीपुर-पुनपुनपुर-नेपा पथ का चौड़ीकरण, नौबतपुर लख पौना मार्ग से पुनपुन नदी पुल का निर्माण, पुनपुन-समनपुरा सड़क का चौड़ीकरण, (शेष पृष्ठ 8 पर)

महाकुम्भ के भव्य आयोजन में भारतीय रेल का कार्य अभिनंदनीय : योगी आदित्यनाथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो
नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में महाकुम्भ को लेकर भारतीय रेलवे के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल ने प्रयागराज जिले के सभी 9 रेलवे स्टेशनों का सौन्दर्यीकरण किया। उनका विस्तार कर उनमें हीलिंग्ड एरिया बनाए। 3000 से भी अधिक अस्थाई टेन ठहराव, नए प्लेटफार्म, भारतीय रेल का कार्य बहुत अभिनंदनीय है। बेहतर कंडिनेशन के माध्यम से रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, मंत्री श्री पीयूष गोयल जी, लगातार मेरे साथ बातचीत ही रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्री, महाप्रबंधक या डीआरएम स्तर के अधिकारी, सभी ने पूरी तत्परता के साथ इस पूरे आयोजन में सहभागिता निभाई है। उत्तर रेल ने महाकुम्भ में 1186 सीसीटीवी, डेढ़ लाख यात्रियों के लिए हीलिंग्ड एरिया, 24 घंटे की मॉनिटरिंग और कुशल ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए 48 डिजिटल टिकटिंग, बहुभाषी उद्घोषणाएं तैनात करवाना, इसके अलावा रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



उसको हम इस रूप में आगे बढ़ाने का काम कर पाएं। चला दें कि भारतीय रेल ने पहले 13,500 से अधिक ट्रेनों का संचालन किया था, जिसमें 13,000 कर्मचारियों और अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली के साथ प्रयागराज क्षेत्र में यात्रियों की सेवा में तत्पर रहा है। 1186 सीसीटीवी, डेढ़ लाख यात्रियों के लिए हीलिंग्ड एरिया, जिसमें 3500 से अधिक बिस्तर शामिल हैं, 13,000 कर्मचारियों और अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली के साथ प्रयागराज क्षेत्र में यात्रियों की सेवा में तत्पर रहा है। 1186 सीसीटीवी, डेढ़ लाख यात्रियों के लिए हीलिंग्ड एरिया, 24 घंटे की मॉनिटरिंग और कुशल ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए 48 डिजिटल टिकटिंग, बहुभाषी उद्घोषणाएं तैनात करवाना, इसके अलावा रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

रक्षिस समाचार

कार चालक ने तीन भाई-बहनों को कुचला

जक्कसर (नवादा) ब्यूरो)। शहर के सिकिलिया नहर के किनारे नेहरू नगर निवासी दिहाड़ी मजदूर रामलाल के सुपुत्र सुकुमार सुल्फर एक पर्दनाक हादसा हुआ। कुछ युवक कार चलाना सीख रहे थे, तभी अचानक चालक अनियंत्रित होकर तीन बच्चों को इस हादसे में 12 वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो छोटे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।

डॉक्टर समेत चार की सड़क हादसे में मौत

पूर्णिया (नवबिहार ब्यूरो)। सांसद पप्पू यादव के विश्वस्त दो डॉक्टर समेत चार की लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी लोग कुंभ नहाकर प्रयागराज से पूर्णिया लौट रहे थे। पास छतरी के दो गुटों में मारपीट एवं फायरिंग हो गई। इस दौरान 16 वर्षीय अमित कुमार की गोली लग गयी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य छात्र संजीत कुमार घायल हो गया। पुलिस ने हत्यारोपित को गिरफ्तार कर हत्या की गिरफ्तार किया है। छात्र की मौत के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और लोगों की काफी भीड़ जमा हो गयी। मृतक के पिता दिहारी मुफस्सिल थाना के सुअरा के पास हार्डवे को जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। सड़क पर आगजनी भी की गई है। एएसपी कोठा किरण कुमार ने बताया कि एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना पर पहुंचे पुलिस को पथराव में पिस्तौल भी बरामद हुआ है। मृतक अमित के सहपाठियों ने बताया कि गोली मारने वाला लड़का उसका क्लासमेट है।

मैट्रिक परीक्षार्थी की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो
दिहरी (रोहतास)। रोहतास जिले के भीड़ाडू थाना क्षेत्र में मैट्रिक परीक्षा में बैठने जा रहे छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक छात्र लोगी गांव निवासी स्व. हाडवे को बेर कर जमकर हंगामा किया। पटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी समझाइश की लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। पुलिस का कहना है कि उन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक छात्र अमित कुमार डिहरी के शेषु विगहा के रहने वाले मनोज यादव का पुत्र था। यह मामला सासाराम के संत अनन्त शर्मा हत्याकांड से जुड़ा बताया जा रहा है कि परीक्षा के दौरान नकल नहीं करने दी गई तो वह भड़क गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद भीड़ाडू थाना क्षेत्र के तारवंडी के पास अमित को गोली मार दी गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अभिषेक आनंद, सदर थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने बताया कि मृतक के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि गोली मारने वाले की पहचान कर ली गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

प्रदूषणमुक्त बिजली के साथ हजार करोड़ का मुनाफा दे रहा एनटीपीसी प्लांट : एल. के. बेहेरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो
औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड में स्थित एनटीपीसी का पहला थर्मल पावर प्लांट लगभग शून्य प्रदूषण से उत्पन्न बिजली के साथ प्रतिवर्ष लगभग 1000 करोड़ रुपए का मुनाफा दे रहा है। एनटीपीसी नवीनगर के मुख्य महाप्रबंधक-सह-परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा ने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित इस बिजली घर से उत्पादित बिजली लगभग प्रदूषण मुक्त है। उन्होंने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया ही संचालित की गई है। इसमें जो राख निकलती है वह है फिर भी इसकी चिमनियों से धुआं निकलता नहीं दिखा जा सकता, यानी कार्बन उत्सर्जन की मात्रा अत्यधिक कम कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्लांट प्रतिदिन अपनी संपूर्ण उत्पादन क्षमता से संचालित हो रहा है जिसकी कुल उत्पादन क्षमता 1980 मेगावाट है। उन्होंने बताया कि कंपनी के पास देश की अत्याधुनिक पावर प्लांट है इसलिए यहां उत्पादित बिजली भी काफी सस्ती है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में इस प्लांट की एक और उपलब्धि हासिल हुई है। यहां प्रतिवर्ष 34 लाख टन राख उत्पन्न होता है लेकिन यह संपूर्ण राख नेशनल हाइवे तथा अन्य सड़क निर्माण कार्य के लिए फ्री में दिया जाता है। इसके प्रकार प्लांट के ऐश डंप क्षेत्र में बिल्कुल राख नहीं है और एनटीपीसी का यह प्लांट राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने प्लांट के संचालन के बारे में बताया कि बिहार में 5000 से 2600 मेगावाट बिजली की डिमांड राज्य में स्थापित एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं से एनटीपी अलग-अलग समय पर है। यह डिमांड 24 घंटा पहले प्लांट को उपलब्ध करा दी जाती है और उसके हिसाब से प्लांट से बिजली का उत्पादन किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्लांट लगातार समय प्लांट अपना सहयोग उत्पादन देता रहा है कार्य कर रहा है। कोयले की उपलब्धता के बारे में उन्होंने बताया कि नियम के अनुसार 20 दिनों का प्रतिदिन कोयला स्टॉक रहता है और फिलहाल एनटीपीसी नवीनगर के पास इतने दिनों का कोयला भंडार है और इस प्रकार कोयले से संबंधित अभी कोई समस्या नहीं है। यहां बिजली उत्पादन के लिए देश के कोयला खदानों में उत्पादित कोयला का ही प्रयोग किया जा रहा है और किसी भी प्रकार के विदेशी कोयले की आपूर्ति नहीं की जा रही है। उन्होंने इस प्रकार इस प्लांट से बिजली मुहैया की भी चर्चा हो रही है। बातों के दौरान एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सत्य भूषण भी उपस्थित थे।

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर
हार्दिक बधाई


रंजन सिंह
पूर्व प्रमुख, बारून
नेता-जन सुराज पार्टी


अर्चना चन्द्र
नेत्री-जन सुराज पार्टी
पूर्व प्रमुख, बारून
औरंगाबाद (बिहार)

हमारा संकल्प : नवीनगर विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास



आम जनों के लिए उम्मीद और हौसले का नाम प्रमोद सिंह

रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी, वरिष्ठ समाजसेवी तथा लोजपा रामविलास के प्रदेश महामंत्री प्रमोद कुमार सिंह न केवल रफीगंज विधानसभा क्षेत्र बल्कि पूरे औरंगाबाद जिले के लिए पिछले एक दशक से लोगों की उम्मीद और हौसला बनकर उभरे हैं। लोगों ने प्रमोद सिंह के रूप में एक ऐसा व्यक्तित्व पाया है जो उनके हर दुख-दर्द में, सुख में या संघर्ष में, हर पल समर्पित रहने वाला नाम है।

प्रमोद कुमार सिंह ने भी पिछले एक दशक में स्वयं को जनता के हित के लिए समर्पित कर दिया है और आज प्रमोद कुमार सिंह सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके के लोगों के दुख-दर्द और तकलीफों के अकेले साथी बने नजर आते हैं। इतना ही नहीं कहीं अगर सरकार या तंत्र के खिलाफ कोई मजबूत आवाज उठती है तो वह भी प्रमोद कुमार सिंह की होती है। अगर अपराधों में वृद्धि हो या पेयजल की समस्या हो तो सबसे प्रखर और मजबूत आवाज प्रमोद सिंह की ही होती है। इसलिए लोगों को उनसे इतनी ज्यादा उम्मीदें हैं।

आज स्थानीय लोगों में से हर एक के पास प्रमोद कुमार सिंह से जुड़े ऐसे किस्से हैं जो बताते हैं कि किस तरह प्रमोद सिंह इस क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में न केवल साथ खड़े रहे बल्कि उनकी हर संभव मदद भी कर रहे हैं। प्रमोद कुमार सिंह आज किसी संवैधानिक पद पर नहीं है लेकिन जनता के दिलों दिमाग पर राज करने वाले इस व्यक्तित्व के सहयोग की बदौलत न जाने कितनी छोटी बड़ी योजनाएं विभिन्न ग्रामीण अंचलों में संचालित हो रही हैं, न जाने कितने गरीब गुरबा लोगों को शादी विवाह से लेकर जन्म मरण तक में आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है।

उल्लेखनीय है कि मदनपुर प्रखंड के कमात गांव के प्रमोद कुमार सिंह को समाज सेवा की प्रेरणा अपने पिता शंकर दयाल सिंह से मिली थी। शुरुआती जीवन में प्रमोद कुमार सिंह ने काफी संघर्ष और आर्थिक अभाव भी देखे लेकिन इन्हीं संघर्षों ने और अभावों ने उन्हें आम लोगों के दुख दर्द को अच्छे तरीके से समझने की शक्ति प्रदान की। आज यही वजह है कि वह लोगों की पीड़ा को न केवल भली-भांति समझते हैं बल्कि उसे दूर करने के लिए खुद भी बेचैन हो जाते हैं। प्रमोद सिंह का कहना है कि राजनीति, धर्म, जाति इन सब से ऊपर उठकर इंसानियत है और उन्हें निस्वार्थ भाव से इंसानियत की मदद करने में काफी सुकून मिलता है। जनसेवा को अपना धर्म बना चुके प्रमोद सिंह शायद इसीलिए हर तबके में स्वीकार्य बनते जा रहे हैं।

प्रमोद कुमार सिंह ने वर्ष 2020 का विधानसभा चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रफीगंज से लड़ा था और 56 हजार से अधिक मत लाने वाले व बिहार के दूसरे निर्दलीय प्रत्याशी थे। यह शायद जनता से उनके इसी जुड़ाव का परिणाम था। आज यह पूरे जिले में सेवा और सहयोग का प्रतीक बन चुके हैं जिन पर लोगों की अटूट आस्था है। कोरोना लहर में भी प्रमोद कुमार सिंह के सेवा का जज्बा न रूका और वह सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में लोगों के दुख दर्द और तकलीफों के साथ ही बने नजर आए। लॉकडाउन के दौरान उपजी विषम परिस्थितियों में भी महामारी के आतंक और आर्थिक तंगी के बीच प्रमोद कुमार सिंह का ही लोगों को सबसे बड़ा सहारा मिला। उन्होंने न केवल गांव-गांव में घूमकर प्रत्येक व्यक्ति का हालचाल लिया बल्कि आवश्यकता के अनुसार हर संभव मदद भी करते रहे।

प्रमोद कुमार सिंह से जुड़ी एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने निस्वार्थ भाव से ऐसे पीड़ित परिवारों को संकट की घड़ी में मदद का हाथ पहुंचाया जब उनके पास मदद के तमाम रास्ते बंद थे। बहुत से लोगों ने अपने किसी परिजन को की मौत के बाद खुद को असहाय और कमजोर पाया लेकिन इस दुख की घड़ी में प्रमोद सिंह उनके लिए सांत्वना और मदद लेकर पहुंचे, उनका हौसला बढ़ाया और आर्थिक सहयोग भी किया। अभी लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राज्य स्तरीय नेता के रूप में प्रमोद कुमार सिंह चिराग पासवान के 'बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट' के विजन को आगे बढ़ाने में लगे हैं। उन्हें लगता है कि बिना लोगों को रोजगार दिए, बिना बिहार के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त किए, बिहार को मजबूत नहीं बनाया जा सकता। बिहार की जो श्रम शक्ति अन्य राज्यों को विकसित करने में लगी है उसे बिहार में वापस लाना होगा और उसका प्रयोग बिहार के विकास में करना होगा। यह तभी हो सकेगा जब बिहार के लोगों को बिहार में ही रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे और उन्हें बेहतर शिक्षा, बेहतर जीवन स्तर मिलेगा। इसलिए वह चिराग पासवान के नेतृत्व में लगातार इन मुद्दों के समाधान के लिए कार्य कर रहे हैं। अगर बिहार में ही रोजगार मिले तो यह करोड़ों लोग अन्य राज्यों में इस तरह दर-दर की ठोकरें खाने को विवश नहीं होते।

प्रमोद कुमार सिंह का मानना है कि प्रवासी बिहारियों में सबसे बड़ी संख्या अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों की है। अगर इन्हें बिहार में ही रोजगार के पर्याप्त अवसर मिलते तो इन्हें अन्य राज्यों में जाकर काम करने की जरूरत नहीं होती। समाज सेवा के साथ-साथ राजनीति की नब्ज पर गहरी पकड़ रखने वाले प्रमोद कुमार सिंह मानते हैं कि राजनीति का एकमात्र उद्देश्य जनसेवा ही होना चाहिए। अगर आप अपने राज्य का विकास नहीं कर सके, अपने लोगों को र

शेखपुरा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी, नवादा में दिखा सियासी रंग

नवादा स्टेशन से रवाना हुई ट्रेन, हिसुआ विधायक को आमंत्रण न मिलने पर कांग्रेस ने जताई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को शेखपुरा से नई दिल्ली के लिए शुरू की गई सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन को नवादा रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ट्रेन को रवाना करने के लिए आयोजित समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता मौजूद रहे और श्रेय लेने की होड़ भी साफ नजर आई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजद विधायक विभा देवी, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, लोजपा (आर) जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, रालोमो के विनय कुमार मेहता सहित एनडीए घटक दलों के अनेक नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि यह ट्रेन सांसद विवेक ठाकुर की अद्वितीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि नवादा के विकास को लेकर उनका समर्पण ही उन्हें शीर्ष पर लाता है। इस मौके पर सांसद के सहयोगी रजनीश, भाजपा के जिला महामंत्री नंदकिशोर चौरसिया, तेजस सिन्हा, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिजीत सिन्हा, कोषाध्यक्ष विश्वास बिशु, कुंदन प्रभाकर, मंडल अध्यक्ष हरिकेश, राहुल चंद्रवंशी, जदयू नेता शशि कुमार शेष, प्रमिला देवी, मनोहर पासवान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इससे पूर्व वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन पर जमुई की भाजपा सांसद अरुणा देवी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर जदयू नेता अजय कुमार रविकान्त और भाजपा नेता प्रमोद कुमार 'चुन्नु' उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इस ट्रेन को सुबह 6 बजे ही रवाना किया जाना था, परंतु ट्रेन समय से नहीं पहुंची। इससे मौजूद लोग मायूस होकर लौट गए। बाद में दोपहर लगभग 2 बजे पुनः समय निर्धारित कर ट्रेन को रवाना किया गया।

श्रेय की राजनीति में उलझी शुरुआत, ट्रेन की स्थायीत्व पर सवाल

शेखपुरा से नई दिल्ली के लिए चलाई गई इस साप्ताहिक ट्रेन की शुरुआत के साथ ही श्रेय लेने की राजनीति भी तेज हो गई है। नवादा सांसद विवेक ठाकुर के समर्थक जहां इसे उनकी कोशिशों का परिणाम बता रहे हैं, वहीं जमुई सांसद अरुण भारती के समर्थकों का दावा है कि यह सफलता उनके प्रयासों से मिली है। अब निगाहें इस पर हैं कि यह ट्रेन नियमित रूप से चलेगी या केवल ग्रीष्मकालीन विशेष सेवा तक सीमित रहेगी।

हिसुआ विधायक को नहीं मिला आमंत्रण, कांग्रेस ने जताई नाराजगी

उधर, कार्यक्रम में हिसुआ की कांग्रेस विधायक नीतू कुमारी को आमंत्रण न मिलने पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस इंटक सेल के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने इसे कांग्रेस विधायक का अपमान करार देते हुए दोषी रेलवे अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब नवादा में राजद विधायक को निमंत्रण मिला, तो हिसुआ में कांग्रेस विधायक की अनदेखी क्यों की गई कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करेगी।

हनुमान नगर में एक ही रात तीन घरों में चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा, 6 मई। नगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया हनुमान नगर में सोमवार की रात चोरी की तीन वारदातों ने इलाके में सनसनी फैला दी। चोरों ने एक ही रात में तीन अलग-अलग घरों को निशाना बनाकर नकदी, जेवरात, मोबाइल और अनाज तक चुरा लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। बताया जाता है कि लग्न का मौसम होने के कारण कई परिवार देर रात तक बाहर थे और देर से लौटे। सुबह जब लोग जगे तो घरों के भीतर की स्थिति देखकर उनके होश उड़ गए। कझिया निवासी अशोक सिंह के घर में चोर छत के रास्ते घुसे और घर में रखे मोबाइल फोन, सोने का मंगलसूत्र, चैन, मनी पर्स सहित कीमती सामान लेकर फरार हो गए। इसी घर के पास एक अन्य मकान में भी चोरों ने वारदात को अंजाम दिया, जहां एक बच्चे से मोबाइल फोन छीन लिया गया। तीसरे घर में चोरों ने घर के भीतर रखे तीन बोरी गेहूं तक उठाकर ले गए।

पुलिस मौके पर, पर सुराग शून्य

घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन चोरों का कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला है।

किरायेदारों पर शक, जांच की अपील

स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि कई मकानों में ऐसे किरायेदार रह रहे हैं जिनकी कोई ठोस पहचान या दस्तावेज नहीं है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और मकान मालिकों को ऐसे लोगों की पृष्ठभूमि जांचने के निर्देश देने की मांग की है।

पुलिस ने भी अपील की है कि कोई भी मकान मालिक अपने किरायेदारों की पहचान सुनिश्चित करे और उनका आधार कार्ड व अन्य जानकारी नगर थाना में अवश्य जमा कराए।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स की पहली पाली में हरियाणा व दूसरी पाली में कर्नाटक व महाराष्ट्र आगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कबड्डी प्रतियोगिता में पूल ए में अंडर 18 महिला कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने 36 अंक एवं छत्तीसगढ़ मेंटर की टीम ने 23 अंक प्राप्त किया। पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा के टीम ने 37 एवं आंध्रप्रदेश की टीम ने 28 अंक प्राप्त किए। पूल बी में अंडर 18 पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में बिहार ने 36 अंक एवं राजस्थान ने 56 अंक प्राप्त किया। महिला कबड्डी प्रतियोगिता में ने बिहार की टीम ने 23 अंक एवं तमिलनाडु 33 ने अंक प्राप्त किया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के बारे में खेलो इंडिया यूथ गेम्स भारत सरकार एवं राज्य सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसकी शुरुआत 14 अक्टूबर 2017 को हुई थी। इसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। 2025 का संस्करण सातवां है और इसमें 27 खेलों को शामिल किया गया है। पहली बार यह प्रतियोगिता बिहार में हो रही है। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दूसरी पाली में कबड्डी प्रतियोगिता में पूल ए में अंडर 18 महिला कबड्डी प्रतियोगिता में पंजाब की टीम ने 32 अंक एवं छत्तीसगढ़ मेंटर की टीम ने 21 अंक प्राप्त किया। पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में कर्नाटक के टीम ने 43 एवं छत्तीसगढ़ की टीम ने 39 अंक प्राप्त किए। पूल बी में अंडर 18 पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में गोवा ने 25 अंक एवं महाराष्ट्र ने 50 अंक प्राप्त किया। महिला कबड्डी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम ने 51 अंक एवं असम ने 21 अंक प्राप्त किया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के बारे में खेलो इंडिया यूथ गेम्स भारत सरकार एवं राज्य सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसकी शुरुआत 14 अक्टूबर 2017 को हुई थी। इसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। 2025 का संस्करण सातवां है और इसमें 27 खेलों को शामिल किया गया है। पहली बार यह प्रतियोगिता बिहार में हो रही है।

मृतक के आश्रित को ग्रामीण बैंक ने किया बीमा राशि का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। अस्थावां प्रखंड के चुलिहारी निवासी स्व. अनीता देवी के आश्रित जीतेन्द्र मिस्त्री को बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय बिहारशरीफ के अंतर्गत शाखा उगावां द्वारा रूपए दो लाख प्रदान किए गए। स्व. अनीता देवी बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा उगावां में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में पंजीकरण करायी थी। उनकी आकस्मिक मृत्यु होने के कारण उनके नामिती जीतेन्द्र मिस्त्री द्वारा दो लाख का दावा के लिए आवेदन दिया गया। परिणाम स्वरुप दो लाख रूपए उनके खाता में प्राप्त हुआ।

पुलिस बल पर गोलीबारी मामले में दो और गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। बीते दिनों पुलिस पर गोलीबारी करने के आरोप में पुलिस ने फिर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फरार चल रहे अन्य आरोपितों के घर पर पुलिस ने न्यायालय से निर्गत गिरफ्तारी वारंट का इश्तिहार चिपकाया। इस मामले में हिलसा 2 डीएसपी इसलामपुर गोपाल कृष्णा ने पत्रकारों को बताया कि बीते दिनों 29 अप्रैल को इसलामपुर थाना क्षेत्र के बरडीह गांव के पश्चिम खंधा मे कुछ अपराधियों द्वारा एकत्रित होकर शराब पीने की पुलिस को सूचना मिली थी। पुलिस द्वारा सूचना के आलोक में छापेमारी कर अपराधियों को गिरफ्तार करने गए पुलिस वालो पर अपराधियों ने गोलीबारी करना शुरू कर दिया। जिसमें दो पुलिस पदाधिकारी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद नालन्दा पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के आदेश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठन किया गया। जिसमें पुलिस टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर इस घटना में शामिल दो अपराधियों को पुलिस ने जहानाबाद जिला के टेहटा थाना क्षेत्र धीरा बिगहा गांव से गिरफ्तार कर हिलसा न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार दोनों अपराधी इसलामपुर थाना क्षेत्र के रोहीणपर गांव निवासी महेंद्र यादव का पुत्र चंदन कुमार वही दूसरा इसी गांव का सत्येंद्र यादव का पुत्र किशु कुमार शामिल है। डीएसपी गोपाल कृष्णा ने बताया कि वही वही फरार चल रहे कई नामजद आरोपितों के घर पर पुलिस ने न्यायालय से निर्गत गिरफ्तारी वारंट का इश्तेहार चिपकाया गया है।

रजौली में 20 घंटे बिजली रही ठप, गर्मी और पानी की किल्लत से जनता बेहाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। प्रखंड मुख्यालय रजौली समेत आसपास के गांवों में बीते सोमवार की शाम से लेकर मंगलवार दोपहर तक करीब 20 घंटे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। इस लंबी कटौती से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। अंधेरे में डूबे घर, ठप इनवर्टर, सूखे नल और उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानियों को कई गुना बढ़ा दिया।

सोमवार की शाम तेज आंधी और बारिश के बाद बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिसके बाद मंगलवार दोपहर तक किसी प्रकार की स्पष्ट सूचना बिजली विभाग की ओर से नहीं दी गई। इस दौरान ना सिर्फ आम नागरिक, बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चे, शिक्षक, दुकानदार और इलेक्ट्रॉनिक्स व्यवसायी सभी बेहाल दिखे।

बिजली न रहने के कारण इनवर्टर जवाब दे गए, तो वहीं घरों की पानी टंकी भी सूख गई। लोगों को पीने के पानी तक के लिए मशक्कत करनी पड़ी। कई इलाकों में हैंडपंप और सार्वजनिक नलों पर लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बिजली विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप में लगातार अपडेट मांगे गए, लेकिन जेई से लेकर वरीय अधिकारियों तक किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। विभागीय संवादहीनता ने जनता की परेशानी को और बढ़ा दिया। हालांकि, बिजली विभाग में कार्यरत सुपरवाइजर मो. इरफान आलम ने बताया कि तेज आंधी और बारिश की वजह से कई जगह बिजली के तारों और खंभों पर पेड़ गिर गए, जिससे आपूर्ति बाधित हुई। वहीं, कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने कहा कि ह्लप्राकृतिक आपदा के कारण व्यवस्था प्रभावित हुई है, लेकिन बिजली बहाली के लिए टीम लगातार काम कर रही थी।

नवादा के हर द्वार पर दस्तक दे रहे डॉ अनुज सिंह, बोले -जाति-धर्म नहीं, विकास हमारी पहली प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



अब बदलाव की बयार आ चुकी है।

नवादा। विधानसभा चुनाव 2025 की आहट के साथ ही नवादा की सियासी ज़मीन पर हलचल तेज हो गई है। समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ अनुज सिंह लगातार गांव-गांव जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और लोगों से आशीर्वाद मांग रहे हैं। सोमवार को उनकी जनसंवाद यात्रा नारदीगंज प्रखंड के सहजपुरा, लोदीपुर जफरा और बीक्कू गांवों में पहुँची, जहां ग्रामवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ सिंह ने कहा,

मैं नवादा में जात-पात और धर्म के दायरे से ऊपर उठकर न्याय, विकास और बदलाव की राजनीति चाहता हूं। अब समय आ गया है कि नवादा के लोग एकजुट होकर अपने भविष्य को तय करें।

विकास की नई सोच के वाहक

डॉ अनुज सिंह कोई नए चेहरे नहीं हैं। वर्षों से शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में काम करते हुए उन्होंने मगध अंचल में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनके कार्यों की गूंज सिर्फ नवादा ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में सुनी जाती रही है। वे कहते हैं -

चुनाव आज की बात है, लेकिन सेवा तो वर्षों से कर रहा हूँ। अगर मौका मिला तो नवादा को नई दिशा देने का कार्य करूंगा।

जनता का उमड़ा जनसमर्थन

सहजपुरा, जफरा और बीक्कू गांवों में जैसे ही डॉ सिंह का काफिला पहुँचा, ग्रामीणों की भीड़ उनके स्वागत में उमड़ पड़ी। बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया, महिलाओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और युवाओं ने नारे लगाकर समर्थन जताया। स्थानीय निवासी सफीर खान ने मंच से कहा -

नवादा को अब एक नया नेतृत्व चाहिए। वर्षों से वही चेहरे, वही वादे और वही नतीजे।

समर्थकों की लंबी कतार

डॉ सिंह की इस यात्रा में सैकड़ों समर्थक शामिल थे। इनमें समाजसेवी, पूर्व जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, युवा नेता और ग्रामीण नागरिक बड़ी संख्या में शामिल रहे। जनसम्पर्क यात्रा में प्रमुख रूप से अनिल कुमार सिंह पसई, रविंद्र सिंह (पूर्व मुखिया), विजय रंजन, डॉ जेपी चौधरी, मौसम कुमार, अमित कुमार, चंदन कुमार, विपलेंद्र कुमार, सहित अनेक नामचीन चेहरे नजर आए।

जनता का उत्साह, विपक्ष की चिंता

डॉ अनुज सिंह की यह सक्रियता और जनता से सीधा संवाद उन्हें बाकी नेताओं से अलग बनाता है। उनकी साफ-सुथरी छवि और वर्षों की सेवा ने उन्हें गांव-गांव में लोकप्रिय बना दिया है। हर गांव में जब वे कहते हैं

बस एक बार मौका देकर देखिए

तो लगता है जैसे जनमानस खुद ब खुद बदलाव की ओर बढ़ रहा है।

इस यात्रा के बाद यह तय माना जा रहा है कि नवादा की सियासत में एक नई लहर आकार ले रही है। डॉ सिंह की ज़मीनी पकड़ और लोगों से जुड़ाव उन्हें संभावनाओं का एक मजबूत उम्मीदवार बनाते हैं।

डॉ अनुज सिंह के जनसंपर्क अभियान की खास बात यह है कि वे केवल प्रचार नहीं, संवाद करने निकले हैं। उनके शब्दों में उम्मीद की लौ है, और उनकी यात्रा में जनविश्वास का उजास। नवादा उन्हें एक विकल्प नहीं, बदलाव की संभावना मान रहा है।

जमीन विवाद में हिंसक झड़प, महिला की टूटी कमर, पावापुरी रेफर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। जमीन विवाद को लेकर मंगलवार सुबह रजौली थाना क्षेत्र के कुंडला मोहल्ला में जमकर लाठी-डंडे और कुदालें चलीं। इस बर्बर हमले में एक महिला नाजमा खातून गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनकी कमर टूट गई है। उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद मोहल्ले में तनाव और भय का माहौल बना हुआ है। घायल महिला के पुत्र मो. साकिब ने बताया कि विवादित जमीन उनके पूर्वजों के नाम से है, जिसका खाता संख्या 1110, प्लॉट संख्या 2330 है। इसी जमीन पर मलिक टोला निवासी मो. मुख्तार मियां और उनके परिजन जबरन कब्जा करने पहुंचे थे। बुनियाद खनने के दौरान महिलाओं से मारपीट की गई। हमले में नाजमा खातून की कमर टूट गई और अन्य महिलाओं को भी चोटें आईं। आरोपियों ने परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़ित पक्ष ने अंचलाधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

पीड़ितों का आरोप है कि घटना अंचलाधिकारी की मिलीभगत से हुई है। उन्होंने चार दिन पूर्व ही सीओ को लिखित आवेदन देकर जमीन विवाद के निपटारे की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई

पुलिस की तत्परता, दो आरोपित गिरफ्तार

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई। थानाध्यक्ष राजेश कुमार के निर्देश पर एसआई सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और दो आरोपियों - आफताब मियां और चांद मियां को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अंचलाधिकारी ने दी सफाई

इस बीच अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने सफाई देते हुए कहा कि मामले की सुनवाई जनता दरबार में की गई थी, जहां दोनों पक्षों ने अपने-अपने कागजात प्रस्तुत किए थे। उन्होंने बताया कि किसी भी पक्ष को निर्माण का आदेश नहीं दिया गया था और विवाद के समाधान के लिए न्यायालय जाने की सलाह दी गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी ओर से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं दी गई है। इस वारदात ने एक बार फिर ज़मीनी विवादों के कारण उत्पन्न होने वाली सामाजिक अशांति और प्रशासनिक लापरवाही को उजागर किया है। अब देखना यह है कि क्या पुलिस इस मामले में त्वरित न्याय सुनिश्चित कर पाएगी और क्या अंचल प्रशासन इस विवाद की निष्पक्ष जांच करवाएगा।

मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अस्थावां थाना क्षेत्र के अस्थावां गांव से मारपीट के एक आरोपित को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अस्थावां गांव निवासी रेशु कुमार के रूप में की गई है।

पूर्व विधायक कौशल यादव ने किया जनसम्पर्क



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के समर्थन में चुनावी मैदान में उतरे उनके पति व पूर्व विधायक कौशल यादव का गोविंदपुर विधानसभा सभा के कौआकोल प्रखण्ड में तूफानी दौरा लगातार जारी है। मंगलवार को पूर्व विधायक कौशल यादव ने लालपुर पंचायत के गुआघोघरा, लालपुर, दुमुहान, तेलियागढ़ी, मड़पो, भँवरकोल, बदरवातरी आदि गांवों में जाकर लोगों से मुलाकात किया एवं तमाम गलतियों को माफ करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से पूर्णिमा यादव को समर्थन देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि पूर्व की भांति वे क्षेत्र में जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर सभी समाज को साथ लेकर चलने का काम करेंगे। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, प्रमुख प्रतिनिधि व पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, उप प्रमुख नवीन यादव, रामाश्रय सिंह, लालपुर के मुखिया प्रतिनिधि बिनोद यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

पूर्व रेलवे

सं. एफ/एमएफजी/90 एफएमपी/2025 दिनांक: 05.05.2025. उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (एमएफजी), पूर्वी रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला- मुंगेर, बिहार-811214 निविदा सं. एफ/एमएफजी/90 एफएमपी/2025 के अंतर्गत ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। बोलीदाता अपनी बोलियाँ केवल समापन तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है एवं प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफ़र को अनदेखा कर दिया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के विरुद्ध बोली सुरक्षा के लिए केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान विधियों जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से मैन्युअल भुगतान की अनुमति नहीं है। **निविदा सूचना सं. एफ/एमएफजी/90एफएमपी/2025 दिनांक:** 05.05.2025, **कार्य का नाम:** एफएमपी वैगन को पूर्ण करने के लिए विभिन्न अवयव की आपूर्ति, फिटमेंट, स्थापना एवं कमीशनिंग जैसे कि सीबीसी एवं डीजी सहित सभी अवयव के साथ पूर्ण / तैयार अंडरफ्रेम, एयर ब्रेक पाइप एवं पाइप फिटिंग के साथ एयर ब्रेक उपकरण, एसएबी, एलएसडी जिसमें अंडरफ्रेम ब्रेक गियर एवं हैंड ब्रेक व्यवस्था, सीटीआरबी एवं इसका फिटमेंट शामिल है। बोगियां एवं पूर्ण वैगन पेंटिंग, (व्हील सेट जर्नल क्लीनिंग को छोड़कर, बोगियों की सेटिंग एवं व्हीलिंग और व्हील सेट रेलवे द्वारा प्रदान किया जाएगा) जिसमें 90 एफएमपी (12 एफएमपी ए-कार और 78 एफएमपी बी-कार) वैगन के लिए एकल सेट में क्रम सं. -1 से 7 तक शामिल हैं; **कार्य का स्थान :** पूर्वी रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार). पिन-811214; **विज्ञापित मूल्य :** रु.36,82,02,948.00; **बोली प्रणाली :** दो पैकेट प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय); **संयुक्त उद्यम :** जेवी की अनुमति; **निविदा दस्तावेज की लागत :** रु. 00.00; **बोली सुरक्षा :** रु. 19,91,000.00; **पूरा होने की अवधि :** 6 (छह) महीने; **निविदा समापन तिथि एवं समय :** 28.05.2025 को 17.00 बजे; **निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय :** 07.05.2025 को 12.00 बजे; **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन; **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है (www.ireps.gov.in www.er.indianrailways.gov.in के साथ हाइपरलिंक किया गया है)** एवं उप सीएमई (निर्माण) कार्यालय, पूर्वी रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर में किसी भी कार्य दिवस पर।

(MISC-51/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/04 दिनांक- 06.05.2025

डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025

[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय)]

नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण एवं डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE/PM/PMM)]-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)- 2025/03 दिनांक-30.04.2025 के अनुसार DCECE (PE/PM/PMM)-2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration की अंतिम तिथि 06.05.2025 निर्धारित है। **छात्रहित में DCECE-2025 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

(i)	Online Registration Closing Date	: **12.05.2025 (10.00 p.m.)**
(ii)	Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate	: **12.05.2025 (11.59 p.m.)**
(iii)	Online Editing of Application Form	: **13.05.2025 to 14.05.2025**
(iv)	Uploading of Online Admit Card	: **22.05.2025**
(v)	**Proposed date of Examination** (I) **PE**	: **31.05.2025**
	(II) **PM एवं PMM**	: **01.06.2025**

(2) दिनांक 12.05.2025 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में **यदि किसी अभ्यर्थी के Registered आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि हो गयी हो तो वे अपने भरे हुए Data को** (Email पता, Mobile No. एवं Identity type को छोड़ कर) **दिनांक 13.05.2025 से 14.05.2025 तक** "Online Application Portal of DCECE (PE/PMM/PM)-2025" Link पर Click कर अपने **Registration No. एवं Password से login करते हुए त्रुटि सुधार कर सकते हैं।** इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी ।

(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

जदयू प्रवक्ताओं और मीडिया सेल के अध्यक्षों का दो दिवसीय सेमिनार शुरू

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व बिहार प्रदेश अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेता हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं एवं मीडिया सेल के पदाधिकारी का दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ बोधगया के एक निजी होटल में किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा शामिल हुए। वहीं प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मुख्यालय प्रभारी चंदन सिंह सहित अन्य लोगों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ है। पूरे प्रदेश के मीडिया सेल के लोग शामिल हुए हैं। उनका दो दिन के ट्रेनिंग प्रोग्राम है। बिहार सरकार के मुख्यमंत्री का जो काम है, उसकी चर्चा पूरे बिहार में करना है। बिहार और केंद्र में जो डबल इंजन की सरकार है, उसमें जो विकास हुआ है, उसे लोगों को बताना है जो बिहार को मदद केंद्र से मिला है उस पर चर्चा करना है। आगे जो तीन सालों में काम होना है, उद्योग लगाना है, ये सब बातों को लोगों के बीच जाकर रखना है। वही तेजस्वी यादव के द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाईजैक वाले बयान पर कहा कि मुख्यमंत्री तो पूरे बिहार की यात्रा पर निकले हैं और आगे भी निकलेंगे। तेजस्वी यादव को अब कोई पॉइंट नहीं मिल रहा है। तेजस्वी यादव को ज्यादा चिंता हमारी पार्टी की है। तेजस्वी यादव अपना पार्टी को देखे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक सम्मानित नेता हैं वो अपनी बात करते हैं। तेजस्वी यादव अपनी पार्टी की बात नहीं करते हैं। वह हमारी पार्टी के बारे में बात करते हैं उनको पता है आगे रिजल्ट क्या होना है ? उनका जो पार्टी है परिवार से बाहर है क्या? उनका पार्टी परिवार का पार्टी है। उनके पार्टी में परिवार के बाहर कुछ नहीं है, सिर्फ परिवार में ही है और यह सब बात बिहार की जनता जानती है। उनको आगे भी सत्ता नहीं मिलने वाली है। वही चिराग पासवान के विधानसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह उनका अपना निर्णय है, उनकी अपनी पार्टी है और हर किसी को अधिकार है चुनाव लड़ने का। वह अपना निर्णय खुद ले सकते हैं। वहीं पहलगाम की आतंकी घटना पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पूरा देश खड़ा है जो उनका निर्णय होगा।

दो बाइकों की टक्कर में दो घायल, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय कोंच के पास दो बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल हो गए जिसे सीएचसी में इलाज उपरांत रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच के मध्य विद्यालय के पास गोह-गया मुख्य मार्ग पर आमने-सामने दो बाइकों की टक्कर में रंधीर कुमार ग्राम अहियापुर थाना-कोंच एवं राम एकबाल मांझी ग्राम-महरी, थाना-बंदेया, जिला-औरंगाबाद दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु भर्ती कराया गया जहां आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हैदर ने प्राथमिक उपचार उपरांत बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया।

शुभकामनाओं के साथ :

औरंगाबाद जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि.

औरंगाबाद (बिहार)

संचालित योजनाएं

- RTGS/NEFT की सुविधा
- Debit Card सुविधा
- दैनिक जमा योजना
- लक्ष्मी डिपोजिट
- Senoir Citizen Scheme
- Co-Operative Dhan Laxmi Saving Account
- Co-Operative golden Saving Account
- कृषकों को 7 प्रतिशत ब्याज दर पर के0सी0सी0 ऋण उपलब्ध कराना
- कृषकों द्वारा ससमय भुगतान करने पर 3 प्रतिशत ही ब्याज देय होगा।
- 1.4.2015 से 30.6.2015 तक एक मुश्त समझौता योजना।

गया नियोजनालय में 8 मई को जॉब कैंप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गया के सौजन्य से इंडिगो और विस्तारा आदि एयरलाइंस के लिए लोडर, हेल्पर तथा ड्राइवर उपलब्ध कराने वाली एजाइल एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी गया के नियोजनालय में 8 मई को जॉब कैंप लगाएगी। यह जॉब कैंप ड्राइवर, लोडर तथा हेल्पर सह सफाई कर्मचारी के 50 पदों के लिए आयोजित होगा। लोडर, हेल्पर सह सफाई कर्मचारी के 25 पदों के लिए दसवीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 17 हजार वेतन और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। हैदराबाद इनका कार्यस्थल होगा जबकि ड्राइवर के 25 पदों के लिए 10वीं पास एवं लाइट मोटर व्हीकल व हैवी मोटर व्हीकल वाले लाइसेंस होल्डर आवेदन कर सकेंगे। ड्राइवर के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 22,775 हजार सैलरी एवं अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। इनका भी कार्यस्थल हैदराबाद होगा। सहायक निदेशक(नियोजन), अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गया की रजिया इदरीसी ने इस संबंध में बताया कि 8 मई को यह जॉब लगाया जाएगा। जॉब कैंप का स्थल अवर प्रादेशिक नियोजनालय, केंडुई, गया (सरकारी आईटीआई के बगल में) होगा। पहली बार इस कंपनी के द्वारा गया में रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में इस जॉब कैंप में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को कहा है। सहायक निदेशक ने बताया कि अवर प्रादेशिक नियोजनालय की ओर से समय-समय पर ऐसे जॉब कैंप आयोजित किए जाते हैं जिससे बेरोजगारों को रोजगार मिल सके।

स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व ओबरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश का भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोंच। तिनेरी गांव में स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व ओबरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश का भव्य स्वागत मंगलवार को किया गया और उन्हें अंग वस्त्र प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। ग्राम तिनेरी निवासी युवा नेता सह अधिवक्ता शंभूनाथ यादव, रफीगंज के अधिवक्ता सूर्यदेव कुमार बबलू सहित ग्रामीणों ने पूर्व विधायक सोम प्रकाश एवं उनकी पत्नी शशि यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। पूर्व विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि वे उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं और आगे भी वे क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए काम करते रहेंगे। उन्होंने शंभूनाथ यादव के माता-पिता को कहा कि आपने नेक पुत्र को जन्म दिया है जो अच्छे कार्यों में हमेशा लगे रहते हैं और समाज सरोकार से जुड़े जन कल्याण करने पर विश्वास रखते हैं।



शुभकामनाओं के साथ...

सुधा

मिल्क और मिल्क प्रोडक्ट्स

वादा शुद्धता का

पेड़ा | चम-चम | रसगुल्ला | गुलाब जामुन | पनीर | दही | लस्सी | घी

Sudha Milk

देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्र. दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., बरौनी डेयरी

पो0 : बरौनी – 851 112 जिला : बेगूसराय (बिहार), दूरभाष 23 888, 9570900707 फैक्स :06279 232930 तार : COMFED

P.O.: Barauni– 851 112, Distt– Begusarai (Bihar) Phone : 232888, 9570900707 Fax : 06279-232930 Gram : COMFED

Email address: sudhadrmu@gmail.com and Website: www.sudhadrmu.com

दी पाटलिपुत्र सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि0

मदनधारी भवन, एस0पी0वर्मा रोड, पटना–800001

2025 अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष

सहकारी समितियाँ एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती हैं

बैंक में चालू योजनायें

- पाटलिपुत्र धन-वर्षा योजना (सावधि जमा @444 दिन)
- KCC 100% सूद माफ़ी योजना (7 साल या उससे अधिक समय से NPA खातों की 100% सूद माफ़ी)
- किसान क्रेडिट कार्ड योजना
- मोबाईल वैन से बैंकिंग सुविधाए
- बैंक के तीन शाखाओं (बांकीपुर, मसौढ़ी, बाढ़ शाखा) में लॉकर की सुविधा
- ई-स्टैम्पिंग की सुविधा
- ई-कोर्ट फी कलेक्शन की सुविधा
- आधार कार्ड आधारित भुगतान के प्रणाली से जुड़े, सरकारी योजना का लाभ उठाएं
- अब धन बाहर भेजना हुआ आसान RTGS/NEFT से है यह लाभ
- डेली डिपोजिट स्कीम की सुविधा
- संयुक्त देयता समूह द्वारा ऋण की सुविधा
- क्यू आर (QR) कोड की सुविधा
- सुक्ष्म बीमा सुविधा
- रूपे किसान कार्ड
- "सहकारिता में सहकार " का राष्ट्रव्यापी अभियान अन्तर्गत DMA/बैंक मित्र और m-ATM का संचालन
- एम-स्वास्थ्य (Tele-Medicine)
- Retail Loan सुविधा - Personal, Vehicle, Home, Business Loan

m-swasth

DMA/बैंक मित्र

Retail Loan सुविधा

संयुक्त देयता समूह (JLG)

कन्या समृद्धि योजना

DDS

KCC Loan

प्रबंध निदेशक

नामांकन सूचना

स्थापित: 1990

अपने क्षेत्र का देश का पहला मान्यता प्राप्त संस्थान

इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एण्ड रिसर्च

Health Institute Road, Beur, Patna-2 (Recognised by the Govt. of Bihar, RCI, IAP & ISPO | बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से सम्बंधन प्राप्त

Registration for Admission is going on into following courses in Academic Session 2025-26

Name of Courses		Eligibility
MPT	Master of Physiotherapy	BPT
BPT	(Bachelor of Physiotheapy)	I.Sc. (Bio)
B.OPHTH	(Bachelor of Ophthalmology)	I.Sc. (Bio)
BASLP	(Bachelor of Audiology & Speech Language Pathology)	I.Sc. (Bio)
BMLT	(Bachelor of Medical Laboratory Technology)	I.Sc. (Bio)
BRIT	(Bachelor of Radio Imaging Technology)	I.Sc.
D.Ed.	(Spl.Edu.) D.Ed. Special Education (HI)	10+2

LATERAL ENTRY & ABRIDGED DEGREE		Eligibility
ABPT	(Bachelor of Physiotherapy Abiridged)	DPT
BMLT (LE)	(Bachelor of Medical Laboratry Technology LE)	DMLT
B.OPHTH (LE)	(Bachelor of Ophthalmology LE)	D.OPHTH
BRIT (LE)	(Bachelor of Radio Imaging Technology LE)	D.X-Ray

FACULTY REQUIRED

- Anatomy
- Physiology • Pathology
- Orthopadic
- Surgery • Radiology
- MPT • MRIT
- M.Sc. MLT.
- Ophthalmology

Contact: 9264459295, 7070096603, 9709999603, 9431016169, 7488220012

Please visit: www.iiher.com

PATLIPUTRA VIDYAPEETH

Health Institute Road Near Central Jail & SBI, Anishabad, Beur, Patna-800 002

Affiliated to C.B.S.E. (10+2), New Delhi

ONE OF THE BEST LEADING SCHOOLS IN BIHAR

Our Greatest Natural Resourse is the Minds of Our Children

Online Registration & Admission open



SCHOOL FACILITIES

- Smart Classes
- Wi-Fi Campus
- Indoor & Outdoor Games
- Disciplined Environment
- Hostel & Day Boarding
- Swimming Pool
- Separate Labs
- Yoga Classes
- Music & Dance
- Infirmary & Girls Common Room
- Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility (All over Patna)
- Remedial Classes for Slow Learner
- Preparation for NEET, JEE & other competitive exams



डॉ. अनिल सुलभ
अध्यक्ष सह-निदेशक प्रमुख

ADMISSION OPEN: Rs. 15000/- only for Nursery to IX, Rs. 25000/- for Class XI including 1 month Fee

CONTACT US FOR ENQUIRY & REGISTRATION 7488412808, 9241939993, 9264459295 | www.patliputravidyapeeth.com

बुधवार की संध्या 10 मिनट के लिए जिले में रहेगा ब्लैक आउट

आपदा की स्थिति से निपटने को मॉकड्रिल आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश पर मंगलवार को डीएम तुषार सिंगला ने आकस्मिक आपदा से निबटने को लेकर जिलेवासियो से अपील की है। मंगलवार को कारगिल विजय सभा भवन में डीएम श्री सिंगला ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा की पड़ोसी देश से हो रहे तनाव को लेकर बुधवार को माक ड्रिल का आयोजन किया जायगा। जिसमे बुधवार को संध्या 7 बजे से 7 बजकर 10 मिनट तक के लिए जिले भर में ब्लेक आउट किया जायगा। 10 मिनट के लिए सभी जिलेवासी अँधेरे में रहेंगे। इसमें किसी को डरने की जरूरत नहीं है।



सभी लोग अपने घर के खिड़की दरबाजे बंद रखेंगे। किसी तरह की भी रौशनी उस वक्त नहीं दिखनी चाहिए। लोग अपने घरों में शान्ति पूर्वक बच्चो एवं परिजनों के साथ रहे। यह रिहल्सल इसलिए किया जा रहा है की आपदा की घड़ी में आप सुरक्षित अपने परिवार के साथ रह सके। बुधवार को किया जा रहा रिहल्सल एक छोटी सी प्रयास है। जिसमे सभी नागरिक को इस आपदा की जानकारी मिले। डीएम ने कहा कि आने वाले समय में हो सकता है की इस तरह की रिहल्सल को और व्यापक रूप में किया जा सकता है। बिहार में छह जिले को विशेष सतर्क रहने को कहा गया है। इसी श्रेणी में पटना, बेगूसराय, कटिहार, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज शामिल है। सरकार ने संवेदनशील जिले को लेकर बनाए गए कैटेगरी में बेगूसराय जिले के बरौनी को केटेगरी-2 एवं बेगूसराय को केटेगरी-3 में रखा गया है। इन जिलों को आपदा से निपटने के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बुधवार को संध्या 7 बजे ब्लैकआउट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूरे जिले में संध्या 7 बजे बिजली को बंद किया जाएगा। इसमें लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। यह एक रिहर्सल है। इस रिहल्सल का उद्देश्य यह है कि दुश्मन यदि किसी तरह का हवाई हमला रात में करने की कोशिश करता है तो रौशनी में वो आबादी समझकर बम बारी कर क्षति पंहुचा सकता है। लाइट नहीं रहने पर आक्रमणकारी को चिन्हित जगह की पहचान नहीं मिलती है। अंधेरा रहने के कारण वह दिग्भ्रमित हो जायगा। हमलोग खतरे से बच जायँगे। बुधवार को यह छोटा सा मॉक ड्रिल है। आने वाले समय में इस तरह के मॉक ड्रिल और भी अच्छी तरह से किए जाएंगे। लोगों को आपदा से बचने के लिए और भी जानकारिया दी जायगी। बिहार का एकमात्र जिला बेगूसराय है। जहा दो जगहों पर मॉक ड्रिल किया जायगा। जिसमे बरौनी एवं बेगूसराय शामिल है। प्रेस वार्ता के उपरान्त सायरन बजाकर ट्रायल भी किया गया।

माता जानकी हैं हमारी सांस्कृतिक पहचान

समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। त्याग, और एकनिष्ठ समर्पण की प्रतिमूर्ति माता जानकी सिर्फ पूजनीय देवी ही नहीं, हमारी सांस्कृतिक पहचान भी हैं। सिटी सेंट्रल स्कूल, भुईंधारा के सभागार में आयोजित जानकी प्राकट्योत्सव के अवसर पर सिटी सेन्ट्रन स्कूल ग्रुप के निदेशक संजीव कुमार पाण्डेय ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि धरती से जन्म लेकर पुनः धरती में समाहित होने तक उन्होंने आदर्श नारी के जो प्रतिमान स्थापित किए वे चिर अनुकरणीय हैं। मुख्य अतिथि डॉ रमेश झा, उप महापौर राम बालक पासवान और डॉ नरेश कुमार विकल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उपमहापौर श्री पासवान ने कहा कि माता जानकी ने मिथिला की नारी को गौरवान्वित ही नहीं किया बल्कि भारतीय नारी के लिए आदर्श स्थापित किया है। वहीं डॉ विकल ने अपने संबोधन में युवाओं से मिथिला की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

एक नजर

अध्यक्ष को दी गई बधाई

बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भाजपा बिहार प्रदेश के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के निर्देश पर पटना जिला ग्रामीण के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार को बनाए जाने पर बिक्रम के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालो में भाजपा नेता अतुल कुमार, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा, बिक्रम विधायक सिद्धार्थ सौरभ ,धमेन्द्र कुमार ,तेज नारायण शर्मा, अविनाश कुमार उपाध्याय, अभिषेक रंजन मोन्टी ,सतीश कुमार, लंकेश कुमार, सूर्य नारायण सिन्हा, नागेन्द्र कुशवाहा, योगेश तिवारी रजनीश तिवारी, श्री राम शर्मा, नीरज कुमार मनोज कुशवाहा ,नीरज तिवारी, नन्द किशोर शर्मा लाल बाबु सिंह, पंकज सिंह जितेन्द्र यादव ललन राम गोलू कुमार संधीर यादव पिन्टु कुमार, मनोज कुमार धनश्याम कुमार संजीत कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल हैं।

सनातन संस्कृति शक्ति की आधार हैं माता जानकी

समस्तीपुर/उजियारपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। मिथिला शिक्षा मंच सम्बद्ध अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् के संयोजक प्रो पी के झा प्रेम ने अपने आवास पवनांगण में आदि शक्ति माता जानकी जन्मोत्सव के शुभ अवसर मां जानकी के तैल चित्र पर माल्यार्पण तथा विधिवत पूजा अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया।इस अवसर पर अपने संदेश में प्रो प्रेम ने कहा कि माता जानकी हमारे सनातन संस्कृति के शक्ति के आधार हैं। माता जानकी त्याग, धैर्य और संयम की आधार हैं। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि वो हमारे मिथिला की बेटी रहीं हैं। उनके संस्कार,संयम और त्याग से हम सुसंस्कृत हैं। भारत सरकार जानकी जन्मोत्सव को राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाएं। इस अवसर पर सुमित सुमन, अभिनंदन, ईरा और गन्नू भाई भी उपस्थित थे।

आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम का आयोजन

समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। सोमवार को नगर निगम, समस्तीपुर के वार्ड संख्या 40 में स्थित प्राथमिक विद्यालय, भुईधारा परिसर में आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों के स्वागत सम्मान की औपचारिकता के बाद महापौर अनीता राम एवं नगर प्रबंधक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद, जिला द्वारा नामित पदाधिकारी एवं नगर निगम के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभा में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही नागरिक सुविधाओं जैसे कि सड़क, नाला, पार्क, स्ट्रीट लाइट, बहुउद्देशीय सम्राट अशोक भवन, घाट, मोक्षधाम, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज, जलापूर्ति के बारे में भी बताया गया। इस दौरान करीब 400 स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा किए। सभी मुद्दों को नगर निगम समस्तीपुर एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा ध्यानपूर्वक सुना गया और सूचीबद्ध किया गया।

मिजोरम की टीम ने बिहार को 6-1 से हराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। यमुना भगत स्टेडियम, खेल गांव बरौनी, तेघड़ा में बिहार एवं मिजोरम के बीच मैच खेला गया। वहीं आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में दिल्ली एवं झारखंड के टीमों के बीच मुकाबला हुआ। यमुना भगत स्टेडियम, खेल गांव बरौनी, तेघड़ा मे बिहार एवं मिजोरम के टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में मिजोरम की टीम ने बिहार को 6-1 से हराया। मिजोरम की ओर से पहला गोल लालरूआतिका ने 24वें मिनट पर किया, वरलालरामनखा ने 27वें मिनट पर दूसरा एवं 45+3 मिनट पर तीसरा गोल किया। हेनरी लालहेनजोवा ने 56वें मिनट पर चौथा गोल किया, सब्टीच्यूट के तौर पर आये जूडिनपूईया ने 90+4 मिनट पर पांचवा गोल किया। बिहार के कप्तान आयुष कुमार ने 31वें मिनट पर अपने ही गोल में एक गोल कर दिया, जिससे मिजोरम की टीम का स्कोर 6 हो गया। वहीं बिहार की ओर से एक मात्र गोल कप्तान आयुष कुमार ने 84वें मिनट में किया। बिहार के खिलाड़ी अजीत कुमार को 90वें मिनट में एक यलो कार्ड मिला। मिजोरम ने पहले हॉफ में 4 गोल किया एवं दूसरे हाफ में 2 गोल दागे, जबकि बिहार की टीम दूसरे हाफ में मात्र एक गोल कर सकी। आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में दिल्ली एवं झारखंड के टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले मे दिल्ली की टीम ने झारखंड की टीम को 1-0 से हराया। दिल्ली टीम के तरफ से पहले हाफ में टिकटैक सेखरी ने 45वें मिनट पर गोल दागा। झारखंड टीम द्वारा एक ही गोल नहीं किया जा सका। मैच काफी रोमांचक रहा, अंतिम समय तक झारखंड की टीम गोल करने का प्रयास करती रही, लेकिन सफल नहीं हो सकी। दिल्ली के दो खिलाड़ी श्रीतेन मेहरा को 53वें मिनट एवं कार्तिक को 62वें मिनट पर मैच रेफरी ने यलो कार्ड दिया। वहीं झारखंड की टीम के एक खिलाड़ी संजीव टुडू को 74वें मिनट पर यलो कार्ड मिला। दशकों की भीड़ ने दोनों स्टेडियम में खिलाड़ियों का खूब हौसल अफजाई किया, दोनों मैच रोमांच से भरा रहा, विजेता टीमें मे खुशी की लहर साफ़ दिखी ।

उड़ीसा ने 2-0 से पश्चिम बंगाल को किया पराजित

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत पुरुष के ग्रुप ए वर्ग की टीमों के बीच खेले गये दो मैच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। यमुना भगत स्टेडियम, खेल गांव बरौनी, तेघड़ा में उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल के बीच मैच खेला गया। वहीं आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में मेघालय एवं चंडीगढ़ के टीमों के बीच मुकाबला हुआ। यमुना भगत स्टेडियम, खेल गांव बरौनी, तेघड़ा मे उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल के टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में उड़ीसा की टीम ने 2-0 से पश्चिम बंगाल की टीम को हराया। उड़ीसा के खिलाड़ी वैकेटेश ओरम के द्वारा ही दोनों गोल दागे गये। पहला गोल 36 मिनट पर एवं दूसरा गोल 77वें मिन पर किया । वही दूसरी और पश्चिम बंगाल की टीम अपना खाता भी नहीं खोल सकी। इस मैच मे ओड़िसा ने पहले हाफ में एक गोल एवं दूसरे हाफ में एक गोल दागे। ओड़िसा के एक खिलाड़ी आकाश शाहो को मैच रैफरी ने 69वें मिन में यलो कार्ड दिया, जबकि पश्चिम बंगाल के चार खिलाड़ी यथा देवामोए चक्रवर्ती को 23वें मिनट, सुजौए पाल को 43वें मिनट, जाहिर हुसैन सरदार को 46वें मिनट एवं एसके जियोबुल हुसैन को 84वें मिनट में यलो कार्ड दिया। आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में मेघालय एवं चंडीगढ़ के टीमों के बीच हुए मुकाबले मे मेघालय ने चंडीगढ़ को एकतरफा रूप से 10-1 से हराया। मेघालय की टीम शुरू से ही अटैक करती रही और पहले 10 मिनट में ही दो गोल दाग दिये। मेघालय की तरफ से दामित्रे क्याजिंग ने 7वें मिनट में पहला गोल किया एवं बनगोनसोन ननजिपलिंग 10वें मिनट में ही दूसरा गोल करने मे सफल हुए। फिर एहसानबुक भुपंग ने 19वें मिनट में तिसरा, 44 मिनट में चौथा गोल एवं 53वें मिनट में पांचवा गोल किया। फिर सोहलिंस्टार स्यांकिल ने 60वें मिनट में छठा एवं लोविंगस्टार सुटिंग ने 62वें मिनट में सांतवा गोल किया। सब्टीच्यूट के तौर पर आये समबोरलंग लंगटे ने 77वें, 82वें एवं 87वें मिनट में आठवां, नवां एवं दसवां गोल दागा। वही दूसरी और चंडीगढ़ की टीम से खिलाड़ी नोडिट ने 47वें मिनट में अपना पहला गोल किया जो टीम की पूरे मैच मे एक मात्र गोल रही। मेघालय की टीम के लगातार गोल से चंडीगढ़ की टीम कभी मैच में आ ही नही सकी। दोनों स्टेडियम मे हुए दोनों मैच रोमांच से भरा रहा।

बिहार की लीची अब रेल मार्ग से पहुंचेगी मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार की विश्वप्रसिद्ध मीठी और रसीली लीची को अब देश के प्रमुख महानगरों तक ताज़ा अवस्था में पहुँचाने हेतु रेलवे ने एक महत्वपूर्ण योजना लागू की है। सोनपुर मंडल की इस पहल के अंतर्गत पवन एक्सप्रेस के साथ-साथ 6 अतिरिक्त मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में 24 टन क्षमता वाली पार्सल वैन जोड़ी गई है। इसका उद्देश्य मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर एवं अन्य क्षेत्रों से लीची को मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के बाजारों तक त्वरित और सुरक्षित रूप से पहुँचाना है। पिछले वर्ष अत्यधिक गर्मी व कम उत्पादन के चलते केवल 689 टन लीची ही भेजी जा सकी थी। इस वर्ष रेलवे ने 2000 टन लीची भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह योजना न केवल किसानों को देशभर में बेहतर बाजार उपलब्ध कराएगी, बल्कि उपभोक्ताओं को भी ताज़ा और स्वादिष्ट फल उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी।

अन्य गंतव्यों की ओर 1,256 टन लीची भेजने की योजना

मुंबई के अलावा, दिल्ली और अहमदाबाद जैसे प्रमुख बाजारों के लिए सभी उपलब्ध ट्रेनों के माध्यम से विगत वर्ष कुल 689 टन की तुलना में इस वर्ष कुल 2100 टन लीची भेजे जाने की योजना बनाई गई है।

किसानों और उपभोक्ताओं को होगा सीधा लाभ

इस पहल से एक ओर जहाँ बिहार के लीची उत्पादक किसानों को देश के प्रमुख बाजारों तक सीधी पहुँच मिलेगी, वहीं उपभोक्ताओं को भी रसीली, ताज़ा और स्वादिष्ट लीची समय पर एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध होगी। यह योजना कृषि परिवहन को नई दिशा देने वाली साबित होगी।

यूआर कॉलेज में दो दिवसीय सम्मेलन को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। यूआर कॉलेज, रोसड़ा में 17-18 मई को प्रस्तावित दो दिवसीय सम्मेलन को लेकर बिहार समाज विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर लाल बाबू यादव की अध्यक्षता में मंगलवार की सुबह 11 बजे आयोजन एवं शैक्षणिक परिषद की संयुक्त बैठक हुई।

बैठक में सम्मेलन की प्रगति पर चर्चा की गई। बिहार समाज विज्ञान अकादमी के महासचिव सह यूआर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य एवं चतुर्थ बिहार समाज विज्ञान कांग्रेस के संयोजक डॉ. घनश्याम राय ने बताया कि अब तक रजिस्ट्रेशन 170 हुआ है तथा सारांश लगभग एक सौ आया है। उन्होंने सम्मेलन के दायित्वों में लापरवाही एवं असावधानी पर नाराजगी जताई। डॉ राय ने कहा कि 06 मई से 17 मई तक ऑनलाइन 200/रूपए अतिरिक्त विलंब शुक्ल फ़ेक्लटी सदस्यों को लगेगा= 1500+200 =1700/ रिसर्च स्कॉलर को 600+100= 700/ रूपए (स्नातकोत्तर एवं डिग्री के छात्रों को मात्र 200/ रूपए रजिस्ट्रेशन फीस लगेगा। बैठक में प्रोफ़ेसर डीएम दिवाकर ने कहा कि तत्काल विभिन्न समितियों का गठन कर सभी कार्यों का बंटवारा कर दिया जाए। एकेडमिक काउंसिल के संयोजक महासचिव डॉ अनिल कुमार राय ने कहा कि सारांश की शुद्धता की जिम्मेदारी एकेडमिक कमेटी को दी जानी चाहिए। पटना विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के डॉ मनोज प्रभाकर ने कहा कि 17-18 मई को तकनीकी सत्र की जिम्मेदारी हमारी होगी। बैठक में एकेडमिक काउंसिल के संयोजक डॉ अरुण कुमार, प्रोफ़ेसर डीएम दिवाकर, डॉ शशि शेखर द्विवेदी, आयोजन सचिव डॉ रंजन कुमार, उप सचिव डॉ विनय कुमार, संरक्षक डॉ डीएम दिवाकर, डॉ प्रवीण कुमार प्रभंजन, डॉ अनुराग कुमार, रवि प्रकाश सूरज, डॉ श्याम सुंदर शर्मा, डॉ सुधीर कुमार, डॉ सौरव कुमार झा, खुशबू प्रभाकर, डॉ उमाशंकर साह, शोधकर्ता आस्था कुमारी आदि मौजूद थे।

शव दफनाने को लेकर बवाल, श्मशान और कब्रिस्तान को लेकर बढ़ा विवाद, फैसला 8 को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ओईनी। थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कोआडी में मोहम्मदपुर कोआडी निवासी अनिल सहनी के 6 वर्षीय पुत्र के शव दफनाने को लेकर दो समुदायों में जमकर बवाल हुआ। बवाल किसी बड़ी घटना में तब्दील होता इसके पूर्व ही पंसस प्रतिनिधि सह जदयू नेता पप्पू सिंह कुशवाहा की तत्परता से अंचलाधिकारी पल्लवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रविश कुमार रवि, थानाध्यक्ष ओईनी आनंद शंकर गौरव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय मुखिया संजीव कुमार सिंह एवं बुद्धिजीवियों की मदद से लोगों को समझा कर मामले को शांत कराया। इस बाबत जानकारी देते हुए जदयू नेता ने बताया कि पिछले मंगलवार 29 अप्रैल को श्मसान की भूमि से मिट्टी कटाई का स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किए जाने पर प्रशासन के सहयोग से तत्काल काम रोक का मामला शांत कराया गया था। मिट्टी कटाई के दौरान कई कंकाल निकले जिसके आधार पर दूसरे समुदाय के लोगों ने इस भूमि कब्रिस्तान बताते हुए दावा किया गया। जबकि श्री कुशवाहा ने बताया कि ग्राम पंचायत राज मोहम्मदपुर कोआरी अंतर्गत वार्ड-07 खेसरा सं0-2509, 4129 निजी भूमि है जिस पर श्मशान अवस्थित है। यहां कई बारह वर्षों से या कहें सैकडों वर्षों से एक समुदाय द्वारा शव जलाने व दफनाने का कार्य होता है। किन्तु उन्होंने बताया कि उक्त भूमि में महात्मा गाँधी रोजगार योजना के तहत बीते साल ही मिट्टी करण का कार्य किया गया था। मगर पूर्व में हुए हंगामें के बाद दूसरे समुदाय के लोग भूमि को कब्रिस्तान बताने लगे हैं। इस संबंध में अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को उक्त आशय की जानकारी दे दी गई थी। मौके पर पहुंचे पदाधिकारियों के पहल पर शव को दफना दिया गया।

कोऑपरेटिव बैंक ओबरा ने लगाया विशेष शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ओबरा। ओबरा के ऊब पैक्स स्थित रामपुर गांव में दी औरंगाबाद सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड शाखा ओबरा द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन का नेतृत्व शाखा प्रबंधक संतोष कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर काफी संख्या में पंचायत के विभिन्न गांवों के कृषक मौजूद रहे। जानकारी देते हुए कोऑपरेटिव बैंक के प्रबंधक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सरकार के द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के द्वारा कोऑपरेटिव बैंक के माध्यम से मिलने वाले लाभ आप सभी किसान हर हाल में लेना सुनिश्चित करें। शिविर के माध्यम से खाता धारी को खाता भी खोला गया तथा सरकार के उपलब्धि के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि कोऑपरेटिव बैंक से आप सभी लोग जुड़े तथा इसका फायदा लें। कहा कि सरकार भी बेहतर रूप से कोऑपरेटिव बैंक के माध्यम से



सुविधा उपलब्ध करा रही है इसी तरह पैक्स में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। कहा कि जिले के सभी पंचायत में सहकारिता विभाग के द्वारा विशेष शिविर चलाया जाएगा। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष आशा देवी, प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार बृजेश यादव, राम उपदेश सिंह, कांति देवी, प्रियंका देवी, ममता देवी, सुनीता देवी, संध्या कुमारी सहित मौजूद थे।

ओबरा बाजार में दिन में लोडिंग अनलोडिंग होने से जाम की स्थिति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ओबरा। मुख्य बेल रोड से लेकर मुख्य बाजार तक दिन में ही लोडिंग अनलोडिंग होने से जाम की स्थिति बनी हुई है। लग्न के समय होने के कारण ओबरा में जाम से लोग परेशान हैं। वही दिन में ही ट्रक एवं छोटे माल वाहक गाड़ियों के द्वारा लोडिंग अनलोडिंग होने से लोगों में काफी परेशानी होती है। यहां तक की जाम की स्थिति होने के कारण लोग जल्दीबाजी में यहां से निकलने में कई सड़क दुर्घटना में लोग शिकार भी हो रहे हैं। लेकिन प्रशासन की नींद नहीं खुल रही है। कई बार थाना स्तर एवं अंचल स्तर से व्यवसाय लोगों को दिन में 10 बजे से लेकर 4 बजे तक लोडिंग अनलोडिंग करने पर प्रतिबंध लगाया गया था लेकिन इसका अनुपालन नहीं होने के कारण लोग दिन में ही लोडिंग अनलोडिंग की प्रक्रिया करते हैं जिसके कारण जाम से लोगों को काफी परेशानी होती है। एनएच 139 पर एक तो अधिक गाड़ी का आवागमन होने के कारण ऐसे ही भीड़ भाड़ होती रहती है। यहां तक की यह सड़क जानलेवा बना हुआ है। उसी में ही ओबरा बाजार में लोडिंग अनलोडिंग व्यापारियों के द्वारा करने से जाम की स्थिति बन जाती है। लग्न का समय होने के कारण बाजारों में अत्यधिक भीड़ है। लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। बाजार में दिन में हो रहे लोडिंग अनलोडिंग को बंद कर कर एक समय सीमा निर्धारित किया जाए। ताकि बाजार में लोग आसानी से पैदल चल सके। इतना अत्यधिक भीड़ होने के कारण लोगों को एन एच 139 पर यात्रा करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि ओबरा बाजार में जाम की समस्या कई वर्षों से बरकरार है। मुख्य सड़क पर ही टेंपो स्टैंड से लेकर सब्जी मार्केट एवं बस पडाव तक इसी पर स्थित है। यहां छोटे व्यवसायी के लिए बाजार लगाने की जमीन व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं बस पड़ाव के भी सुविधा ओबरा बाजार में नहीं है। पुलिस प्रशासन के द्वारा बाजारों में पुलिस की तैनाती की जाती है, लेकिन लोडिंग अनलोडिंग की प्रक्रिया इतना अधिक मुख बाजारों में बढ़ गया है।जिससे जाम की स्थिति बनी हुई रहती है। वहीं इसके लिए प्रशासन के द्वारा किसी तरह का अभियान नहीं किया जा रहा है जिसके कारण आने जाने वाले ग्रामीण लेकर से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की एन एच पर महीने में एक दर्जन से भी ऊपर लोग सड़क दुर्घटना में घायल होते हैं। एवं कई लोगों की जान भी इस पर चली जाती है। लेकिन ना तो यहां पर स्थानीय प्रशासन को ध्यान है और ना ही किसी तरह के स्थानीय जनप्रतिनिधि इसमें रुचि ले रहे हैं। वहीं पुलिस गाहे बजाए सड़क के किनारे हो रहे लोडिंग- अनलोडिंग को बंद करने की कोशिश करती है। लेकिन पुनः यह प्रक्रिया सड़क पर स्थापित हो जाता है। इस संबंध में सीओ हरिहरनाथ पाठक ने बताया कि सभी व्यापारियों को दिन में लोडिंग और लोडिंग नहीं करने की हिदायत दी गई है। जल्द ही एक बैठक कर व्यवसायियों को इसके लिए एक दिशा निर्देश जारी की जाएगी। अगर सुधार नहीं होता है तो कार्रवाई की भी सुनिश्चित की जाएगी।

दुष्कर्म मामले का फरार आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दानापुर। डांसर से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को बीते रात पुलिस ने गुप्त सूचना पर शंकरपुर डेरा छापेमारी कर उसके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दुष्कर्मी नागेंद्र राय उर्फ नागेंद्र कुमार शंकरपुर डेरा शाहपुर निवासी है. इस मामले में पुलिस घटना के बाद आरोपी मनीष व मनोज को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। एएसपी भानू प्रताप सिंह मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि पिछले 29 अप्रैल को दियारा के शंकरपुर गांव में शादी समरोह में ट्रॉली पर डांस करने आई थी। 30 अप्रैल को सुबह अपने पति के साथ दिघवारा स्टेशन जाने के दौरान युवक से रास्ते पूछने पर दो अन्य दोस्तों को भी बाइक के साथ बुलाया। तीन युवकों ने दो बाइक पर महिला डांसर व उसके पति को बैठकर दिघवारा स्टेशन जाने के क्रम में बधार में सुनसान मकाई के खेत में गये तीन युवकों ने डांसर के पति को बंधक बनाकर पिस्तौल के नोक पर महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

जनकल्याण संवाद कार्यक्रम में भूमि विवाद एवं अतिक्रमण से संबंधित मामले आए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उपमुख्यमंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा जनकल्याण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित फरियादियों की शिकायतें सुनी तथा नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई करते हुए निष्पादन करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में कुल 66 परिवाद पत्र प्राप्त हुए। सभी



परिवाद पत्रों का समुचित संधारण किया गया है जिस पर शीघ्र अपेक्षित कार्रवाई की जाएगी एवं कृत कार्रवाई से परिवादी को अवगत कराया जाएगा। साथ ही उपमुख्यमंत्री को सभी परिवाद पत्रों के संबंध में कृत कार्रवाई एवं निष्पादन के बारे में विस्तृत प्रतिवेदन भेजा जाएगा। जनकल्याण संवाद कार्यक्रम में अधिकांश मामले भूमि विवाद एवं अतिक्रमण से संबंधित प्राप्त हुए। उपमुख्यमंत्री के जनकल्याण संवाद कार्यक्रम में आवेदक सुरेंद्र राय एवं अन्य द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैया की 62 फीट जमीन पर कब्जा होने तथा उसे मुक्त कराने का अनुरोध किया गया। चूंकि आवेदक द्वारा इस मामले पर पूर्व में ही जिला पदाधिकारी से शिकायत की गई थी इसलिए जिला पदाधिकारी द्वारा इस मामले के बारे में उपमुख्यमंत्री एवं परिवादी को सही वस्तुस्थिति ऑन स्पॉट स्पष्ट किया गया। उल्लेखनीय है कि इस मामले की शिकायत जिला पदाधिकारी को प्राप्त होते ही अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी की अध्यक्षता में चार सदस्यों की कमेटी गठित की थी तथा मामले की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया था। समिति के सदस्यों में भूमि सुधार उपसमाहर्ता मुजफ्फरपुर पश्चिमी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सरैया, अंचलाधिकारी सरैया शामिल थे। समिति के सदस्यों ने स्थलीय निरीक्षण कर अमीन से भूमि की मापी करायी। जमीन की मापी में पूरी पारदर्शिता बरतते हुए चार अलग-अलग अंचलों मोतीपुर, साहेबगंज, सरैया, कुढ़नी के चार अमीन द्वारा जमीन की मापी कराई गई।

नौ अधिकारियों के वेतन पर रोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। जिले मे चल रहे किसानों के पंजीकरण कार्य में शिथिलता बरतने के आरोप में पांच अंचलाधिकारी और चार प्रखंड कृषि पदाधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी गई है। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में डॉ अम्बेडकर समग्र विकास अभियान के तहत महादलित टोला में लगे विकास शिविरों में प्राप्त किसानों के पंजीकरण संबंधी आवेदनों के निष्पादन कार्य में गोपालपुर, कहलगांव, पीरपैंती, इस्माइलपुर और सबौर के अंचलाधिकारी ने अपेक्षित सहयोग नहीं किया है। उन्होंने बताया कि इसी तरह कहलगांव, शाहकुंड, सबौर और बिहपुर के प्रखंड कृषि पदाधिकारियों ने किसानों के पंजीकरण कार्य में कोई रुचि नहीं ली है। इस कारण उन सभी प्रखंडों में महादलित टोला के किसानों का पंजीकरण कार्य निर्धारित समय पर नहीं होने से संबंधित योजना प्रभावित हुई है। डॉ चौधरी ने बताया कि ऐसे मामले को गंभीरता से लेते हुए चार प्रखंड कृषि पदाधिकारियों के वेतन पर रोक लगाते हुए सभी पर विभागीय कार्यवाही का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया है। इसके साथ ही उक्त पांच अंचल अधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी गई है। वहीं जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आगामी सात मई तक किसानों के पंजीकरण सहित विभिन्न सेवाओं के लंबित आवेदनों का निष्पादन करने के लिए कहा गया है।

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई





लव कुमार सिंह
प्रखंड अध्यक्ष
जन सुराज पार्टी
नवीनगर (औरंगाबाद)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



संजय पासवान
अध्यक्ष
दुसाध जागृति संस्कृति चेतना मंच
डिहरी ऑन-सोन रोहतास



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. रजनीश कुमार
जिलाध्यक्ष, जनसुराज पार्टी, बेगूसराय

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



संतोष देव यादव
वरीय भाजपा कार्यकर्ता
-सह- संस्थापक
संतोष इंटर कॉलेज
गुरारू, गया

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



संतोष रजक
मुखिया
ग्राम पंचायत-मलहद (गोह) औरंगाबाद

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई

डॉ. रणविजय कुमार
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
राष्ट्रीय लोक मोर्चा
-सह- पूर्व विधायक



गोह विधानसभा क्षेत्र, औरंगाबाद



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई

राजू चौधरी
युवा जिला अध्यक्ष, वीआईपी
सह समाजसेवक डिहरी विधानसभा-212



डिहरी ऑन-सोन (रोहतास)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई

हरेन्द्र कुमार
पूर्व उपाध्यक्ष



नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई

माहिद खान
वार्ड पार्षद प्रतिनिधि
-सह- समाजसेवी



वार्ड नं-15, रफीगंज (औरंगाबाद)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई

डॉ. लालजी यादव
वरीय चिकित्सक -सह-
वरीय भाजपा नेता
संभावित भाजपा प्रत्याशी
गुरूआ विधान सभा क्षेत्र



गुरारू (गया)

कुमुदिनी एजुकेशनल कम चौरिटेबल ट्रस्ट और कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर परिवार की ओर से नवबिहार टाइम्स के औरंगाबाद में नए अत्याधुनिक प्रेस प्लांट स्थापित करने हेतु बहुत-बहुत बधाई तथा निरंतर आगे बढ़ते रहने की शुभकामना।

Kumudini Shishu Vidya Mandir
LEADING FROM DARKNESS TO LIGHT
CBSE CURRICULUM BASED CO-ED SCHOOL
ADMISSION
OPEN
For Classes Play Group to Std 9
Making School a happy place to learn & grow.




MS. USHA KUMARI
CHAIRPERSON, KECCT
CONTACT US
9939606341, 8789721410
A/79, POLICE COLONY, ANISABAD,PATNA-2

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं



सोनू शंकर
तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र, जन सुराज पार्टी, बेगूसराय



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं

चंद्र प्रकाश सिंह
तेघड़ा, विधानसभा भावी प्रत्याशी

राजकीय पॉलिटेक्निक, औरंगाबाद
स्थित : धनाड़ी, पो0- बिजौली, अंचल- देव, जिला- औरंगाबाद
Email id : principialpolyaurangabad@gmail.com

एक झलक

बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी 7 निश्चय योजना के अंतर्गत औरंगाबाद जिला के धनाड़ी गांव में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन राजकीय पॉलिटेक्निक की स्थापना की गई है। यह संस्थान अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली एवं राज्य प्रावैधिकी शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना से मान्यता ग्राप्त है। वर्ष 2019 में स्थापित यह संस्थान शुरूआती दौर में छपरा में संचालित हुआ। इसके बाद यह संस्थान वर्ष 2021 से अपने भवन में संचालित है। इस संस्थान के विभिन्न संकायों में लगभग 1000 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। सरकार के सपनों को प्राचार्य डा. बिनोद कुमार सिंह अमलीजामा पहनाने का कार्य पूरी लगन से कर रहे हैं। डा. सिंह ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु पठन- पाठन के अलावा खेल-कूद, वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन समय-समय पर होता है। इस संस्थान में लगभग 60% बच्चे औरंगाबाद, अरवल, रोहतास, गया जैसे आसपास जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं जबकि शेष 40% बच्चे राज्य के अन्य जिलों से आते हैं। संस्थान में सभी संकायों के प्रायोगिक कार्य हेतु प्रयोगशाला एवं वर्कशॉप की बेहतर सुविधा उपलब्ध है। संस्थान के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा समय-समय पर प्लेसमेंट सेल का आयोजन किया जाता है जिसमें देश की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेती है एवं अच्छे पैकेज पर छात्रों का नियोजन करती है। संस्थान में विभागीय आदेशानुसार संस्थान के आसपास के ग्रामीण इलाकों के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षा के छात्रों को ''पहल कार्यक्रम'' के अनुसार कक्षाएं संचालित की जा रही है। संस्थान के मिडिया सेल के प्रभारी मो. शाहिद अख्तर ने बताया कि काफी अल्प समय में यह संस्थान प्राचार्य डा. बिनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका प्राप्त निभा रही है।

डॉ. बिनोद कुमार सिंह
प्रभारी प्राचार्य
राजकीय पॉलिटेक्निक
औरंगाबाद (बिहार)



KDS HEART HOSPITAL
Multi Speciality Hospital
नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं



डा. पंकज कुमार सिंह
एम0 डी0, पी0 जी0 डी0 सी0 सी0 (कार्डियोलॉजी)
सी0 सी0 ई0 डी0 एम0, सी0 सी0 जी0 डी0 एम0 (डायबिटीज)
फिजिशियन एंव हृदय रोग विशेषज्ञ
हेमरा, मटिहानी रोड, शिव मंदिर के बगल में, बेगूसराय
Mob. : 9709058435, 7280076613

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



डॉ. आर यू कुमार
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
जन सुराज पार्टी
-सह-भावी प्रत्याशी, गोह विधानसभा क्षेत्र

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



मनोज कुमार उर्फ झुना
पैक्स अध्यक्ष
भीतरी बांध कैमूर (भभुआ)
निहारिका ड्रेसेज, चेनारी

अब जगन्नाथ धाम पर विवाद !

पश्चिम बंगाल की फायर ब्रांड मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी हिंदुत्व के पिच पर भाजपा को लगातार तगड़ी चुनौती दे रही हैं। इसकी ताजा कड़ी राज्य के तटवर्ती दीघा शहर पुरी के जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर किया गया जगन्नाथ धाम का निर्माण। इस मंदिर को राज्य सरकार ने बनवाया है, जिस पर करीब 250 करोड़ रू. लागत आई है। मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने अक्षय तृतीया के दिन स्वयं इसका उद्घाटन किया। लेकिन इस मंदिर के शुभारंभ के साथ ही इसके नामकरण को लेकर पश्चिम बंगाल और ओडिशा के बीच नया विवाद शुरू हो गया है। जगन्नाथ पुरी के विद्वानों का कहना है कि पुरी के मंदिर की नकल नहीं की जा सकती और उसे जगन्नाथ धाम का नाम देना तो और भी गलत है। जगन्नाथ धाम केवल एक ही है और वो भी पुरी में। पुरी चार शंकराचार्यों में से एक भी पीठ भी है। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने खुद को इस मंदिर के उद्घाटन से दूर रखा। हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष कार्यक्रम में शामिल हुए। दिलीप के कार्यक्रम में जाने से यह अटकलें तेज हो गई हैं कि ममता और दिलीप के बीच अब सुलह हो गई है और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले तृणमूल कांग्रेस में जा सकते हैं। दरअसल जगन्नाथ धाम को लेकर दो राज्यों में विवाद का पहला कारण तो राजनीतिक है। ओडिशा में पहली बार भाजपा अपने दम पर सत्ता में आई है, जिससे बंगाल में भी भगवा रंग गहराने की संभावना बढ़ गई है। यही कारण है कि ममता ने 'मुर्शिदाबाद में दो हिंदुओं की हत्या' की घटना के बाद भाजपा व हिंदूवादी ताकतों द्वारा लगातार की जा रही आलोचना का तोड़ इस मंदिर के जरिए खोज लिया है। मंदिर न केवल पुरी के जगन्नाथ मंदिर की नकल है बल्कि इसका नामकरण भी उसी तरह किया गया है, जो ओडिशावासियों को नागवार गुजर रहा है। दीघा का यह मंदिर परंपरागत कलिंग शैली में बना है। इसका निर्माण 22 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। यह निर्माण राजस्थान से लाए बलुआ पत्थर से किया गया है। पुरी से बाहर भगवान जगन्नाथ यह अपने ढंग का अनूठा मंदिर है।

बहरहाल जगन्नाथ मंदिर नामकरण को लेकर जारी विवाद अनावश्यक है। अगर लोगों की आस्था दोनो में है तो इसे कोई कैसे रोक सकता है। इसे राजनीतिक मुद्दा बनाना भी उचित नहीं है। नामकरण को लेकर चल रहा विवाद दोनों राज्यों की सरकारों को समझदारी से निपटाना चाहिए।

बिहार में पत्र और पत्रकारिता : एक ऐतिहासिक अवलोकन

संजय कुमार



बिहार, अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत के लिए जाना जाता है। साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान के लोए अपनी पहचान रखता है। यहाँ के समाचार पत्रों और पत्रिकाओं ने न केवल सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों को उठाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में भी एक सशक्त हथियार के रूप में कार्य किया। बिहार की पत्रकारिता का इतिहास उर्दू, हिंदी, अंग्रेजी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में प्रकाशित पत्रों के साथ शुरू हुआ, जो समय के साथ सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय आंदोलनों का प्रतीक बन गया।

बिहार में पत्रकारिता का प्रारंभ

भारत में पत्रकारिता का इतिहास 1780 में जेम्स ऑगस्टस हिक्की द्वारा 'बंगाल गजट' और 'कोलकाता जनरल एडवाइजर' के प्रकाशन से शुरू हुआ। इसने पूरे देश में समाचार पत्रों की नींव रखी, और बिहार भी इस क्रांति से अछूता नहीं रहा। बिहार में पत्रकारिता की शुरुआत 1810 में 'उर्दू साप्ताहिक अखबार' के साथ हुई, जिसे मौलवी अकरम अली ने संपादित किया और कोलकाता से प्रकाशित करवाया, क्योंकि उस समय बिहार में कोई प्रिंटिंग प्रेस नहीं था। इसके बाद, 1853 में आरा से सैयद मोहम्मद हाशमी द्वारा उर्दू साप्ताहिक 'नूर उल अनवार ' का प्रकाशन हुआ। यह पत्र मुख्य रूप से व्यावसायिक था, जिसमें विज्ञापनों और स्कूली सामग्री को प्रमुखता दी जाती थी, लेकिन यह ज्यादा समय तक नहीं चल सका।

अंग्रेजी और हिंदी पत्रकारिता का उदय

बिहार में अंग्रेजी पत्रकारिता की शुरुआत 1872 में 'बिहार हेराल्ड ' के साथ हुई, जिसे बाबू गुरु प्रसाद सेन ने प्रकाशित किया। इस पत्र ने बिहार को बंगाल से अलग करने की मांग को जोरदार तरीके से उठाया। दूसरी ओर, हिंदी पत्रकारिता का प्रारंभ 'बिहार बंधु '(1872-74) के साथ माना जाता है, जिसे पंडित केशव राम भट्ट ने कोलकाता से शुरू किया और बाद में इसका प्रेस पटना स्थानांतरित हुआ। 'बिहार बंधु ' ने हिंदी के प्रचार-प्रसार और कचहरियों में हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष किया। यह पत्र स्वतंत्रता संग्राम से भी जुड़ा और बिहार के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को प्रभावित किया। हालांकि, 'बिहार बंधु' के प्रकाशन की तारीख को लेकर विवाद है। कुछ जानकार इसे 1872 मानते हैं, जबकि अन्य 1873 या 1874 का उल्लेख करते हैं। डॉ. कृष्णानंद द्विवेदी ने अपनी पुस्तक बिहार की हिंदी पत्रकारिता में इसे 1873 में गोपालचंद्र डे द्वारा कोलकाता से प्रकाशित होने का उल्लेख किया है।

स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता की भूमिका

बिहार की पत्रकारिता ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महात्मा गांधी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, मौलाना आजाद जैसे नेताओं ने समाचार पत्रों का उपयोग जनता तक अपने विचार पहुंचाने के लिए किया। इन पत्रों में समाचारों से अधिक विचारों और वैचारिक लेखों को महत्व दिया जाता था। बिहार से प्रकाशित कई पत्रों ने अंग्रेजी शासन का कड़ा विरोध किया। उदाहरण के लिए, 'द सर्चलाइट' (1918) ने कांग्रेस के विचारों को बढ़ावा दिया और जमींदारी प्रथा का विरोध किया। 'देश '(1920) ने स्वतंत्रता आंदोलन और गांधीजी के विचारों को प्रमुखता दी। इन पत्रों ने जनचेतना को जगाने और राष्ट्रीय भावना को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उर्दू पत्रकारिता की प्रबलता

बिहार में उर्दू पत्रकारिता का प्रारंभिक दौर अत्यंत प्रभावशाली था। 1810 में शुरू हुए 'उर्दू साप्ताहिक' से लेकर 19वीं सदी के अंत तक कई उर्दू पत्र प्रकाशित हुए।

साहित्यिक और सामाजिक पत्रिकाएं

बिहार में पत्रकारिता केवल समाचार तक सीमित नहीं थी। साहित्यिक, धार्मिक, और जातिगत पत्रिकाओं का भी प्रकाशन हुआ। 'विद्यार्थी '(1876), 'विद्या विनोद' (1880), और 'क्षत्रीय पत्रिका' (1881) जैसे पत्रों ने शिक्षा, साहित्य, और सामाजिक सुधार को बढ़ावा दिया। 'हरिश्चंद्र कला' और 'उद्योग चैतन्य चंद्रिका ' जैसी पत्रिकाएं साहित्यिक विषयों पर केंद्रित थीं। जातिगत और धार्मिक समाचार पत्र-पत्रिकाएं भी छपी। जातिगत पत्रों में 'कायस्थ गजट' (1889), 'चम्पारण चंद्रिका '(1890), और 'द्विज '(1890) शामिल थे, जो विभिन्न समुदायों के हितों को संबोधित करते थे। धार्मिक पत्रों में 'धर्मोपदेश '(1885) और 'आर्यावर्त '(1887) ने सनातन धर्म और आर्य समाज के विचारों को प्रचारित किया।

20वीं सदी में पत्रकारिता का विकास

20वीं सदी में बिहार की पत्रकारिता ने नया आयाम लिया। 'युवक '(1928), 'तरुण भारत' (1921), और 'देश' जैसी पत्रिकाएं राष्ट्रीय आंदोलन से प्रेरित थीं। 'युवक ' को इसके राजनीतिक तेवर के कारण अंग्रेजों ने जब्त कर लिया। ;नई धारा ' (1950) जैसी साहित्यिक पत्रिकाएं बिहार की साहित्यिक चेतना का प्रतीक बनीं। इस पत्रिका को रामवृक्ष बेनीपुरी जैसे साहित्यकारों ने समृद्ध किया और यह आज भी प्रकाशित हो रही है। 1980 के बाद बिहार में पत्रकारिता का व्यावसायिक स्वरूप उभरा। 'प्रभात खबर', (संयुक्त बिहार) 1984 में रांची में स्थापित, इस अखबार ने 1996 में पटना संस्करण शुरू किया। 'पाटलिपुत्र टाइम्स' (1985), 'दैनिक हिंदुस्तान', और 'दैनिक जागरण ' (2000) जैसे पत्रों ने बिहार की पत्रकारिता को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया। 'पाटलिपुत्र टाइम्स ' ने अपने आक्रामक तेवर से पाठकों का ध्यान खींचा, लेकिन आर्थिक कारणों से बंद हो गया।

आधुनिक युग में बिहार की पत्रकारिता

आज बिहार में पत्रकारिता प्रतिस्पर्धा के दौर से गुजर रही है। हिन्दी में हिंदुस्तान, दैनिक भास्कर, जागरण, प्रभात खबर, राष्ट्रीय सहारा , और आज जैसे दैनिक पत्र व्यापक प्रसार के साथ प्रकाशित हो रहे हैं। नवबिहार टाइम्स (औरंगाबाद-बोकारो), सन्मार्ग(पटना), प्रातः किरण (पटना), राष्ट्रीय सागर(पटना), नई बात (भागलपुर), मीडिया दर्शन (सासाराम), सोनवर्षा वाणी(औरंगाबाद), नव बिहार दूत (नालंदा), अंग भारत (भागलपुर), देशप्राण(पटना) बड़े-छोटे समाचार पत्र नियमित छप रहे हैं। वहीं, पटना से प्रकाशित उर्दू दैनिक में कौमी, तंजीम, फारूखी तांजीम, पिनदार, संगम, अमीन, हमारा समाज, इंकलाब,प्यारी उर्दू, रोजनामा राष्ट्रीय सहारा, आदि हैं। तो वहीं, अंग्रेजी दैनिक में द हिंदुस्तान टाइम्स, द टाइम्स ऑफ इंडिया, मॉर्निंग इंडिया आदि छप रहे हैं।


डिजिटल युग में बिहार में पत्रकारिता

आधुनिक युग में बिहार के लगभग सभी अखबारों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई है। हिंदुस्तान, दैनिक भास्कर, जागरण,प्रभात खबर जैसे सभी बड़े, मँझोले और छोटे अखबारों की वेबसाइट्स और मोबाइल ऐप्स लाखों पाठकों तक पहुंच रहे हैं। ई-पेपर और पीडीएफ की पहुँच भी बढ़ गई है। देखा जाए तो बिहार की पत्रकारिता का इतिहास सामाजिक जागरूकता, स्वतंत्रता संग्राम, और सांस्कृतिक उत्थान का प्रतीक है। उर्दू से शुरू होकर हिंदी, अंग्रेजी, और अन्य भाषाओं में विस्तारित यह पत्रकारिता आज भी अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है। बिहार के समाचार पत्रों ने न केवल समाचार प्रसारित किए, बल्कि समाज को नई दिशा देने में भी योगदान दिया। आधुनिक युग में, व्यावसायिक और डिजिटल पत्रकारिता के साथ, बिहार की पत्रकारिता नए आयाम स्थापित कर रही है। इसमें जहां राष्ट्रीय समाचार पत्र जहां शामिल है वहीं, नवबिहार टाइम्स जैसे क्षेत्रीय समाचार पत्रों ने भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

(लेखक केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना के उप निदेशक हैं)

देश हित में जरूरी है वन नेशन वन इलेक्शन

सुमन कुमार झा



'वन नेशन वन इलेक्शन' यानी 'एक देश एक चुनाव' को लेकर भारत में एक अजीब तरह की अवधारणा बनाने की एक संगठित कोशिश देखी जा रही है। इसमें बौद्धिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले कुछ समूहों ने बड़े प्रयास से एक नैरेटिव तैयार कर दिया है। इस नैरेटिव के आधार पर उनके द्वारा चलाए जाने वाले विमर्श से यह ध्वनि निकलती है कि यह भारत के लिए नया और बाहर से आयातीत माडल है, इसे भारत के लोगों पर बलात थोपा जा रहा है, यह विरोधी राजनीतिक दलों के अस्तित्व को मिटाने का एक षड्यंत्र है। इस नैरेटिव के आधार पर नरेंद्र मोदी के विरोध के जो प्रयास चल रहे हैं उसमें भारत की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस और वामपंथी सक्रियतावादी व बुद्धिजीवी समूहों की भूमिका प्रमुख है। कांग्रेस-वाम गठजोड़ की ओर से चलाये जा रहे इस अभियान के साथ वंशवादी राजनीति के पोषक कई क्षेत्रीय दल भी आ मिले हैं। इसके आधार पर इसके फलक को विस्तृत दिखाने के प्रयास हो रहे है। इसमें देशी-विदेशी मीडिया और सोशल प्लेटफार्म का भी उपयोग हो रहा है। लेकिन, इतना तय है कि भारत के लोग बार-बार चुनाव होने से तंग आ चुके हैं। सोशल मीडिया के जमाने में आम आदमी को बरगलाया नहीं जा सकता है। भ्रामक नैरेटिव थोड़ी देर के लिए वायरल हो सकती है लेकिन, उसकी कलई खुलते देर नहीं लगती। अब प्रश्न उठता है कि एक देश एक चुनाव की पद्धति क्या भारत के लिए नयी है? यदि नयी नहीं है तो यह वर्तमान समय में व्यवहार में क्यों नहीं है? चुनाव के इस माडल को फिर से अपनाने का क्या लाभ होगा? इससे भारत के लोगों पर क्या प्रभाव पड़ेगा? इन चार प्रश्नों के उत्तर के माध्यम से हम एक तार्किक निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं। ब्रिटिश शासन से आजाद होने के बाद भारत में पहला आम चुनाव 1951-52 में हुआ था। इस आम चुनाव में लोकसभा और राज्यों के विधानसभाओं का चुनाव एक साथ ही होता था। 1967 के बाद यह परंपरा ध्वस्त होती चली गयी। इसका प्रमुख कारण भारत की राजनीति में भारी नैतिक पतन था। सरदार पटेल के निधन के बाद धीरे-धीरे कांग्रेस जवाहर लाल नेहरू की मुट्ठी में सिमटती चली गयी। जवाहर लाल नेहरू के बाद लगभग डेढ़ वर्षों के लिए लाल बहादुर शास्त्री भारत के प्रधानमंत्री बने थे। इनके बाद जवाहर लाल नेहरू की पुत्री इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री बनीं। इंदिरा गांधी के शक्तिशाली बनने के साथ ही भारत की राजनीति में वंशवाद की परंपरा स्थापित होने लगी। सत्ता में स्वयं को स्थापित रखने के लिए इंदिरा गांधी की सरकार और कांग्रेस में उनके चाटुकारों ने राज्यों में सशक्त नेतृत्व को नहीं उभरने देने के लिए राज्य की सरकारों को अस्थिर करने का खेल शुरू कर दिया। इसके कारण जनता द्वारा चुनी गयीं राज्य सरकारों की अकाल मृत्यु होने लगी। यह सिलसिला संजय गांधी के प्रभाव काल में और तेज हो गयी। बिहार में पहली बार 1967 में कांग्रेस को अपदस्थ कर महामाया प्रसाद के नेतृत्व में जनसंघ व समाजवादी दलों ने मिलकर सरकार बनायी थी लेकिन केंद्र सरकार और कांग्रेस ने षड्यंत्र कर उसे मात्र डेढ़ साल में ही गिरा दिया था। इसके बाद बिहार में राष्ट्रपति शासन लगा था। इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी तक कांग्रेस की यही नीति रही जिसके कारण भारत में पांच वर्ष में एक बार आने वाला चुनाव महापर्व बार-बार लोगों को परेशान करने वाला महातमाशा बनकर रह गया। भारत के सत्तर के दशक के बाद देश की जनता बार-बार चुनाव झेलने के लिए बाध्य होती रही है। पिछले पांच आम चुनावों से तो केंद्र में स्थिर सरकारें बनती रही हैं। लेकिन, राज्यों में सरकारें अस्थिर होती रही हैं। केंद्र के चुनाव के एक-दो वर्ष बाद ही लोगों को फिर से पीड़ादायक आम चुनाव झेलने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पीड़ादायक इसलिए क्योंकि चुनाव आचार संहिता लागू होने के साथ ही सारे विकास कार्य और जरूरी सरकारी कार्य लगभग बंद हो जाते हैं। चुनाव संचालन के लिए वाहनों की धरपकड़ के कारण लोगों को भारी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। इन प्रमाणिक तथ्यों के बावजूद एक राष्ट्र एक चुनाव के विरोध की बात भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में कही से उचित नहीं लगता है। मतदाता तो अपना निर्णय दे देते हैं। ऐसे में यह होना चाहिए कि मतदाताओं के निर्णय को सिरोधार्य कर राजनीतिक दल व उनके नेता ईमानदारी से काम करें। लेकिन, अपने व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के लिए भारत में जिस प्रकार के अनैतिक राजनीतिक खेल होते रहे हैं उससे भारत के लोकतंत्र पर गहरा आघात हुआ है। लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था को लोग कठघरे में खड़ा करने लगते है। इसे लोकतंत्र से जनता का विश्वास उठने जैसा माना जा सकता है। राजनीतिक तिकड़म के कारण राज्य विधानसभाओं और लोकसभा के लिए एक साथ चुनाव होने का चक्र टूट गया और वर्तमान में चुनाव हर वर्ष और कभी-कभी एक वर्ष के भीतर अलग-अलग समय पर होते हैं। इसके परिणामस्वरूप जनता के कर से एकत्रित हजारों करोड़ों की सरकारी राशि का व्यय होता है। हम जानते हैं कि इतने व्यापक पैमाने पर चुनाव संचालन के लिए चुनाव आयोग के पास अपना कोई तंत्र नहीं है। ऐसे में चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों के साथ निर्वाचन अधिकारी के दायित्व निर्वहन के लिए राज्य सरकारों के सारे अधिकारी व कर्मचारियों को लगाया जाता है। चुनाव को लेकर लंबे समय तक सरकार के कर्मचारियों व अधिकारियों को अपने प्राथमिक कर्तव्यों से विमुख होना पड़ता है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। एक अध्ययन के अनुसार चुनाव के कारण बड़े प्रोजेक्ट का काम कम से कम साल भर पीछे चला जाता है। आजादी के बाद महात्मा गांधी ने कहा था कि कांग्रेस के माध्यम से आंदोलन कर हमने अंग्रेजों के चंगुल से भारत को मुक्त करा लिया। अब कांग्रेस का काम समाप्त हो रहा है। अतः इसे विसर्जित कर दिया जाना चाहिए। उस समय के कांग्रेसी नेताओं ने महात्मा गांधी के इस सुझाव को नहीं माना। लेकिन, महात्मा गांधी के इस कथन के पीछे कुछ ठोस तर्क और तथ्य जरूर होगा। आजादी की लड़ाई के दौरान ही महात्मा गांधी को ऐसा आभाष हो गया था कि भारत के अधिकांश लोग एकमत होकर कांग्रेस को अपना संगठन मान रहे हैं। इस भावनात्मक लगाव का सत्ता की राजनीति में दुरुपयोग हो सकता है। महात्मा गांधी की वह आशंका आजाद भारत में सही साबित हुई। नेहरू के बाद इंदिरा, संजय और राजीव की कांग्रेस ने भारत की राजनीति में वह सबकुछ किया जिसे नैतिक नहीं माना जा सकता है। उसी अनैतिक, मूल्यहीन और भारत की आत्मा पर प्रहार करने वाली राजनीति के कारण भारत चुनावी भट्ठी के ताप से तड़प रहा है। बार-बार चुनाव लड़ने और लड़ाने के कारण भारत की सभी व्यवस्था तंत्र में भ्रष्टाचार का जहर घुलता चला गया। अब इस जहर से बचाव का एक ही रास्ता है चुनाव प्रक्रिया में सुधार। इस सुधार का प्रथम शर्त है अवधि पूरा होने पर ही चुनाव की प्रतिबद्धता। यदि ऐसा होता है तो अनैतिक राजनीतिक सौदेबाजी के भी दिन लद जायेंगे। कुछ लोगों का मानना है कि क्षेत्रीय राजनीतिक घरानों के अपने वोट बैंक हैं। ऐसे में उनके महत्व को कम करना आसान नहीं है। लेकिन, भारत का लोकतंत्र अब प्रौढ़ावस्था की ओर अग्रसर है। ऐसे में यदि एक राष्ट्र एक चुनाव का सिद्धांत यदि व्यवहार में उतरता है तो लोकतंत्र पर ग्रहण लगाने वाले सारे राहू-केतु अंधसुरंग में कही समा जायेंगे। पूरे देश में सभी राज्य विधानसभाओं, लोक सभा और स्थानीय निकायों (नगरपालिकाओं और पंचायतों) के लिए एक साथ चुनाव कराना असंभव नहीं है। इससे भारत का तकदीर संवरेगा। इस प्रकार, भारत के विधि आयोग ने चुनाव कानूनों में सुधार पर अपनी 170वीं रिपोर्ट में कहा कि सरकार को ऐसी स्थिति पर विचार करना चाहिए जहां लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं, अर्थात एक राष्ट्र एक चुनाव। हमारे संविधान निर्माताओं और भारत को आजादी दिलाने वाले हमारे पूर्वजों ने तो पांच वर्ष में एक बार चुनाव कराने के नियम को व्यावहारिक धरातल पर उतार कर हमारे लिए एक प्रतिमान प्रस्तुत किया था। लेकिन आजादी के मात्र दो दशक बाद ही हमने अपने क्षुद्र स्वार्थ के लिए उस प्रतिमान को दरकिनार कर दिया। एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर पूरे भारत में विमर्श का एक सकारात्मक अभियान चलाया जा रहा है। इससे जनमत परिष्कार भी हो रहा है। वहीं दूसरी ओर औपनिवेशिक मानसिकता वाले भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाने वाले इस पहल को लेकर भ्रम फैलाने में लगे हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत, पूरे देश में लोकसभा और सभी विधान सभाओं के लिए हर पांच साल में केवल एक बार चुनाव होंगे।

(लेखक बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के निजी सहायक हैं और ये उनके निजी विचार हैं)

लक्ष्मीपुर कटिहार का ऐतिहासिक गुरुद्वारा

यहां सुरक्षित है गुरु तेग बहादुर जी द्वारा हस्तलिखित 40 किलो वजनी गुरुग्रंथ साहिब

बिहार में पटना सिटी के तख्त श्रीहरमंदिर साहिब के बाद कटिहार जिले के बरारी प्रखंड स्थित लक्ष्मीपुर के ऐतिहासिक गुरु तेग बहादुर गुरुद्वारा का महत्वपूर्ण स्थान है। जहां एक ओर पटना साहिब का सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह का अवतरण होने के कारण विशेष महत्व है, वहीं लक्ष्मीपुर में गुरु नानक देव जी महाराज के अतिरिक्त नौवे गुरु गुरु तेग बहादुर जी का चरण रज पड़ने, दशम गुरु गुरु गोबिंद जी महाराज द्वारा जारी हुकुमनामा और नवम गुरु द्वारा 40 किलो वजनी हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब रहने के कारण विशेष महत्व है। यहां प्रत्येक प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य पर देश-विदेश के श्रद्धालु मत्था टेकने और अनमोल धरोहर का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ते हैं। वैसे बरारी प्रखंड में आसपास कुल आठ गुरुद्वारे हैं। इनमें लक्ष्मीपुर के अतिरिक्त कांतनगर, उचला, भंडारतल, हुसैना, भैंसदियारा, गुरुबाजार और भवानीपुर का गुरुद्वारा शामिल है। ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी महाराज 1506 ईसवी में जब बनारस के रास्ते बिहार आए तो वे गया, नवादा, राजगीर होते हुए पटना आए और फिर मुंगेर, भागलपुर, कहलगांव, कटिहार, राजमहल होते हुए बंगाल में दाखिल हुए और ढाका तक गए। उसी दौरान वे कांतनगर में कुछ दिनों तक रुके थे। गुरु नानक देव जी से प्रभावित होकर क्षेत्र के बहुत सारे स्थानीय लोगों ने सिख धर्म के रास्ते पर चलकर लोगों की सेवा करने का संकल्प लिया। बाद में वर्ष 1666 ईस्वी में असम जाने के क्रम में गुरु तेग बहादुर जी महाराज भी गंगा पार कर बरारी प्रखंड के कांतनगर पधारे। कहा जाता है कि इस क्षेत्र में उन दिनों नानक पंथियों एवं सिख संगतों की संख्या बहुत अधिक रहने के कारण गुरु तेग बहादुर यहां आने से अपने को रोक नहीं पाएं। वे यहां लगभग एक माह तक रुके और इस दौरान श्रद्धालुओं को कड़ाह में हलवा का प्रसाद गोला बनाकर वितरित किया गया। इसी कारण है कि कालांतर में यह स्थान काढ़ागोला के नाम से विख्यात हुआ। जब रेलवे स्टेशन बना तो उसका नाम भी काढ़ागोला रखा गया। काढ़ागोला रेलवे स्टेशन कटिहार-बरौनी रेल मार्ग पर कटिहार से दूसरा रेलवे स्टेशन है। पहला रेलवे स्टेशन सेमापुर और दूसरा काढ़ागोला। काढ़ागोला रेलवे स्टेशन से ऐतिहासिक लक्ष्मीपुर गुरुद्वारा की दूरी महज 5 किलोमीटर है जबकि कटिहार मुख्यालय की दूरी लगभग 35 किलोमीटर। लक्ष्मीपुर गुरुद्वारे में गुरु तेग बहादुर जी महाराज से जुड़ी कई अनमोल धरोहर आज भी सुरक्षित है, इनमें हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब प्रमुख है, जो लगभग 40 किलोग्राम का है। कहा जाता है कि गुरु तेग बहादुर जी के कटिहार प्रवास के दौरान अचानक बाढ़ आ जाने के कारण पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब गंगा नदी के आगोश में समा गया। लगभग 180 दिनों बाद जब बाढ़ का पानी उतरा तब गंगा नदी से यह पूरी तरह सुरक्षित मिला। यहां दशम गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का हुक्मनामा भी उपलब्ध है, जिसके जरिए गुरु गोविंद सिंह जी महाराज क्षेत्र के श्रद्धालुओं से सीधा संवाद किया करते थे। प्रत्येक वर्ष यहां गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर देशभर के श्रद्धालु हजारों की संख्या में जुटते हैं। वैशाखी के अवसर पर भी यहां विशेष आयोजन होता है, जिसमें शबद-कीर्तन और ज्ञानी जत्था रागियों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन भी शामिल है, जो कई दिनों तक चलता है। आस-पास बहुत नजदीक में आधा दर्जन से अधिक गुरुद्वारा रहने के कारण यहां सिखों की संख्या काफी अधिक है, विशेष कर लक्ष्मीपुर तो सिख बाहुल्य गांव है। यहां आकर आप अपने को मिनी पंजाब में महसूस कर सकते हैं। वैसे भी लक्ष्मीपुर गुरुद्वारा को बिहार के स्वर्ण मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।

● डॉ ध्रुव कुमार

कुषाणकालीन शिक्षण केंद्र तेल्हाड़ा विश्वविद्यालय

डा. ध्रुव कुमार



प्राचीन काल में मगध सिर्फ सत्ता का ही केंद्र नहीं था बल्कि वर्षों तक उसकी राजधानी रही राजगृह के समीप नालंदा और इसके आसपास का इलाका शिक्षा का एक अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्ध केंद्र के रूप में प्रसिद्ध था। अब तक दुनिया को यह ज्ञात था कि गुप्तकालीन नालंदा विश्वविद्यालय और भागलपुर स्थित विक्रमशिला विश्वविद्यालय बिहार के प्राचीन शिक्षा के केंद्र थे लेकिन हाल के वर्षों में हुए उत्खनन से यह प्रमाणित हो गया है कि गुप्त और पाल कालीन शिक्षण केंद्र के अतिरिक्त बिहार में एक कुषाण कालीन शिक्षा केंद्र भी मौजूद था, जहां देश और देश के बाहर के छात्र भी अध्ययन के लिए आते थे। नालंदा जिले के एकंगरसराय प्रखंड के तेल्हाड़ा गांव के दक्षिण-पश्चिम में स्थित टीले के गर्भ में एक बौद्ध कालीन महाविहार यानी अध्ययन केंद्र छुपा है यह किसी को ज्ञात न था। लेकिन उत्खनन से प्राप्त अवशेषों के आधार पर भारतीय इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है, जिसने बिहार के गौरव को और भी बढ़ा दिया है। तेल्हाड़ा विश्वविद्यालय, नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना से लगभग 4 शताब्दी पूर्व एक विश्वविद्यालय के रूप में सामने आया है। बौद्ध कालीन महाविहार के अवशेष के साथ कुषाण कालीन शिलालेख, मूर्तियां और करीब एक सौ से अधिक प्राप्त सामग्रियों के आधार पर इसे नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना से कम से कम चार शताब्दी पूर्व का विश्वविद्यालय माना जा रहा है। इस विश्वविद्यालय के उद्भेदन की एक रोचक कथा है। 2007 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी यात्रा के दौरान जब तेल्हाड़ा गांव गए, तब वहां के मुखिया अवधेश गुप्ता ने इस पुरातत्व स्थल के उत्खनन करवाने का उनसे अनुरोध किया। जांचोपरांत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यह ज्ञात हुआ कि यह एक पुरातात्विक स्थल है। लिहाजा 2009 में 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वयं यहां जाकर उत्खनन कार्य का श्रीगणेश किया। लगभग 5 साल की खुदाई के उपरांत यहां से एक भव्य विश्वविद्यालय के स्ट्रक्चर के साथ कुषाणकालीन चीजें भी मिली। इससे यह भी ज्ञात हुआ कि विश्वविद्यालय का समय-समय पर जीर्णोद्धार भी होता रहा। यहां भगवान बुद्ध की अभय मुद्रा में 4 फीट की मूर्ति भी मिली है। इसके अतिरिक्त देवी तारा, मारिची और हारीती की मूर्ति भी यहां से मिली है। साथ ही खुदाई में एक सौ से अधिक ऐसी चीजें मिली हैं, जो साबित करती है कि तेल्हाड़ा का विश्वविद्यालय, नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय से काफी प्राचीन है। गौरतलब है कि नालंदा को चौथी और विक्रमशिला को आठवीं शताब्दी का विश्वविद्यालय माना जाता है जबकि तेल्हाड़ा का विश्वविद्यालय कुषाण कालीन होने के कारण इसे प्रथम शताब्दी का विश्वविद्यालय माना जाता है, यानी नालंदा से लगभग 400 साल पुराना। तेल्हाड़ा विश्वविद्यालय कुषाण कालीन ईंटों से निर्मित है और कुषाण काल की मुहरें भी यहां से में मिली हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि नालंदा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ का प्राचीन नाम उदंतपुरी (ओदंतपुरी) था और माना जाता है कि यहां बौद्ध विहारों की बहुलता थी और इन्हीं 'विहारों' के कारण इसका नाम 'बिहार' पड़ा, जो मुस्लिम युग में बिहारशरीफ हो गया। बिहार प्रदेश के नामकरण भी इन्हीं विहारों की बहुलता के कारण विहार हुआ जो बाद में बिहार हो गया। उदंतपुरी विश्वविद्यालय तंत्र विद्या की शिक्षा के कारण समकालीन सभी विश्वविद्यालयों में अनूठा था। ओदंतपुरी विश्वविद्यालय की स्थापना पाल वंश के संस्थापक गोपाल (730 - 740 ई.) ने यहां पर एक महाविहार के रूप में की थी, जो देखते-देखते महत्वपूर्ण शिक्षा का केंद्र बन गया। बाद के पाल राजाओं ने नालंदा विश्वविद्यालय के साथ इसे भी संरक्षित किया। यहां 1000 विद्यार्थियों के रहने और शिक्षा ग्रहण करने की व्यवस्था थी, जो यहां दूर-दूर से अध्ययन के लिए आते थे। यहां पढ़ने आने वालों में तिब्बत से आए विद्यार्थियों की संख्या अधिक थी। यहां के प्रमुख विद्यार्थियों में दीपंकर श्रीज्ञान का नाम शामिल है, जिसने बौद्ध धर्म दर्शन का ज्ञान अर्जित करने के उपरांत विक्रमशिला विश्वविद्यालय का प्रधान आचार्य बना और उसने तिब्बत जाकर वहां लामा संस्था की स्थापना की। यहां के प्रसिद्ध विद्वान आचार्यों में महारक्षित, शीलरक्षित, चंदकीर्ति और धर्मरक्षित का नाम शामिल है। माना जाता है कि ओदंतपुरी विश्वविद्यालय में एक संपन्न पुस्तकालय भी था, जहां बौद्ध और ब्राह्मण साहित्य की बहुमूल्य सैकड़ों पुस्तके संग्रह थी। इस विश्वविद्यालय का भी अंत बख्तियार खिलजी के नेतृत्व में यहां आए आक्रमणकारियों द्वारा हुआ।



यहां जाकर उत्खनन कार्य का श्रीगणेश किया। लगभग 5 साल की खुदाई के उपरांत यहां से एक भव्य से पालकालीन सामग्रियां प्राप्त हुई थी। लेकिन जैसे-जैसे नीचे स्तर (लेयर) की खुदाई हुई, महाविहार उद्घाटित हुआ। शुरुआती खुदाई के दौरान इसे पालकालीन महाविहार माना गया, क्योंकि यहां

ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

निजी विद्यालय में गार्ड की नौकरी करता था जितेंद्र, घर में छाया मातम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गड़हनी (भोजपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर डीएवी स्कूल के पास एक व्यक्ति का ट्रक की चपेट आने से मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक जितेंद्र सिंह (60 वर्ष) चरपोखरी थाना क्षेत्र के सियाडीह निवासी स्व कामख्या सिंह के पुत्र थे। वह स्कूल में गार्ड की नौकरी करता था। मौत के बाद स्थानीय लोगो ने सड़क जाम कर दिया और मुआवजा की मांग करने लगे। जाम के कारण मुख्य सड़क के दोनों किनारों पर वाहनों की लंबी लाईन लग गयी। कुछ जनप्रतिनिधियों व


घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

पुलिस के मदद से परिजनों को समझाने- बुझाने के बाद दोपहर करीब 2:30 बजे जाम हटा। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया और ट्रक को जब्त कर लिया। स्थानीय लोगो ने बताया कि सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण की चपेट में है, जिस कारण मुख्य सड़क काफी अपने वास्तविक चौड़ाई से काफी संकीर्ण हो गई है। घटना के बाद से मृतक के घर में मातम पसरा हुआ है। उनकी पत्नी बिंदु देवी व छोटा भाई उपेंद्र सिंह का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक दो भाई थे, जिसमें ये बड़े थे। एक सप्ताह पहले छोटे भाई की बेटी की शादी हुई थी लेकिन एक सप्ताह बाद ही घर में मातम पसर गया। घटनास्थल पर पहुंचे जदयू जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ सिंह, लालबाबू सिंह, इमरान अहमद उर्फ सोनू एवं अमजद हुसैन ने परिवहन विभाग से जल्द मुआवजा देने की मांग किया है। लोगों ने कहा कि मृतक बहुत गरीब परिवार थे, गार्ड के नौकरी कर किसी तरह घर चलाते थे।

बबुरा पुल के समीप लवारिस शव बरामद

बड़हरा (भोजपुर)/ नबिटा संवाददाता। बड़हरा प्रखंड के बबुरा छोटी पुल के समीप पुलिस ने एक शव को गंगा नदी से मंगलवार देर शाम बरामद किया है। शव की पहचान अभी तक नही हुआ है। बताया जा रहा है कि गंगा नदी के भागड़ में एक शव को उपलाते देखा गया। स्थानीय लोगों ने बबुरा थाना को सूचना दिया। पुलिस ने एसडीआरएफ को तुरत सूचना दी। मौके पर एसडीआरएफ टीम पहुंचकर शव को बाहर निकाला। प्रथम दृष्टया शव को देखने से प्रतीत होता है कि उसका उम्र करीब 50 वर्ष के आसपास होगा। उसका रंग सांवला है। मृतक की लम्बाई 5 फीट 7 इंच है। वह ब्लू रंग का टी शर्ट और ब्लू रंग का जिंस पैंट पहना हुआ बताया जा रहा है। शव की शिनाख्त नही हो सकी है।

हत्यारोपित ससुर गिरफ्तार, जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। पोगर गांव में विवाहिता हत्या मामले में नामजद अभियुक्त ससुर विजय चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में मृतका के पिता रोहतास जिला के विक्रमगंज खैर भूधर गांव निवासी संतोष पासी ने 23 मार्च को प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए उल्लेख किया था कि मेरी पुत्री मृतका रेखा कुमारी का 7 जुलाई 2024 को रफीगंज थाना क्षेत्र के पोगर गांव निवासी विजय चौधरी के पुत्र सुरदीप चौधरी के साथ हुआ था। शादी के समय अपनी बेटी के नाम से एक मोटरसाइकिल तथा अन्य सा जो सामान एवं 1 लाख उपहार के तौर पर दिए हुए थे। शादी के 1 महीने बाद मेरी लड़की को ससुराल पक्ष के लोग मारपीट करने लगे। 23 मार्च 2025 की सुबह करीब 6 बजे के आसपास मेरी बेटी से बात हुई तो मेरी बेटी ने बताई कि मेरे ससुराल के लोग दहेज के लिए मारपीट कर रहे हैं। फिर थोड़ी देर बाद मेरी बेटी के भैसुर बताते हैं की रेखा देवी की मृत्यु हो गई है। इस संबंध में रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी में अभियुक्त विजय चौधरी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजा गया है तथा पूर्व में एक अन्य आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। बता दें की प्राथमिकी में छः लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

सड़क दुर्घटना मौत मामले में प्राथमिकी दर्ज

रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता। रफीगंज के कियाखाप गांव में शुक्रवार की संध्या अज्ञात वाहन की चपेट में आने से इसी गांव के नागेश्वर यादव उर्फ छन्नू यादव की पत्नी कुसुम देवी की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका के पति नागेश्वर यादव उर्फ छन्नू यादव ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख किया है कि घटना के दिन मेरी पत्नी सड़क के अपने किनारे से घर आ रही थी। इसी बीच रफीगंज की ओर से शिवगंज की तरफ जा रही। अज्ञात चार पहिया वाहन ने विपरीत साइड में जाकर चालक द्वारा लापरवाही एवं तेज गति से टक्कर मार दिया गया। जिससे मेरी पत्नी की मौत हो गई। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पूरे भारत में एनडीए और भाजपा के प्रति अपार उत्साह : सुशील सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा है कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रति लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता और विकासोन्मुख नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल संचालन में भारत अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है। विदित हो कि सुशील कुमार सिंह 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत हाल ही में छत्तीसगढ़ और झारखंड के दौरे पर थे। इस यात्रा के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी के विचार और योजनाएं आमजन के दिलों में घर कर चुकी हैं। उन्होंने कहा, ''लोग प्रधानमंत्री




की नीतियों से न सिर्फ प्रभावित हैं, बल्कि उन्हें एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निर्णायक कदम के रूप में देख रहे हैं। पूर्व सांसद ने छत्तीसगढ़ और झारखंड में रहने वाले बिहारी समाज और स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया और सांस्कृतिक एकता की भावना को बल दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता का जीवंत उत्सव है। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रेरित यह पहल राज्यों के बीच भाषाई, सांस्कृतिक और सामाजिक दूरी को कम कर रही है। यह अभियान भारत की साझी विरासत और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का कार्य कर रहा है।' बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी उन्होंने झारखंड और छत्तीसगढ़ में बसे बिहारी मतदाताओं से अपील की कि वे मतदान के दिन बिहार अवश्य आएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लें। उन्होंने कहा कि बिहार में भी भाजपा और एनडीए को लेकर लोगों में विशेष उत्साह है और यह संकेत है कि जनता विकास और स्थायित्व चाहती है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश की जनता एक बार फिर मोदी सरकार पर भरोसा जताकर राष्ट्र निर्माण के इस अभियान को और गति देगी।

सड़क से सदन तक लड़ेंगे किसानों की लड़ाई : राजेश राम

उचित मुआवजे दिए बगैर भूमि अधिग्रहण के खिलाफ किसानों के साथ जनप्रतिधि हुए एकजुट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। वाराणसी से कोलकाता के बीच निर्माणाधीन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए किसानों की कृषि योग्य भूमि के जबरन अधिग्रहण के खिलाफ औरंगाबाद जिला मुख्यालय स्थित दानी बिगहा मैदान में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने महाधरना दिया। इस धरना को राजनीतिक ताकत भी मिली जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व कुटुंबा विधायक राजेश राम, काराकाट सांसद राजाराम सिंह, नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह और औरंगाबाद विधायक आनंद शंकर सिंह मंच पर पहुंचे और किसानों की आवाज को बुलंदी किया। धरना की अध्यक्षता महसू गांव के किसान अरविंद सिंह



ने की जबकि संचालन विकास सिंह ने किया। किसानों की मांगों के समर्थन में पहुंचे नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा और अधिग्रहण प्रक्रिया को अन्यायपूर्ण करार दिया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा, ''किसानों के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी। जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलेगा, हम चैन से नहीं बैठेंगे।'' काराकाट से सीपीआई सांसद राजाराम सिंह ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, ''कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण रुकना चाहिए। यह अमृतकाल नहीं, मित्रकाल है जिसमें केवल प्रधानमंत्री के उद्योगपति मित्रों का हित देखा जा रहा है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि एक्सप्रेस-वे के नाम पर किसानों की जमीन छीनी जा रही है, जबकि आसपास पहले से सड़कें मौजूद हैं। नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह ने बताया कि ''बिहार में सबसे अधिक भूमि अधिग्रहण इसी परियोजना में हो रहा है। बिना उचित मुआवजा दिए जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। अगर सरकार नहीं चेती तो किसान चुनाव में इसका जवाब देंगे। औरंगाबाद विधायक आनंद शंकर सिंह ने किसानों से अन्याय के खिलाफ संगठित होने का आह्वान करते हुए कहा, ''अगर मेरे क्षेत्र से बाहर भी किसानों की जमीन पर बिना मुआवजा कब्जा हुआ, तो मैं मौके पर पहुंचकर प्रशासन से भिड़ूंगा। सरकार यदि नहीं मानी, तो हम एक्सप्रेस-वे निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी के कैंप गेट पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे। भारतीय किसान यूनियन के बिहार-झारखंड प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने भी सरकार को चेताते हुए कहा कि ''किसानों के साथ अमानवीय व्यवहार अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन को किसानों की भावनाओं की कद्र करनी होगी। धरना में जिले के सैकड़ों किसान शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से वशिष्ठ प्रसाद सिंह, राजकुमार सिंह, नरेंद्र राय, गया पांडेय, भोला पांडेय, सतीश सिंह और रणविजय सिंह जैसे नेता भी मौजूद थे। धरना के माध्यम से किसानों और जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट संकेत दिया कि अब अन्याय के खिलाफ एकजुट संघर्ष होगा और जब तक न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।

प्रखंड बीस सूत्री कार्यालय का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। मदनपुर प्रखंड परिसर में स्थित बहुद्देशीय सभागार भवन में प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति कार्यालय का पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह उर्फ शमशेर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रखंड बीस सूत्री के सदस्य सचिव डॉ. अतुल कुमार आर्य, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि कुंदन सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष मनोरंजन सिंह, पैक्स



अध्यक्ष रमेश सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सतीश कुमार पाठक, मनिका पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, उत्तरी उमंगा पैक्स अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कुमार पाठक, सदस्य टुनटुन सिंह, अजय कुमार पाठक, प्रेम रिकियासन, मिथिलेश राम, तपेश्वर वर्मा, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, टुनटुन सिंह, हरेंद्र सिंह, पैक्स अध्यक्ष अनुज सिंह, अनुज मेहता, जनता दल यू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, तेतरिया निवासी राकेश सिंह, परचम सिंह आदि शामिल थे। पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष सिंह ने कहा कि प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति सदस्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें। कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा करें। सरकारी विभागों द्वारा किए जा रहे योजनाओं का कमेटी गठन क्रियान्वयन में सहयोग करें ताकि योजनाओं का लाभ उचित लोगों तक पहुंच सकें। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि मदनपुर प्रखंड में संचालित सरकारी योजनाएं शत-प्रतिशत लोगों तक पहुंच रहा है। बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह उर्फ शमशेर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के सभी वर्गों के लाभार्थियों तक पहुंचाने का दायित्व हम सभी लोगों का है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन लक्ष्य पूरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 मे नामांकन का सौ फिसदी लक्ष्य पूरा कर लिया गया। वार्डेन कविता कुमारी ने बताया कि जबसे मैंने प्रभार संभाला है, विद्यालय को बेहतर करने के पूरे प्रयास में लगी हूं। मीनू के अनुसार छात्राओं को रुचिकर भोजन, दैनिक सामग्री का वितरण, स्वच्छता एवं साफ सफाई पर ध्यान देना, सभी बच्चों के लिए अलग-अलग बेड की व्यवस्था करना, सामान रखने के लिए बक्सा उपलब्ध कराना, मनोरंजन हेतु नया टीवी लगवाना इत्यादि बहुत से कार्य किए गये। उक्त बेहतर व्यवस्था को देखते हुए प्रखंड एवं दूसरे प्रखंड के अभिभावकों ने अपनी बच्चियों का नामांकन करना शुरू किया। जिसके कारण शैक्षणिक सत्र 2025- 2026 के प्रारंभिक माह अप्रैल 2025 में ही कुल नामांकन के लक्ष्य को पूरा कर लिया गया। वार्डेन कविता कुमारी ने बताया कि मेरा मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा बच्चों को दी जाने वाली सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे छात्राएं खुशी-खुशी यहां रहकर अच्छे तरीके से पढ़ाई कर सके।

ट्रैक्टर ने लूना सवार को मारी टक्कर, मां की मौत, पुत्र घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। मंगलवार की दोपहर गोह थाना क्षेत्र के रफीगंज रोड स्थित डिहुरी नहर से हसनपुर जाने वाली पथ पर ट्रैक्टर ने लूना सवार को टक्कर मार दी, जिससे 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। जबकि लूना चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हसनपुर गांव निवासी दिनेश चौधरी की 45 वर्षीय पत्नी बसंती देवी अपने 20 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार के साथ लूना पर सवार होकर बाजार जा रहा थी। जैसे ही डिहुरी नहर के समीप पहुंचा की टेन्ट लदा हुआ ट्रैक्टर लूना पर अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। जिसके कारण महिला की मौत हो घटनास्थल पर हो गई। ग्रामीणों ने घायल युवक को पीएचसी गोह में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति सामान्य देखते हुए घर भेज दिया गया है। वहीं मां की मौत पर पुत्र व परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है। घटना की सूचना पर पहुंची गोह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दी है।

जदयू एमएलसी ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का कराया आयोजन

500 से अधिक लोग हुए लाभान्वित, दवा एवं चश्मे का भी हुआ वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। बड़हरा प्रखंड के सरैया बाजार स्थित स्वामी सूर्यनाथ उच्च विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजनकर्ता जदयू के पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह थे। शिविर में क्षेत्र के करीब 500 से अधिक महिला पुरुष ने निःशुल्क आंख, बीपी, सुगर समेत अन्य बिमारियों का इलाज किया गया। लोगों की मदद के लिए डॉ. प्रभात मेमोरियल हीरामती हॉस्पिटल दिनकर चौराहा राजेंद्र नगर पटना व एएसजी सगुना मोड़ पटना की मेडिकल टीम थी। टीम में डा शाहनवाज (फिजिशियन), डा कृष्णमोहन (आंख), रुद्र प्रकाश, महेंद्र कुमार कश्यप, राम स्वरुप पांडेय, आनंद मिश्रा, संतोष कुमार व अन्य थे। एमएलसी शिविर में आंख का चश्मा निःशुल्क जरुरतमंदो के बीच वितरण किया गया। गौरतलब हो कि पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाये है। उनकी सेवा में गरीबों की सहायता के उदेश्य से अस्पताल को एम्बुलेंस, मेधावी छात्रों को छात्रवृति,



सड़क निर्माण, कंबल वितरण, कोरोना काल में मास्क व भोजन वितरण, नये स्कूल की स्थापना, पंचायतों में नाली-गली का पक्का निर्माण, मुफ्त सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, लघु व गृह उद्योग के प्रशिक्षण केंद्र समेत दर्जनों सहायता कर मिशाल कायम किए है। इनकी चर्चा क्षेत्र के लोगों के हर जुबान पर रहती है। मौके पर पप्पू सिंह समेत भारी संख्या में समर्थक सहयोग करते रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

ऑपरेशन अभ्यास

(केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार)

आपातकालीन तैयारी का अभ्यास

सायरन अलर्ट को समझें
(हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का मतलब जानें। नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता आपको इसका प्रशिक्षण देंगे)

हवाई हमले से बचाव के तरीके सीखें
(नागरिकों और छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र होंगे। हमले से बचाव के तरीके सीखें)

क्रैश ब्लैकआउट प्रक्रिया का पालन करें
(शहर की बिजली एक साथ बंद हो सकती है ताकि हवाई हमले से बचा जा सके। घबराएं नहीं, यह सुरक्षा के लिए है)

निकासी योजना में सहयोग दें
(आपातकाल में सुरक्षित निकासी के लिए मॉक ड्रिल में हिस्सा लें)

यह अभ्यास झारखण्ड के केवल 5 जिले **रांची, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, साहेबगंज और गोड्डा में होगा**

ब्लैकआउट के दौरान वैकल्पिक **बिजली व्यवस्था, जैसे जनरेटर, इन्वर्टर या टॉर्च आदि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए**

ब्लैकआउट के दौरान सभी **खिड़कियों को मोटे पर्दे से ढक देना चाहिए**

लोगों को मॉक ड्रिल के दौरान **अधिकारियों के साथ सहयोग करना चाहिए**

जिला प्रशासन आपातकालीन निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए **कुछ सड़कों को सार्वजनिक उपयोग के लिए बंद कर सकता है**

आम जनता से अनुरोध है कि **शाम 4 से 7 बजे घरों की बिजली ना जलाएं और गाड़ियों के हेडलाइट बंद रखें**

7 मई 2025 को शाम 4 बजे से होने वाले नागरिक सुरक्षा

मॉक ड्रिल में भाग लें

जागरुक रहें, सुरक्षित रहें!

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR-351811 (IPRD) 25-26

छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

जीनएम का छात्र था मृतक प्रकाश चंद्रा उर्फ डब्लू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर के सिन्हा कॉलेज मोड़ के समीप रामडीहा मुहल्ले में एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान ओबरा प्रखंड के खुदवां थाना क्षेत्र के बिच्छहां गांव निवासी देवेंद्र सिंह के पुत्र प्रकाश चंद्रा उर्फ डब्लू (25 वर्ष) के रूप में हुई है। युवक ने फांसी क्यों लगाई इसकी स्पष्ट जानकारी अभी तक किसी को नहीं है। घटना के बाद घर का इकलौता चिराग बुझ गया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि प्रकाश चंद्रा पिछले कई वर्षों से औरंगाबाद शहर के रमडीहा गांव में किराए पर रूम लेकर पढ़ाई करता था। वह मध्यप्रदेश से जीएनएम से पढ़ाई भी कर रहा था। वह द्वितीय वर्ष का छात्र था। इसके अलावा वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करता था। उसके रूम के बगल में गांव के ही अन्य छात्र रहकर पढ़ाई करते थे। सोमवार की रात परिजनों से उसने फोन पर बात की थी, लेकिन मंगलवार की दोपहर बगल के रूम में रह रहे लड़कों ने प्रकाश चंद्रा का दरवाजा खुलवाना चाहा तो वह काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद अनहोनी की आशंका से छात्रों ने दरवाजा तोड़ दिया। इसके बाद अंदर का नजारा देख सभी दंग रह गए। देखा कि प्रकाश ने पंखे के सहारे आत्महत्या कर लिया और फोन नीचे गिरा हुआ था। छात्रों ने शोर मचाया तो आस-पास के लोग पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। थोड़ी देर बाद परिजन भी वहां पहुंचे। इधर, पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि फांसी लगाकर एक युवक द्वारा आत्महत्या का मामला सामने आया है। मृतक के चाचा द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर यूडी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हत्या सहित अन्य अपराधों में 37 गिरफ्तार

औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु विभिन्न कांडों के 37 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई।

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



एम.पी.जैन
समाजसेवी, पटना



डॉ. गीता जैन
अध्यक्ष
बिहार प्रादेशिक महिला अग्रवाल सम्मेलन

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



डॉ. उदय कुमार
शेरघाटी (गया)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



मृत्युंजय पाण्डेय
प्रखंड अध्यक्ष- कांग्रेस
- सह-
टॉप केकस
धनरूआ (पटना)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



उदय शंकर सिंह
वरीय जन सुराज नेता
एवं भावी प्रत्याशी
114 मांझी विधानसभा क्षेत्र
सारण (बिहार)



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रवि कुमार
मुखिया, कुरकुरी पंचायत, फुलवारी शरीफ, पटना

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



डॉ. उदय कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी
बांके बाजार (गया)

शुभकामनाओं के साथ

सुशील कुमार

आयुक्त के सचिव- सह-
क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक
मगध प्रमंडल, गया



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं

नवाब आलम
चर्चित संस्था सूत्रधार, वरिष्ठ रंगकर्मी,
राजद नेता सह अधिवक्ता



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं

फारूक रजा
पूर्व प्रत्याशी, पाटलीपुत्रा लोकसभा, ए आई एम आई एम



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रॉकी कुमार
सामाजिक कार्यकर्ता, संपतचक, नगर परिषद वार्ड नंबर 14



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं

भाई सनोज यादव
भाजपा नेता (दानापुर विधानसभा क्षेत्र)



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ऋषभ राय उर्फ बंटू
संपतचक (पटना) नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं

संतोष कुमार सिंह
सकरैचा पंचायत, पुनपुन, पटना



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं

गोपाल रविदास
विधायक, भाकपा माले, फुलवारी (सु) विधानसभा क्षेत्र, पटना

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई

श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बी.एड.कॉलेज
मगध विश्वविद्यालय से संबद्धता, NCTE एवं BSEB से मान्यता प्राप्त



B.Ed. एवं D.EL.Ed. में प्रशिक्षण के लिए बेहतर संस्थान
A.N.M. G.N.M. में प्रशिक्षण की बेहतर सुविधा

अजय सिंह
सचिव

दरभंगा, देव मोड़, औरंगाबाद (बिहार)
मो. : 9334117454, 7277717133

अभय सिंह
निदेशक



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अमित कुमार
नगर परिषद अध्यक्ष, संपत चक (पटना)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई

डॉ. श्रीकान्त
सहायक निदेशक
जिला उद्यान
औरंगाबाद (बिहार)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

कौशल प्रसाद सिंह
निदेशक
KPS STRUCTURE
MAKERS PVT. LTD.
PACHAR, RAFIGANJ, AURANGABAD (BIHAR)

कारकाट लोकसभा क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों समेत सभी देशवासियों को नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ पर

हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं



अजय कुमार
35 कारकाट लोकसभा (बिहार)

संक्षिप्त समाचार

सड़क दुर्घटना में युवक हुआ जख्मी

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। हुसैनगंज थाने के माहपुर गांव के समीप मंगलवार की सुबह बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया.घायल युवक नौशाद हुसैनगंज निवासी मो आलम का पुत्र है.घटना के संबंध में युवक द्वारा बताया कि असंतुलित हो जाने के कारण उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त ही गई.स्थानीय लोगों की मदद से घायल को पहले सीएचसी हुसैनगंज उसके बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया.घायल की हालत गंभी होने के कारण डॉक्टरों द्वारा उसे रेफर कर दिया गया.

करंट लगने से युवक हुआ जख्मी

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मुफ्फसिल थाने के झुनापुर मियां टोली में मंगलवार की सुबह में बिजली का करंट लगने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया.जख्मी युवक मोनू झुनापुर मियां टोली निवासी हसनराज मियां का पुत्र है.घटना के संबंध में परिवार के लोगों ने बताया कि घायल युवक अपने घर में बिजली का काम कर रहा था.एसी दौरान असतर्कता वश बिजली के करंट के संपर्क में आ गया.करंट लगने से मोनू गंभीर रूप से जख्मी हो गया.परिवार के लोगों ने उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया. हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया.

नाबालिग छात्रा से छेड़खानी में दो को तीन वर्ष की सजा

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। कोचिंग से घर लौट रही एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद प्रसाद ने दो आरोपियों को दोषी पाते हुए उन्हें तीन-तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वहीं प्रत्येक को 51000 जुमार्ना भी देने का आदेश दिया है।सजायाफ्ता शमशेर आलम तथा मजरे आलम बेतिया मुफस्सिल थाने के बारी टोला गांव के रहने वाले हैं। पोक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक वेद प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि घटना 3 जनवरी वर्ष 2018 की है। घटना के दिन एक नाबालिक छात्रा कोचिंग कर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में दोनों अभियुक्त मिलकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे ।उसके द्वारा हल्ला करने पर अगल-बगल के खेत में काम कर रहे मजदूरों को दौड़कर आता देख दोनों फरार हो गए। इस संबंध में नाबालिग के पिता ने अभियुक्तों के विरुद्ध बानू छापर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई थी ।इसी मामले की सुनवाई पूरी करते हुए विशेष न्यायाधीश ने दोनों को यह सजा सुनाई है।

दिव्यांगता शिविर का किया गया आयोजन

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया में दिव्यांगता शिविर का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनुपम प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को किया गया। जिसमें जीरो से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों



का प्रमाण पत्र वितरण कर स्वास्थ्य जांच किया गया।इस दिव्यांगता शिविर में डॉ. सुमित कुमार राजीव कुमार सिंह, रविंद्र कुमार शर्मा समेत शिक्षा विभाग के शिक्षक भी शामिल हुए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनुपम प्रसाद ने बताया कि इस शिविर में 44 बच्चों की जांच की गई जिसमे 19 बच्चों को विशेष चिकित्सा एवं जांच के लिए जीएमसीएच बेतिया भेजा गया तथा 25 बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाया गया।

अलग-अलग मामले में तीन गिरफ्तार

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिकारपुर पुलिस ने अलग अलग मामले में तीन लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार लोगो मे धुमनगर निवासी सगीर आलम, एवं भंटाहवा पिपरा गाव निवासी समीर आलम शामिल है। दोनों मारपीट मामले में प्राथमिक अभियुक्त है। वही दूसरी ओर अपहरण मामले में एक अप्रथमिक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बानुछापर निवासी शिम्पू सर्राफ उर्फ वरुण के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि अलग अलग मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में दो मारपीट मामले में प्राथमिक अभियुक्त एवं एक अपहरण मामले एक अप्रथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। जिसे अग्रिम करवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

शराब पीने के आरोप में एक गिरफ्तार

सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चैनपुर थाना अंतर्गत चैनपुर बाजार में शराब पीकर हंगामा कर रहे एक शराबी व्यक्ति को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया तथा शराब अधिनियम कानून के तहत कार्रवाई करते हुए मंगलवार को अग्रेतर कार्रवाई के लिए सिवान न्यायालय भेजा गया इस संदर्भ में थानाध्यक्ष ने जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपी सिसवन थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी शैलेश यादव है ।

बेल्ट्रान की परीक्षा में सफल छात्रों को एसडीएम ने किया सम्मनित

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगर के ब्लॉक रोड स्तिथ एलीट कम्प्यूटर क्लास के 26 बच्चों ने बेल्ट्रान की परीक्षा में सफलता हासिल की है। छात्रों ने डेटा इंट्री ऑपरेटर, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि, तकनीकी सहायक, कार्यालय सहायक समेत अन्य पदों पर सफलता प्राप्त की है। इस सफलता को लेकर मंगलवार को संस्थान द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ सूरज कुमार ने सभी सफल छात्रों को मोमेंटो एवं प्रस्सति पत्र देकर उनका हौसला अफजाई किया और



उनके बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। एसडीएम श्री गुप्ता एवं बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने अपने संबोधन के दौरान शिक्षा रोजगार को लेकर कई आवश्यक जानकारी दिए और जीवन के मूल मंत्र को बताया। वही संस्था के निदेशक पवन कुमार ने बताया कि छात्रों की यह सामूहिक सफलता हमारे संस्थान के साथ साथ क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है। इसमें शिक्षकों का प्रयास और छात्रों की अथक मेहनत व लग्न से यह परिणाम सामने आया है। उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान से किताबी ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करने पर पहल किया जाता है ताकि बच्चे आज के परिवेश में वास्तविक चुनौतियो का सामना कर सके। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रकाश कुमार ने किया। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक काशीनाथ प्रसाद, शिक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव, धरनिकान्त मिश्र, बिरेन्द्र कुमार सिंह, राजीव रंजन, विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।

इन छात्रों ने हासिल की है सफलता

बेल्ट्रान की परीक्षा में विभिन्न पदों पर सफलता हासिल करने में कुमारी पुष्पलता ने बिहार में सातवां रैंक लाया है। इसी तरह निशा कुमारी ने 13 वा, तैय्यब फिरदौस ने 33 वा प्रिंस कुमार 52, सूरज कुमार 56, नेहा कुमारी 61, शिखा मिश्रा 78, निकेश कुमार ओझा 88, रौशनी कुमारी को 94, सुनीता कुमारी 102, नितेश कुमार 107, कुंदन कुमार 118, अभिज्ञा कुमारी,119, सन्नी कुमार 132, सलोनी कुमारी 138, मनीष कुमार 148, रिया राय 151, दिव्यांशु मिश्र व एमडी अमानत 161, पल्लवी कुमारी 173, सोनू कुमार साह 177, बलजीत कुमार 178, सोनम कुमारी 189, रीमा कुमारी 204, विवेक कुमार 308, हिमांशु कुमार 416 वा रैंक लाया है।

डिक्कीबाजों ने उड़ाए 80 हजार रुपये

बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर देखते हुए नगर के एन एच मुख्य सड़क व गलियारों में हुई सीसीटीवी कैमरा नगर के चौक चौराहों की निगरानी की जा रही है । इसके अलावा नगर के कई प्रतिष्ठानों दुकानों में भी सीसीटीवी लगा हुआ है। इसके बावजूद चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहें है। चोरों को सीसीटीवी लगने से कोई फर्क नहीं पड़ता नजर आ रहा है।इसी क्रम में सोमवार को नगर थाना के उन पैलेस के पास बाइक की डिक्की खोलकर 80000 हजार रुपया अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। हालांकि चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद है।पीडित चौतरवा थाना के पतिलार निवासी अमरेंद्र शुक्ल ने नगर थाना में आवेदन दिया है।

विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

बाइक और नगद रुपयों के लिए ससुराल वालों ने की विवाहिता की हत्या

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शहर के बानूछापर थाना क्षेत्र के निमिया टोला वार्ड 29 में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गयी। ससुरालवालों का कहना है कि उसने फासी लगा कर आत्महत्या कर ली है। जबकि मृतका के मैके वालों का आरोप है कि दहेज के लिए ससुरालवालों ने उसकी हत्या कर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुयी है। मृतका की पहचान बानूछापर वार्ड 29 निवासी मनोहर साह की पत्नी रिंकू देवी (29)के रूप मे हुई है। रिंकू के पिता राजेंद्र साह ने बताया है कि रिंकू की शादी 2012 मे बेतिया के बानूछापर वार्ड 29 निवासी मनोहर साह के साथ किए थे। मंगलवार की सुबह 6.30 बजे रिंकु के पुत्र मनीष ने फोन कर बताया की मा मर गई है। हम लोग आठ बजे जब रिंकू के ससुराल पहुँचे तो देखा की इसके कमरे मे बिस्तर से नीचे जमीन पर शव पड़ा हुआ है। गले पर निशान था। उन्होंने बताया की दी तीन महिना पहले रिंकु ने फोन कर बताया की ससुराल वाले प्रताड़ित कर रहे है। जान मारने की धमकी भी दे रहे है। ससुराल मे आपसी विवाद चल रहा था। हम लोग आकर पंचायत कर मामले को सुलझा दिया। उसके बावजूद बाईक और नगद रुपयों की मांग ससुराल वालों के तरफ से की जा रही थी। राजेंद्र ने ससुराल वालो पर अपनी पुत्री रिंकू की गला दबा कर हत्या करने का आरोप लगाया है।

सड़क दुर्घटना में शराब तस्कर हुआ जख्मी

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मुफ्फसिल थाने के श्यामपुर एवं जीरादेई के बीच मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक शराब तस्कर गंभीर रूप से जख्मी ही गया.घायल शराब तस्कर कौशर अली मैरवा निवासी रफीउद्दीन का पुत्र है.घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक बाइक से पिट्ठू बैग में शराब लेकर मैरवा की तरफ से आ रहा था.रास्ते में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थे.पुलिस को चकमा देकर भागने के क्रम में उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई एवं थैले ने रखा शराब चारों तरफ बिखर गया.स्थानीय लोगों के मदद से पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया. घटनास्थल से सिर्फ बाइक मिली है.अक्सर देखा जाता है कि इस प्रकार की घटना में ऐसा देखा जाता है



कि दुर्घटना के बाद पब्लिक शराब को लूट लेती है.पुलिस जांच कर रही है कि बाइक कहीं चोरी का तो नहीं है.घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. **अशोक कुमार दास थानाध्यक्ष मुफ्फसिल**

सड़क दुर्घटनाओं में सामाजिक कार्यकर्ता समेत दो की मौत

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुयी दुर्घटना में एक सामाजिक कार्यकर्ता समेत दो लोगो की मौत हो गयी। सोमवार की शाम हीं बेतिया चनपटिया पथ में सड़क किनारे चार पहिया वाहन लगाकर खड़े सामाजिक कार्यकर्ता को बाइक सवार युवक ने धक्का मार दिया। जिससे युवक वहीं गिर पड़ा। और सिर से रक्तस्राव होने लगा। तत्क्षण वहां उपस्थित परिजन उन्हें लेकर बेतिया एक नीजी अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।युवक की पहचान नगर के नाजनीन चौक निवासी आसिफ इकबाल उर्फ ताजिर के रुप में हुयी है। वहीं अपनी पत्नी व पुत्री के साथ चारपहिया वाहन से चनपटिया की ओर जा रहे थे। चनपटिया थाना क्षेत्र के महना के समीप उनके चारपहिया वाहन का एक चक्का पंक्चर हो गया। नतीजतन साईड में वाहन लगाकर वे दूसरे गाड़ी का इंतजार करने लगे। तभी बाइक सवार युवक ने आकर उन्हें धक्का मार दिया जिससे वे वही गिर पड़े । तत्क्षण उन्हें बेतिया के नीजी अस्पताल लाया गया जहां उनकी मौत हो गयी। वहीं दूसरी ओर बेतिया सरिसवा पथ में बारी टोला के समीप सोमवार की देर रात में एक ट्रक के चपेट में आने से बाइक से अपने आवास जा रहे सिमेंट गोदाम के मुंशी की मौत हो गयी। मृतक की पहचान जहानाबाद जिला के बभना वार्ड नंबर 2 निवासी अरविंद कुमार(29) के रूप में हुई। वे बेतिया में एक सिमेंट कंपनी के गोदाम में मुंशी का काम करते थे। और सिंघाछापर में एक मकान में रहते थे। देर शाम में काम खत्म कर वे अपने आवास जा रहे थे। इधर दोनो शवों का पोस्टर्माटम कराकर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त बाइक, ट्रक को जब्त कर लिया है।

विधानसभा चुनाव को लेकर 10 मई से होगा शस्त्रों का भौतिक सत्यापन

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले जिले के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन थानों में जाकर कराना होगा। इसके लिए 10 मई से 31 मई तक की तिथि निर्धारित की गयी है। प.चंपारण के जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए बताया है कि इसी अवधि के दौरान शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। आसन्न चुनाव को ध्यान में रखते हुए, सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति धारकों को सत्यापन के लिए उपस्थित होने की आवश्यकता होगी।डीएम श्री राय ने थानावार सत्यापन के लिए दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी कर दी है। शस्त्र अनुज्ञप्ति धारकों को सत्यापन के लिए अपने शस्त्रों के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना होगा। जिलाधिकारी ने सभी दंडाधिकारियों को संबंधित थानों में निर्धारित अवधि में उपस्थित होकर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया है। इस बार शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सदेह उपस्थित होकर अपने अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराना होगा। कारणकि इस बार

सत्यापन के लिए दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

सत्यापन के दौरान कई विंदुओं पर उनसे जानकारी ली जायेगी। अनुज्ञप्तिधारियों को इस बार शस्त्र अनुज्ञप्ति धारित करने से लेकर अबतक उठाव किये गये कारतूसों की संख्या एवं उपयोग किये गये कारतूसों की संख्या का ब्योरा सत्यापन के दौरान देना होगा। इसके अलावे सत्यापन के दौरान अनुज्ञप्तिधारी का नाम, अनुज्ञप्ति संख्या, यूआईएन, धारित शस्त्र का प्रकार, नवीरकण की तिथि, वर्ष 2019 से या शस्त्र प्राप्ति से अबतक प्राप्त कारतूसों की संख्या, उपयोग किये गये कारतूसों की संख्या, सत्यापन की तिथि एवं समय, अनुज्ञप्तिधारी का हस्ताक्षर आदि शामिल है। जिलाधिकारी ने जारी आदेश में चार तिथियां निर्धारित की है। जिसमें जिले के सभी थानों में 10 मई, 17 मई, 24 मई एवं 31 मई को दंडाधिकारी स्वंय उपस्थित होकर थानों में अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करेंगे। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने सभी थानाध्यक्षों को संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्तर से नोटिस भेजकर शस्त्रों के सत्यापन के लिए उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को अनुश्रवण करने का निर्देश दिया है।

सात फेरों में चलेगी लालकुआं-कोलकाता-लालकुआं ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी



सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 05060/05059 लालकुआं-कोलकाता- लालकुआं वाया कप्तानगंज, पडरौना, तमकुही रोड, थावे, छपरा, सीवान ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन लालकुआं से 15 मई से 26 जून तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को तथा कोलकाता से 17 मई से 28 जून तक प्रत्येक शनिवार को 07 फेरों के लिये किया जायेगा.05060 लालकुआं-कोलकाता ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 15 मई से 26 जून तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को लालकुआं से दोपहर 01.35 बजे प्रस्थान कर मैलानी से शाम 06.30 बजे, गोला गोकरननाथ से शाम 06.55 बजे, गोंडा से रात्रि 11.25 बजे, दूसरे दिन गोरखपुर से रात्रि 02.15 बजे,थावे से सुबह 05.50 बजे, सीवान से सुबह 06.55 बजे, छपरा से सुबह 08.05 बजे, हाजीपुर से सुबह 09.15 बजे छूटकर कोलकाता रात्रि 11.55 बजे पहुंचेगी.वापसी यात्रा में, 05059 कोलकाता-लालकुआं ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 17 मई से 28 जून तक प्रत्येक शनिवार को कोलकता से सुबह 05.00 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से रात्रि 07.35 बजे, छपरा से रात्रि 09.40 बजे, सीवान से रात्रि 10.35 बजे, थावे से रात्रि 11.20 बजे दूसरे दिन गोरखपुर से रात्रि 02.45 बजे, गोंडा से सुबह 05.10 बजे,गोला गोकरननाथ से सुबह 09.12 बजे छूटकर लालकुआं अपराह्न 03.45 बजे पहुंचेगी.इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे. रेल यात्रियों से अनुरोध है कि समर स्पेशन ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन,रेल मदद 139 तथा ऑन लाइन वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं.

इलाज में कोताही को देख निजी नर्सिंग होम में जाने को विवश हैं मरीज

महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। क्षेत्र के मरीज को सस्ते में सही डॉक्टर से मरीज का इलाज हो इसके लिए बिहार सरकार अथक प्रयास कर रही है. महाराजगंज प्रखंड क्षेत्र के पीएचसी, अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र बालियां में अनुमंडल अस्पताल में योग्य डॉक्टर हैं. लेकिन उनके सहयोग में काम करने वाली कुछ



जीएनएम जिस भी टेबल पर हैं मरीज के साथ कुशल व्यवहार नहीं करती है.

मरीज सरकारी अस्पताल पहुंच कर रजिस्ट्रेशन तो करा लेते हैं मगर जब किसी तैनात जीएनएम के पास जाते हैं, संतोष जनक व ससमय इलाज नहीं मिलने पर बाहर के डॉक्टर के पास जाने को विवश हो जाते है. इस संबंध में मरीजों के द्वारा बताया गया कि यह कोई एक दिन की बात नहीं है आए दिन इस तरह होता है. मंगलबार के दिन जगदीशपुर गांव के मरीज समसुद्दीन मियां को एक बस से धक्का लगा था. उनकी कानी अंगुली टूटी थी. डॉक्टर एक्सरे लिखा था. जब मरीज कंसर्निंग टेबल शांति कुमारी के पास गया, मरीज को जीएनएम शांति देवी डांट कर बाहर कर दिया. इसकी शिकायत मरीज ने स्वास्थ्य प्रबंधक चंदन कुमार से की प्रबंधक ने तुरंत जी एन एम को फोन किया. लेकिन फिर भी प्रबंधक की बात नहीं मान कर टेबल छोड़ कर कहीं चली गई. मरीज ने हो हल्ला किया. बाद में एक्सरे ऑपरेटर संतोष जी ने एक्सरे निकाल कर दिया. लेकिन मरीज दुखी होकर शहर के एक निजी अस्पताल में पहुंच कर अपना इलाज कराया. जी एन एम के व्यवहार पर मरीज के अलावा भाजपा जिला पूर्वी के प्रवक्ता दिलीप कुमार सिंह, भाजपा के संगठन विस्तारक अधिवक्ता मिथलेश कुमार सिंह, समाज सेवी उदय जी महाराज के अलावा अन्य उपस्थित लोग भी कुशल व्यवहार नहीं होने की निदा की.

बोले स्वास्थ्य प्रबंधक :

"मरीज लिख कर देगा तो संबंधित जी एनएम की छात्रा पर कार्रवाई के लिए सीनियर अधिकारी को लिखा जाएगा ."

चंदन कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक, अनुमंडल अस्पताल महाराजगंज

महिला संवाद कार्यक्रम में 8238 महिलाओं की सक्रिय भागीदारी

सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मंगलवार को महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार सरकार द्वारा चलाया जा रहा महिला संवाद कार्यक्रम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव छोड़ रहा है। इस क्रम में 06 मई को भी सीवान जिले के 16 प्रखंडों में महिला संवाद का आयोजन किया गया, जहां कुल 8238 ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सभी प्रखंडों में मोबाइल वैन की सहायता से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंच बनाई जा सके।इस क्रम में जीरादेई प्रखंड के नरेन्द्रपुर पंचायत के नैतिक ग्राम संगठन द्वारा वार्ड संख्या 8 एवं 9 में महिला संवाद आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं और सवाल रखे।जिनमें प्रमुख रूप से वृद्धा पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली सुविधा, आंगनबाड़ी सेवाएं, नाले का निर्माण, सामुदायिक



शौचालय, तथा नल-जल योजना से जुड़ी विषयवस्तु शामिल रही।महिलाओं द्वारा उठाई गई समस्याओं पर मौके पर ही चर्चा की गई और चार महिलाओं की वृद्धा पेंशन योजना से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया। संबंधित आधार कार्ड लेकर प्रखंड ऑपरेटर के माध्यम से इन मामलों को तुरंत प्रक्रिया में लाया गया, जिससे संवाद कार्यक्रम की प्रभावशीलता और उत्तरदायित्व की भावना उजागर हुई।कार्यक्रम में उन महिलाओं ने भी अपनी बात रखी जो पहले से ही सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो चुकी हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और सरकार से आगे की अपेक्षाएं भी स्पष्ट रूप से रखीं। इससे यह साबित होता है कि महिलाएं अब न केवल योजनाओं की लाभार्थी बन रही हैं, बल्कि उनकी पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में भी अपनी भूमिका निभा रही हैं। महिला संवाद कार्यक्रम बिहार सरकार द्वारा संचालित एक प्रमुख सामाजिक पहल है,जो ग्रामीण महिलाओं को सरकार से सीधे जोड़ने और उनकी आवाज को नीति निर्माण तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। सीवान जिले में यह कार्यक्रम महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को लगातार सशक्त कर रहा है।

सिंथेटिक पैराथायराइड छिड़काव कार्य का विभागीय अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले के गोरेयाकोठी प्रखंड अंतर्गत सिसई गांव में चल रहे सिंथेटिक पैराथायराइड छिड़काव कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुंचे विभागीय अधिकारियों की टीम ने एक एक घर का भ्रमण कर बारीकी के साथ घर में रहने वाले परिवार के सदस्यों से छिड़काव कार्य से जुड़ी हुई जानकारियों को साझा किया है. जिसमें मुख्य रूप से स्थानीय लोगों को बताया गया कि नमी एवं अंधेरे वाले स्थान पर कालाजार की बालू मक्खियां ज्यादा फैलती है. लेकिन इससे ग्रसित मरीजों का इलाज आसानी से संभव है। हालांकि यह बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी प्रवेश कर जाता है.

इस संबंध में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश लाल ने बताया कि जिले के दरौली, आंदर और हसनपुरा प्रखंड को छोड़ कर शेष सभी 16 प्रखंडों के 135 गांव में स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रतिनियुक्त 26 टीम के द्वारा गृह भ्रमण कर सिंथेटिक पैराथायराइड दवा का छिड़काव कार्य अंतिम चरण में चल रहा है. लेकिन समय-समय पर उसका औचक निरीक्षण किया जाता है.जिसको लेकर भगवानपुर हाट प्रखंड के माघर और रतौली गांव के दर्जनों गांव के सैकड़ों घरों का जायजा लिया गया है. लेकिन

लक्षित 135 गांवों में से 109 गांव में हुआ सिंथेटिक पैराथायराइड का छिड़काव



सबसे अहम बात यह है कि जहां पिछले तीन वर्षों में कालाजार के संभावित मरीज पाए गए हैं. वहां से कालाजार जैसी बीमारी को जड़ से मिटाने का प्रयास किया जा रहा है.

135 लक्षित गांवों के 87395 घरों में से 109 गांव के 69987 घरों में किया जा चुका हैं छिड़काव


जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार नीरज कुमार सिंह ने बताया कि जिले में मार्च से शुरू छिड़काव अभियान अब धीरे धीरे समापन की ओर बढ़ रहा है. कालाजार जैसी बीमारी से बचाव को लेकर जिले के 16 प्रखंडों के 135 गांव को चिह्नित किया गया है.

जहां स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा संभावित मरीजों की संख्या देखते हुए गृह भ्रमण कर छिड़काव किया जा रहा है. पांच मई तक 135 लक्षित गांव के 87395 घरों में से 109 गांव के 69987 घरों में छिड़काव किया जा चुका है. हालांकि पहले चरण का छिड़काव कार्य 20 मई तक चलेगा. उसके बाद दूसरा चरण आगामी जून और जुलाई महीने में संपादित किया जाएगा. जिसको लेकर विभागीय टीम गोरेयाकोठी और भगवानपुर हाट प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर छिड़काव कार्य का मूल्यांकन और अनुश्रवण किया गया है.जिले में अभी तक वीएल के 07 जबकि पीकेडीएल के 08 मरीजों का इलाज चल रहा है. उक्त दोनों प्रखंडों के कई गांवों का दौरा के दौरान डीवीबीडीसीओ डॉ ओम प्रकाश लाल, डीवीबीडीसी नीरज कुमार सिंह, वीडीसीओ विकास कुमार, पीरामल स्वास्थ्य के पीओसीडी सोनू सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य अधिकारी और कर्मी शामिल रहे.

अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। नोखा थाना क्षेत्र के सतर बिहगवा गांव के पास ऑटो से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान नोखा थाना क्षेत्र के गंगाहर गांव निवासी राम प्रवेश राम के रूप में की गई जिसको पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना को लेकर के बताया जा रहा है कि बेटे की शादी 18 मई में को होनी है। इसके निमंत्रण कार्ड वितरण करने को लेकर के ऑटो से सासाराम की तरफ जा रहे थे कि सोमवार के देर शाम को हुए ऑटो से गिर गए और गिरने के बाद घायल हो गए। जिनको नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां से की



प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए सासाराम रेफर किया गया और सासाराम में ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस को सूचना देने के बाद सासाराम नगर थाना द्वारा शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम करा करके परिजनों को मंगलवार को सौंप दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

ट्रैक्टर-कार की टक्कर, एक की मौत

दूसरी ओर नोखा थाना क्षेत्र के पेनार गांव के पास एक ट्रैक्टर के पीछे से एक पुलिस की लोगो लगे कार ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर अनियंत्रित होने से ट्रैक्टर मालिक सुरेंद्र राय की सड़क पर गिरने के बाद घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि सड़क पर गिरने के बाद ग्रामीणों ने देखा तो उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नोखा में इलाज के लिए लाया गया जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दूसरा कार में सवार घायल व्यक्ति को उनके लोगों द्वारा उठाकर इलाज के लिए लेते गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया। पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर जांच में जुट गई है। जैसे ही और जिन लोगों को सूचना मिली परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं मृतक की पत्नी बेबी देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया। तीन बच्चों के पिता का साया उठ गया।

विद्युत विभाग ने लगाया कृषि कनेक्शन के लिए शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल क्षेत्र में किसानों के लिए विभाग ने कृषि कनेक्शन शिविर का आयोजन किया। विद्युत कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि मुख्यालय के निर्देश पर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल क्षेत्र के सभी प्रशाखा में किसानों को मुफ्त में कृषि कनेक्शन देने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें किसान को खेत पटवन के लिए कृषि कनेक्शन दिया जाना है। परियोजना एसडीओ दीपक कुमार ने बताया कि डिहरी प्रखंड के बरावकला, अकोढ़ी गोला, राजपुर के बरावं तिलौथू के भदोखरा, रोहतास के भदारा, सासाराम के ढौडाढ, नासरीगंज के अमियावर, काराकाट के अमरथा में विद्युत विभाग ने किसानों के लिए कृषि कनेक्शन शिविर लगाया। दीपक कुमार ने बताया कि विद्युत आपूर्ति प्रमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों में अलग-अलग दिन शिविर का आयोजन कर किसानों से कृषि कनेक्शन के लिए आवेदन लिए जाएंगे जिसमें इन सभी पंचायत में 06 से 07 मई तक कनेक्शन के लिए आवेदन लिए जाएंगे।



प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चेनारी। थाना कांड संख्या 184/25, दिनांक 5.5.25 धारा 80 (2) / 3 (5) बी एन एस के प्राथमिकी अभियुक्त विकास कुमार प्रजापति उम्र करीब 30 वर्ष पिता गंगा प्रजापति ग्राम उगहनी थाना-चेनारी जिला रोहतास को गिरफ्तार किया गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

मंत्री मंगल पांडेय से मिल अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र उद्घाटन करने के लिए दिया आवेदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। सोमवार को पटना कार्यालय में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे से मुलाकात कर रोहतास जिला के रोहतास प्रखंड में तुंबा ग्राम पंचायत के तुंबा ग्राम में अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र को उद्घाटन करने के लिखित आवेदन के साथ स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर अनुरोध किया जिन्होंने आवेदन स्वीकार करते हुए जल्द उद्घाटन करने का आश्वासन दिये एवं



संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र की प्रक्रिया पूरी करते हुए लिस्ट में शामिल कीजिए ताकि उद्घाटन की तिथि तय हो सके। मौके पर संजीव कुमार गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील कुमार, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पासवान, कैमूर जिला के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल आदि उपस्थित रहे।



नवबिहार टाइम्स के आधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के अवसर पर इंडियन इंकलाब पार्टी की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं



इ. आई. पी. गुप्ता
राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय पान महासंघ



राजेश कुमार प्रसाद
मांझी प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि -सह- प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय पान महासंघ के पंचायती राज प्रकोष्ठ



नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं प्रेसकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं

महबूब आलम उर्फ कारी मुखिया
वार्ड पार्षद सह उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि
तेघरा नगर पंचायत

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू के प्रवेश द्वार का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तिलौथू (रोहतास)। स्थानीय बाजार स्थित फल मंडी के समीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू के मुख्य प्रवेश द्वार का शिलान्यास मंगलवार को धूमधाम से किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक मैकू राम ने बताया कि 1932 में स्थापित यह विद्यालय तिलौथू की पहचान बन चुका है, लेकिन अब तक इसका कोई प्रवेश द्वार या संकेतक चिन्ह नहीं था। इससे बाहर से आने वाले अभिभावकों, छात्रों और आगंतुकों को विद्यालय तक पहुंचने में कठिनाई होती थी। विद्यालय परिवार की ओर से निर्णय लिया गया कि बाजार से विद्यालय की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जाए।

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



राघवेन्द्र नारायण यादव
जिला प्रभारी, बसपा
गुरूआ (गया)
भावी प्रत्याशी-गुरूआ विधान सभा क्षेत्र

स्व. चिंता देवी की चौथी पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच अंग वस्त्र व जलपान का वितरण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। स्वास्थ्य विभाग के पूर्व प्रधान लिपिक स्वर्गीय चिंता देवी की चौथी पुण्य तिथि पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मेहतर सेवा संघ बिहार जिला शाखा रोहतास के जिलाध्यक्ष शशि कुमार, संघ के वरीय पदाधिकारी द्वैय पुत्र संजय कुमार, अमित कुमार उर्फ पेंटर, दीपू कुमार एवं वीरेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में डिहरी रेलवे स्टेशन परिसर में गरीब व बेसहारों के बीच अंग वस्त्र व जल पान का वितरण किया गया। इस मौके पर स्वर्गीय चिंता देवी के पुत्र व संघ के पदाधिकारी अमित कुमार उर्फ पेंटर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष अपनी माता जी की पुण्य तिथि के अवसर पर संघ के तत्वावधान में गरीब व असहायों के बीच अंग वस्त्र व जलपान का वितरण कर हम सभी दुआ लेने का काम करते हैं। लोगों ने कहा गरीबों की सेवा से अच्छा नेक कार्य दूसरा कोई नहीं है। लोगों ने प्रत्येक वर्ष अपनी माता जी के पुण्य तिथि पर ऐसे प्रशंसनीय कार्य करने का संकल्प लिया।



जहानाबाद के कराटे खिलाड़ियों ने दिखाया दम

चार खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



जहानाबाद। कराटे के क्षेत्र में जिले को गर्व महसूस कराने वाली खबर सामने आई है। यूनिक शोतो कान कराटे एसोसिएशन इंडिया की टीम 5 मई की रात प्रतियोगिता से विजयी होने के बाद लौटकर जब जहानाबाद पहुंची, तो रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का भव्य स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में जिले के पांच प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से चार खिलाड़ियों - आस्था कुमारी कश्यप, गौरव कुमार वर्मा, आर्यन कुमार गुप्ता (बिलियन स्कूल, मखदुमपुर), और कुणाल सिंह आर्य (डीएवी स्कूल) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रेफरी की भूमिका निभा रहे अन्नू शक्ति सिंह और वेद प्रकाश रंजन को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही यूनिक शोतो कान कराटे एसोसिएशन इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक क्योशी अन्नू शक्ति सिंह को इंडिया ऑर्गनाइजेशन द्वारा नाना दान (7वीं डिग्री) की उपाधि से नवाजा गया, जो एक बड़ी उपलब्धि है। क्योशी अन्नू शक्ति सिंह ने कहा कि खिलाड़ी निरंतर मेहनत कर रहे हैं, लेकिन अगर अभिभावकों का सहयोग पूरी तरह मिले तो ये बच्चे राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का नाम रोशन कर सकते हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले भर में खुशी की लहर है, और लोग लगातार उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

फुलवारीशरीफ। बिहार विधानसभा 2025 की तैयारियों को लेकर चुनाव आयोग ने कमर कस ली है। मंगलवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने फुलवारीशरीफ पहुंचकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। राजधानी पटना के फुलवारी शरीफ ब्लॉक परिसर में इवीएम मशीनों की जांच और रखरखाव का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने ईवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल जांच की बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों व इंजीनियरों को सख्त निर्देश दिए। गुंजियाल ने बताया कि 30 अप्रैल तक जांच की प्रक्रिया पूरी कर लेनी है। जो मशीनें जांच में सही पाई जाएंगी, उन्हें ही आगामी विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मशीनों में किसी भी प्रकार की खराबी नहीं होनी चाहिए और हर कार्य चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार होना चाहिए।

पटना सिटी में स्व. यमुना चौधरी की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार कलाश्री पुरस्कार परिषद, पटना की ओर से सोमवार को पटना सिटी स्थित नारायणी कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी स्वर्गीय यमुना चौधरी की 96वीं जयंती के अवसर पर पाटलिपुत्र सम्मान एवं रंगारंग सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गान से हुई, जिसके बाद संस्कृत में झूमर गायन ने समां बांध दिया। वैष्णवी कुमारी और रूपा कुमारी ने पारंपरिक झूमर गीतों की प्रस्तुति दी। स्कूल की छात्राओं – आयुषी, सलोनी, खुशी कुमारी और मानसी कुमारी – ने स्वागत गान प्रस्तुत किया, जबकि रवि रंजन ने लोकगीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

संस्कृति और स्वस्तिका द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय नृत्य, तथा लक्ष्मी एवं प्रियंका श्रीवास्तव के नृत्य ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगत में तबले पर आदित्य रंजन और प्रेम पंडित, नाल पर मनोज कुमार, हारमोनियम पर संगीत निर्देशक उस्ताद पंडित विनोद पंडित ने अपनी अद्भुत संगत से प्रस्तुति को जीवंत बना दिया।

इस अवसर पर स्व. यमुना चौधरी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि अर्पण करने वालों में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नसीरुद्दीन, मोइन अख्तर, विनोद पंडित, स्व. यमुना चौधरी के पुत्र विश्वमोहन चौधरी 'संत' सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं कलाकार शामिल रहे।

समाजसेवी मोइन अख्तर को मिला 'पाटलिपुत्र सम्मान'

कार्यक्रम में अभिनेता एवं समाजसेवी मोइन अख्तर को उनके सामाजिक कार्यों के लिए 'पाटलिपुत्र सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

समारोह का समापन उद्बोधक रवि रंजन द्वारा किए गए संगीतमय प्रस्तुति के साथ हुआ। कार्यक्रम ने सांस्कृतिक चेतना के साथ समाज सेवा के मूल्यों को भी उजागर किया, जिसे सभी ने सराहा।

जहानाबाद की सलोनी बनीं बिहार रग्बी टीम की शान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिले की बेटी सलोनी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। जिले के परसबिगहा थाना क्षेत्र के घोषी गांव की सलोनी का चयन बिहार रग्बी टीम में हुआ है और वह 4 से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

सलोनी, आकाश रग्बी फुटबॉल क्लब मोहनपुर में कोच अविनाश कुमार के मार्गदर्शन में लगातार अभ्यास कर रही थीं। बचपन से ही खेलों के प्रति रुचि रखने वाली सलोनी की प्रतिभा को कोच अविनाश ने पहचाना और उनके माता-पिता से मिलकर उन्हें रग्बी में प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया। सलोनी का सफर जिला स्तर से शुरू होकर स्टेट और फिर नेशनल तक पहुंचा। वे पहले ही नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं और जहानाबाद जिले की पहली महिला रग्बी गोल्ड मेडलिस्ट बन चुकी हैं। अब वह बिहार की टीम में शामिल होकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लेंगी। उनकी इस सफलता से पूरे जिले में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों, खेल प्रेमियों और प्रशासन ने सलोनी को बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि वह आने वाले समय में देश का नाम भी रोशन करेंगी। सलोनी की कहानी हर उस युवा के लिए प्रेरणा है, जो सपने देखता है और उन्हें साकार करने का जज्बा रखता है।

दो बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त नियोजकों पर एफआईआर दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले में बाल श्रम पर नकेल कसते हुए श्रम संसाधन विभाग की धावा टीम ने दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। यह कार्रवाई बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत की गई।

श्रम अधीक्षक किशोर कुमार झा ने बताया कि दरभंगा सदर अनुमंडल क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान लहेरियासराय थाना क्षेत्र के बेलवागंज मोहल्ले में मुरादाबादी चिकेन बिरयानी हाउस से एक बाल श्रमिक तथा ईस्माइलगंज मुहल्ले के बजाज सीएनजी पेट्रोल मैकेनिक प्रतिष्ठान से एक अन्य बाल श्रमिक को छुड़ाया गया। श्री झा ने बताया कि दोनों मामलों में संबंधित थानों में दोषी नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकियां दर्ज कर दी गई हैं साथ ही नियोजकों से प्रति बाल श्रमिक 20-20 हजार रुपये की दर से कुल 40 हजार रुपये जिला बाल श्रमिक पुनर्वास कल्याण कोष में जमा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक जिले में विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 6 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। विभाग की ओर से आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

नागालैंड का अवैध हथियार, कारतूस व लाइसेंस बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



मोतिहारी। नगर थाना कांड सं0-364/25 के प्राथमिकी अभियुक्त नगर थाना क्षेत्र के मठिया वार्ड-07 निवासी गोरख पटेल के पुत्र चुमन पटेल के घर पुलिस द्वारा छापेमारी की गयी। इस दौरान पुलिस ने उसके घर के अन्दर से 1 नागालैंड का रायफल, 33 पीस जिंदा कारतूस, 1 नागालैंड का रायफल का लाइसेंस बुक व 1 रिवाल्वर का लाइसेंस बुक बरामद किया गया है। उक्त जानकारी सहायक पुलिस अधीक्षक सह सदर-1 डीएसपी शिवम धाकड़ ने छतौनी थाना में प्रेसवार्ता आयोजित कर पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि 5 मई को नगर थाना में दर्ज हुए संगठित अपराध, रंगदारी व भू-माफिया के विरुद्ध मेयर प्रीति कुमारी व उसके पति सहित कुल 19 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी। दर्ज प्राथमिकी के आलोक में एसपी स्वर्ण प्रभात के द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक सह सदर-1 के डीएसपी श्री धाकड़ के नेतृत्व में एस आई टी टीम गठित कर उक्त प्राथमिकी अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु विभिन्न जगहों पर छापेमारी की गयी। इसी दौरान पुलिस ने चुमन पटेल के घर छापेमारी की, जहां टीम को यह सफलता हाथ लगी। मज्जे की बात तो यह है कि लाईसेंस किसी और के नाम से और बरामद किसी और के घर से हुई है। बताया तो यह जा रहा है कि लाइसेंस विनय कुमार यादव के नाम से है और बरामद चुमन पटेल के घर से हुई है। यह प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है? उन्होंने बताया कि पुलिस इन सभी बिन्दुओं पर बारिकी से पडताल कर रही है। फिलहाल उक्त मामले में छतौनी थाना कांड सं0- 243/25 दिनांक 6/5/25 दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। छापेमारी में सहायक पुलिस अधीक्षक सह सदर-1 के डीएसपी श्री धाकड़ के अलावे छतौनी थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष धनंजय कुमार, मुफसिल अंचल निरीक्षक मुन्ना कुमार, छतौनी थाना के दारोगा आरिफ हुसैन, मो0 फिरोज व छतौनी थाना

वाहन जांच के दौरान तेल टैंकर से मादक पदार्थ बरामद,एक गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चकिया (पूर्वी चम्पारण)। राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर परसौनी खेम गांव स्थित टोल प्लाजा के निकट पुलिस ने बीती रात तेल टैंकर में छुपाकर ले जा रहे मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वाहन जांच के दौरान पुलिस ने मुजफ्फरपुर के तरफ जा रही एक तेल टैंकर को रोक तलाशी ली। इस दौरान खाली तेल टैंकर में छुपा कर रखे 15 किलो 4 सौ ग्राम मादक पदार्थ (गांजा) बरामद कर तस्कर मुजफ्फरपुर जिला के सरैया थाना क्षेत्र के मुगौली गांव निवासी सोनू कुमार पिता शत्रुघ्न राय को हिरासत में ले लिया साथ ही पुलिस ने एक लाख इक्कीस हजार सात सौ तीस रुपए नगद व एक मोबाइल तथा तेल टैंकर जब्त कर थाना लाई। इस बाबत इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गया है।

भू-माफिया की अब खैर नही, जिले के कई भू माफिया है पुलिस के राडार पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी । अब भू-माफियाओं का खैर नही। भू-माफिया के खिलाफ एसपी स्वर्ण प्रभात का एक्शन शुरू हो गया है। जिले के कई भू-माफिया अब पुलिस के रडार पर आ गए हैं। पता नही कब किसके ऊपर गांज कब गाज गिर जाये यह किसी को पता नही, एसपी ने चिन्हित करीब एक दर्जन से अधिक भू-माफियाओं के खिलाफ सबूत इकट्ठा करा रहे हैं और सबूत इकट्ठा होते ही उनके ऊपर गाज गिरना तय है। एसपी ने बताया कि शीघ्र ही एक दर्जन अन्य भू-माफियाओं पर कार्रवाई होनेवाली है। एसपी के उक्त कार्रवाई से भू-माफियाओं में हडकम्प मच गया है।

10 रुपये मे 'आशीर्वाद' ने लांच किया नया फ्रेश मसाला छाछ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। पूर्वी भारत का लोकप्रिय डेयरी ब्रांड आशीर्वाद, अब बिहार में अपने फ्रेश डेयरी प्रोडक्ट्स की रेंज को और भी मजबूत करते हुए मसाला छाछ 10 रुपये के किफायती दाम पर लेकर आया है। गर्मियों की शुरुआत मे यह नई पेशकश एकदम सही समय पर आई है, जो स्वाद और ताजगी का बढ़िया मेल पेश करती है। आशीर्वाद ने इस खास लॉन्च के साथ एक बार फिर दिखाया है कि वो अपने उपभोक्ताओं को बढ़िया क्वालिटी, किफायती दाम, भरोसा और अनोखा स्वाद देने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। आशीर्वाद मसाला छाछ खासतौर पर बिहारी स्वाद के लिए स्थानीय स्तर मे ही तैयार किया गया है, जिस से आपको मिले ताजगी भरा घर जैसा एहसास। छाछ में जीरा, काली मिर्च और काले नमक जैसे मसालों का स्वादिष्ट मिश्रण किया गया है, जो न केवल अपने विशिष्ट स्वाद, बल्कि पाचन संबंधी लाभों के लिए भी पसंद किए जाते हैं। चाहे इसे दोपहर के समय ठंडक पाने के लिए उपयोग करें, या भोजन के बाद ताजगी देने वाले पेय के रूप में, आशीर्वाद मसाला छाछ पारंपरिक स्वाद का एक संपूर्ण मिश्रण है, जो इसे गर्मियों के मौसम के लिए एक आदर्श साथी बनता है। इस विस्तार के बारे में बोलते हुए, विवेक कुक्कल, वाइस प्रेसिडेंट एंड हेड, डेयरी एंड बेवरेजेस, आईटीसी लिमिटेड, 'आईटीसी में हमारा मकसद हमेशा से रहा है कि हम अपने उपभोक्ताओं के स्वाद और पसंद को समझते हुए उत्तम क्वालिटी वाले प्रोडक्ट्स बनाएं। बिहार ने पहले ही आशीर्वाद लस्सी को खूब प्यार दिया है और अब हम आशीर्वाद मसाला छाछ के साथ इस भरोसे को और गहरा करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

तपती गर्मी में प्याऊ की व्यवस्था न होने पर फुटपाथ दुकानदार संघ ने जताई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिले में लगातार बढ़ती गर्मी के बीच फुटपाथ दुकानदारों के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं किए जाने पर फुटपाथ दुकानदार संघ ने नाराजगी जताई है। संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में फुटपाथ दुकानदारों ने अपनी समस्याएं रखी थीं, जिसमें सबसे प्रमुख मांग थी - भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए प्याऊ की व्यवस्था। इस पर उप विकास आयुक्त ने तत्काल नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दीनानाथ सिंह को उटा सब्जी मंडी, कृषि मंडी, मीट-मुर्गा मंडी, हर्बल मोड़, हॉस्पिटल मोड़, और मटकोरी कुआं के पास प्याऊ लगाने के निर्देश दिए थे, लेकिन कई सप्ताह बीत जाने के बावजूद धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नतीजतन फुटपाथ दुकानदारों और राहगीरों को इस तपती गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अरविंद कुमार चोपड़ा ने कहा कि यह मामला केवल एक वादा पूरा न होने का नहीं, बल्कि प्रशासनिक जिम्मेवारी से मुंह मोड़ने का उदाहरण बन चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि बुधवार को फुटपाथ दुकानदार संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराएगा और तुरंत कार्रवाई की मांग करेगा।

संघ ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं.–02 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ– साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं.–02–डीडीयू–व.मं.इंजी.–मुख्यालय–25–26

(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डी.डी.यू. में (पी.डी. कॉलोनी, रोजा कॉलोनी, इंडियन इंस्टीटयूट कॉलोनी, आर.पी. एफ. कॉलोनी और शास्त्री कॉलोनी) के आसपास के संवेदनशील स्थानों पर चारदीवारी/परिसर दीवार का निर्माण। (ii) कार्य का अनुमानित लागत:₹2,39,99,939.16, (iii) धरोहर राशि : ₹2,70,000/– (vii) ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 22.05.2025 12:00 बजे तक। (viii) बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0199/डीडीयू/अभिं./टी/25–26/36

एमडीआर टीबी मरीजों को निजी डॉक्टरों द्वारा भी चिन्हित कर किया जाएगा इलाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



शरण व रहमनिया नर्सिंग होम का अधिकारियों ने किया निरीक्षण
टीबी मरीजों की समय पर पहचान और इलाज जरूरी : सीडीओ

मोतिहारी। एमडीआर टीबी मरीजों को निजी डॉक्टरों द्वारा भी चिन्हित व इलाज करने क़ो लेकर राज्य एवं केंद्रीय टीम के द्वारा पूर्वी चंपारण में एक निजी नर्सिंग होम को हब के रूप में चयनित करने के लिए शरण नर्सिंग होम एवं रहमानिया नर्सिंग होम का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण दल द्वारा शरण नर्सिंग होम क़ो गाइड लाइन के अनुसार पाया गया और उसका चयन किया गया। जिसका एमओयू आज मंगलवार क़ो डॉ आशुतोष शरण एवं संचारी रोग पदाधिकारी डॉ संजीव के बीच हुआ। यह नर्सिंग होम जिले में टीबी मरीजों की खोज, इलाज में कारगर साबित होगा। नोडल चिकित्सक डॉ सुनील कुमार ने कहा कि एमडीआर टीबी (मल्टी-ड्रग-रेजिस्टेंट ट्यूबरकुलोसिस) टीबी का एक खतरनाक रूप है, जिसमें सामान्य टीबी उपचार की दवाएं काम नहीं करती हैं। लंबा होता है। इसके लिए दूसरी लाइन की दवाओं की आवश्यकता होती है। निजी डॉक्टर टीबी के प्रारंभिक लक्षणों को पहचान सकते हैं और मरीजों को परीक्षण के लिए भेज सकते हैं। वहीं डॉ आशुतोष शरण ने बताया कि एमडीआर टीबी का इलाज आमतौर पर 2 साल तक चलता है और इसमें दूसरी लाइन की दवाओं का उपयोग किया जाता है। यदि निजी डॉक्टर इन मरीजों को पहचानते हैं और सही उपचार के लिए संदर्भित करते हैं, तो इससे मरीजों के जीवन की रक्षा में मदद मिल सकती है।

संचारी रोग पदाधिकारी डॉ संजीव ने कहा कि एमडीआर टीबी का इलाज कठिन और एमडीआर टीबी के इलाज के लिए विशेष दवा भी मरीजों क़ो उपलब्ध करानी होती है।

-एमडीआर टीबी के लक्षण:

2 सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, खांसी के साथ बलगम या खून आना, भूख में कमी,
वजन कम होना, शाम या रात में बुखार आना, सर्दी में पसीना आना, सांस लेते समय सीने में दर्द होना।

इस मौके पर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ संजीव, डॉ आशुतोष शरण, डॉ सुनील कुमार, डीईओ अमरेंद्र कुमार, एसटीएलएस जैनेन्द्र कुमार और डॉक्टर

प्रखंड कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)। प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक गुरुकुल विधायलय चोरमा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सभापति सिंह ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती एवं विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्वी चम्पारण के पर्यवेक्षक अभिनव संगम ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से हर घर में झंडा कार्यक्रम करने का आह्वान किया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department,
Road Division, Daltonganj.

e-Procurement Short Tender Notice 2nd Call
e-Tender Ref No.- 2/RCD/Daltonganj/2025-26/414
Dated:- 05.05.2025

1.	Name of Work	IRQP Work of Chiyanki-Rajwadih ByPass (Total Length - 6.00 Km.) Road for the year 2023-24.
2.	Estimated Cost	Rs. 4,78,31,835.21 (Rupees Four Crore Seventy Eight Lacs Thirty One Thousand Eight Hundred Thirty Five and Twenty One Paise) Only.
3.	Bid Security (Amount)	Rs. 4,78,500.00 (Rupees Four Lacs Seventy Eight Thousand Five Hundred) Only.
4.	Time of Completion	04 Months
5.	Date of Publication of Tender on Website	08.05.2025, 10:30 AM
6.	Last Date/Time of Online Bid Submission	22.05.2025, 12:00 Noon
7.	Date and Time of Bid opening	23.05.2025, 12.30 PM
8.	Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address	Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in
9.	Name & address of officer Inviting tender	Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562–225019
10.	E-mail Id	eercdmedini-jhr@nic.in
11.	Helpline number of e-Procurement cell	0651-2401010

Note : Estimated amount may vary.
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 351750 (Road)25-26*D

पूर्व जिला पार्षद डॉ. नागेंद्र प्रसाद का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फेनहारा (पूर्वी चम्पारण)। फ़ेनहारा प्रखंड के पूर्व जिला पार्षद डॉ. नागेंद्र प्रसाद का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया। वे करीब 75 वर्ष के थे और बीते कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉ. नागेंद्र प्रसाद वर्ष 2001 में फ़ेनहारा से जिला पार्षद चुने गए थे और उन्होंने क्षेत्र की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके बड़े पुत्र आकाश गुप्ता, जो वर्तमान में फ़ेनहारा के जिला पार्षद हैं, उन्होंने बताया कि एक माह पूर्व ही परिवार ने बड़े हर्षोल्लास से उनकी 50वीं शादी की सालगिरह मनाई थी। आकाश कुमार गुप्ता ने भावुक होकर बताया पिता जी ने जीवन की सारी जिम्मेदारियां पूरी कर ली थी। हम सभी बच्चों की शादियां करवा दी थीं और सबको अच्छे से सेटल कर दिया था। उनका आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ रहेगा। डॉ. प्रसाद के निधन की खबर जैसे ही फैली, प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार आज शाम उनके पैतृक गांव में संपन्न होगा।

कलाकार ने पवनदीप के लिए सरकार से लगाई गुहार, मांगी सलामती की दुआएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



मोतिहारी। इंडियन ऑइडल 12 में अपनी सुरीली आवाज से सबको अपना दीवाने वाले उत्तराखंड के युवा ब्रांड एंबेसडर पवनदीप राजन का भयंकर कार एक्सीडेंट हो गया है। इधर इसकी जानकारी शोशल मिडिया पर मिलते ही देश के चर्चित युवा सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने भावविभोर होकर पीपल के पत्तों पर इंडियन आइडल 12 फ़ेम पवनदीप राजन की अनोखी तस्वीर बनाई है। सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने अपने तीन घंटों के कठीन परिश्रम के बाद दुनियां के सबसे छोटी तीन सेमी वाली पीपल के हरे पत्तों पर अपनी कलाकारी के फनकार से ईश्वर से गुहार लगाई है वही सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने मीडिया को बताया कि देवभूमि उत्तराखंड के सपूत युवाओं के चहेते सुप्रसिद्ध गायक पवनदीप राजन के सड़क दुर्घटना में घायल होने का दुःखद समाचार सुनते ही भावविभोर हो गया हूं। मैं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ। और सरकार से भी इनके बेहतर इलाज के लिए अच्छे डॉक्टर व सभी प्रकार की सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराने की समुचित मांग करता हुं।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के अमरोहा जनपद में दिल्ली नेशनल हाईवे पर इंडियन आइडल सीजन-12 के विजेता और उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर पवनदीप राजन की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें सिंगर पवनदीप राजन और उनके 2 साथी घायल हो गए। तीनों को निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद नोएडा के लिए रेफर कर दिया गया है। पवनदीप राजन की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनके दोनों पैर और हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। ये सभी उत्तराखंड से दिल्ली जा रहे थे। मौके पर पुलिस पहुंचीं और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके बाद सभी को गभीर हालत मे उपचार के लिए दिल्ली रेफर किया गया है। देशभर में संगीतप्रेमी शोशल मिडिया पर इस गायक के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ का कामना भी कर रहे हैं।

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



प्रियंका सिंह
मुख्य पार्षद

विपिन कुमार सिंह
मुख्य पार्षद के प्रतिनिधि एवं समाजसेवी

नगर पंचायत, नवीनगर (औरंगाबाद)

☛ सभी नगरवासियों से अपील है कि शहर को साफ-सुथरा तथा स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।
☛ शहर के समग्र विकास के लिए हम प्रयासरत और प्रतिबद्ध हैं। आने वाले दिनों में नवीनगर सभी बुनियादी तथा आवश्यक सुविधाओं से युक्त विकसित शहर की श्रेणी में होगा।

विश्वास का केन्द्र है च्यवनाश्रम धाम देवकुण्ड



औरंगाबाद जिले के उतरी सीमा पर स्थित च्यवनाश्रम धाम देवकुण्ड आज भी उतना ही आस्था और विश्वास का केन्द्र है जितना द्वापर और त्रेता युग में था। लेकिन सरकार और धर्मावलंबियों और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण धार्मिक और ऐतिहासिक चरोहर व्यवन ऋषि का आश्रम आज भी उपेक्षित है। इससे यहां आनेवाले पर्यटकों एवं श्रद्धालूओं के उदासीनता देखी जाती है। पर्यटकों के मन में बार-बार यही प्रश्न उठता है कि आखिर इस स्थल को पर्यटन विभाग क्यों उपेक्षित छोड़ रखा है। देवकुण्ड धाम के मठाधीश महंथ कन्हैयानंदपुरी भी इस बात से काफी चितिंत रहते हैं। इस परम पवित्र धाम पर कई राजनेताएं आये और पर्यटक के रूप में दर्जा दिलाने का आश्वासन भी दिया लेकिन यह तीर्थो का नगरी क्यों उपेक्षित रहा। जहां स्वयं विश्वकर्मा के बनाये हुए बाबा दूधेश्वरनाथ का मंदिर विराजमान है। जहां स्वयं भगवान राम आकर पुजा अर्चना की थी जहां च्वयन ऋषि के द्वारा आयोजित यज्ञ में आहुति देने सभी तेसीसों करोड देवता पहुंचे थे। जहां से महाऔषधी च्वयनप्राश का अविष्कार हुआ था। सरकार के कई मंत्री, अफसर तक पूजा-अर्चन करने आते हैं। तत्कालीन बिहार सरकार द्वारा बिहार-झारखंड के बटवारें के बाद, बाबा धाम के तर्ज पर बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर को पर्यटक के रूप में विकसीत करने की घोषणा की गई और पटना के गायघाट से कांवरिया को बाबा दुधेश्वरनाथ तक पैदल व्यवस्था की गई। प्रत्येक वर्ष हजारों श्रद्धालु कावरिया के रूप में देवकुण्ड दूधेश्वरनाथ के दर्शन करने आते हैं। फिर भी सरकार-प्रशासन द्वारा न तो स्नानगाह, शौचालय, पानी की समुचित व्यवस्था नहीं की कई। महंथ ने सरकार तथा जिला प्रशासन से व्यवस्था की मांग की कई। यहां तक की प्रत्येक वर्ष सैकड़ों शादियां की जाती है। परन्तु यहां रहने की कोई सुविधा नहीं है। यहां बराबर रात्रि में चोरी की घटना घटती रहती है। मध्य बिहार में ऐतिहासिक व धार्मिक विरासत संजाये देवकुण्ड धाम में जिला प्रशासन द्वारा आज तक किसी तरह की सुविधा नहीं उपलब्ध कराई गयी है। मगधांचल के गोह प्रखंड के अंतर्गत देवकुण्ड अवस्थित है। अपने गौरवपूर्ण इतिहास के कारण देवकुण्ड में स्थित बाबा दुधेश्वरनाथ का मंदिर न जाने कितनी कहानियां संयोज है। देवकुण्ड की चर्चा पद्मपुराण पताल भृगु संहिता के रचनाकार भृगु व च्यवन ऋषि द्वारा पांच हजार वर्ष पहले स्थापित बताया जाता है। हजारों वर्ष से प्रकृतिक आपदा सहन करते हुए आज भी कुण्ड से अग्नि प्रजवलित हो रही है। आनंद रामायण के अनुसार भगवान रामचंद्र जी कर्मनाशा नदी पार करके देवकुण्ड आयें थे। यहां 108 देवताओं द्वारा स्थापित तालाब में स्नान कर च्यवन ऋषि का दर्शन पर अपने हाथों शिवलिंग की स्थापना की थी। ऐसी मान्यता है बिहार के छठ पर्व की शुरूआत देवकुण्ड से हुई है। पुरानी कथाओं के अनुसार च्यवन ऋषि तपस्या में लीन थे उसी समय वन में विचरण कर रही शर्याती राजा की बेटी सुकन्या वहां पहुंची और देखी की तपस्या में लीन ऋषि का शरीर में दीमक लगने के कारण मिट्टी में बदल गया है। शरीर मिट्टी में इतना दबा हुआ था कि केवल उनका आँख ही चमक रहा था। सुकन्या ने चमकीले पद्धार्थ देखकर उसे तृण से दबाया, उसके बाद दोनों आखों से लहु निकलने लगा। उसके बाद उसे पता चला की च्वयन ऋषि का आंख फूट गया तो उन्होंने अपनी इस भूल का प्रायश्चित करने के लिए राज सुकन्या ऋषि के पत्नी के रूप में उनकी सेवा करने का प्रण किया। कुछ दिन बाद ऋषि का शरीर कंचन व आंखो की रौशनी लौट आयी। इंद्र 30 करोड़ देवताओं आदि के प्रार्थना के बाद भगवान प्रकट हुए 606 से 648 ई. तक च्यवनांचल हर्ष वर्ध के अधीन था। भगवान रामचंद्र जी द्वारा स्थापित शिवलिंग बाबा दूधेश्वरनाथ के रूप में विराजमान है। इस जगह से पर्यटन विभाग को विकसित करने की जरूरत है।

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई
ई. गजेन्द्र कुमार चौधरी
अधीक्षण अभियंता
सोन उच्च स्तरीय नहर अंचल, औरंगाबाद (बिहार)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई
मो. आरिफ अहमद
कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल
औरंगाबाद (बिहार)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई
ई. सूचिता कुमारी
सहायक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल
औरंगाबाद (बिहार)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई
स्नेहा सिन्हा
बाल विकास परियोजना पदाधिकारी
रफीगंज (औरंगाबाद) बिहार

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई
नवनीत कुमार
सहायक गोदाम प्रबंधक
रफीगंज (औरंगाबाद)

विद्यालय परिवार की ओर से नवबिहार टाइम्स के 35 वें स्थापना दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
LAXMI PUBLIC SCHOOL
लक्ष्मी विहार, बेल रोड, ओबरा (औरंगाबाद) बिहार
Affiliated to CBSE, Delhi (Affiliation No.-330795)
Class : Nursery to Xth
- आपके शहर का प्रथम English Medium School.
- लाइब्रेरी एवं साइंस लैब की सुविधा.
- कंप्यूटर लैब की सुविधा.
- सुरक्षित वाहन सुविधा.
- समुचित खेल खुद की व्यवस्था.
- योग, संगीत, नृत्य चित्रकला एवं स्पोकन इंग्लिश क्लास की व्यवस्था.
- एक क्लास में अधिकतम 40 बच्चे.
- अनुभवी एवं बाहरी शिक्षकों द्वारा पढ़ाई की समुचित व्यवस्था.
- छात्रावास की व्यवस्था.
- स्वच्छ एवं शांत वातावरण.
- डिजिटल स्मार्ट क्लास.



Mob.: 7542834724, 7563035596




अभिषेक कुमार
अध्यक्ष

भारत सरकार के NCTE, ERC भुवनेश्वर द्वारा मान्यता प्राप्त एवं मौलाना मजहरुल हक अरबी व फारसी विश्वविद्यालय तथा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना (बिहार) से संबद्धता प्राप्त
महामाया कॉलेज ऑफ एजुकेशन
(B.Ed. & D.El.Ed. College)
B.Ed (Bachelor of Education)
D.El.Ed. (Diploma in Elementary Education)



अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा शिक्षण की व्यवस्था
NH-139, देवकली, ओबरा, औरंगाबाद (बिहार) 824124
Call: +91-8207344544, 9939132132, 8935932233
Email : mahamayacollege2016@gmail.com | Website : www.mahamayacollege.com

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई



अजीत कुमार सिंह
पूर्व अध्यक्ष, रोटरी क्लब, औरंगाबाद
उपाध्यक्ष, बिहार राज्य बाल कल्याण परिषद
सचिव चन्द्रिका ग्रामीण विकास एवं सामाजिक उत्थान संस्थान
ग्राम-जम्होर, औरंगाबाद (बिहार)

ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : हाजीपुर (वैशाली)
एक झलक
- मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (एनडीबी/अवशेष) के तहत ढाई सौ से अधिक आवादी वाले अनजुड़े बसावटों को संपर्कता देने के लिए योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत प्रस्तावित पुल-पुलियों का सर्वे कराकर निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कराया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फ़ेज-3 के तहत ग्रामीण सड़कें एवं पुल-पुलिया प्रस्तावित तथा निर्माणाधीन है और कई सड़कों का अनुरक्षण किया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क उन्नयन योजना के तहत 31 मार्च 2024 तक सड़क निर्माण की 5 वर्ष की अवधि पूरी कर चुके सभी ग्रामीण पथों के पुनर्निर्माण हेतु डीपीआर तैयार कर मुख्यालय को समर्पित किया गया है। इसके साथ ही 5 साल या उससे अधिक पुरानी सड़कों के पुनर्निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

शुभकामनाओं के साथ
ई. युगेश्वर कुमार सिंह
कार्यपालक अभियंता

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई
उमेश कुमार
स्टेशन प्रबंधक
अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन, पूर्व मध्य रेल, औरंगाबाद (बिहार)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई
राजकिशोर प्रसाद
थानाध्यक्ष
जम्होर (औरंगाबाद) बिहार

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : गया (बिहार)
एक झलक
- महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों की लंबाई-चौड़ाई बढ़ाने के लिए सतत प्रयत्नशील।
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कार्य प्रमंडल, गया के अंतर्गत दर्जनों सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे सैकड़ों गांवों को पक्की सड़क से जोड़ा जा सका है और अभी आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध है।
- बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति 2018 के अनुरूप ग्रामीण सड़कों की मरम्मत तथा उसके रख-रखाव की विशेष व्यवस्था की जा रही है ताकि ग्रामीण सड़कों पर आवागमन को सुगम और सुविधाजनक बनाया जा सके।

शुभकामनाओं के साथ
ई. सुरेन्द्र कुमार
कार्यपालक अभियंता

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : बेलसंड (सीतामढ़ी)
एक झलक
- महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों की लंबाई-चौड़ाई बढ़ाने के लिए सतत प्रयत्नशील।
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कार्य प्रमंडल, बेलसंड (सीतामढ़ी) के अंतर्गत दर्जनों सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे सैकड़ों गांवों को पक्की सड़क से जोड़ा जा सका है और अभी आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध है।
- बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति 2018 के अनुरूप ग्रामीण सड़कों की मरम्मत तथा उसके रख-रखाव की विशेष व्यवस्था की जा रही है ताकि ग्रामीण सड़कों पर आवागमन को सुगम और सुविधाजनक बनाया जा सके।

शुभकामनाओं के साथ
ई. भागीरथ राम
कार्यपालक अभियंता

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई
अनिल पासवान
मुखिया
पंचायत-पड़रावां, औरंगाबाद (बिहार)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई
कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय
मीना कुमारी, वार्डेन
श्री निवास, संचालक
जम्होर (औरंगाबाद) बिहार

ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल : फारबिसगंज (अररिया)
एक झलक
- मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (एनडीबी/अवशेष) के तहत ढाई सौ से अधिक आवादी वाले अनजुड़े बसावटों को संपर्कता देने के लिए योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत प्रस्तावित पुल-पुलियों का सर्वे कराकर निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कराया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फ़ेज-3 के तहत ग्रामीण सड़कें एवं पुल-पुलिया प्रस्तावित तथा निर्माणाधीन है और कई सड़कों का अनुरक्षण किया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क उन्नयन योजना के तहत 31 मार्च 2024 तक सड़क निर्माण की 5 वर्ष की अवधि पूरी कर चुके सभी ग्रामीण पथों के पुनर्निर्माण हेतु डीपीआर तैयार कर मुख्यालय को समर्पित किया गया है। इसके साथ ही 5 साल या उससे अधिक पुरानी सड़कों के पुनर्निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

शुभकामनाओं के साथ
ई. प्रवीण कुमार सिंह
कार्यपालक अभियंता

फैक्ट्री से जहरीला धुआं निकलने के विरोध में लोगों ने निकाला जुलूस

नासरीगंज को प्रदूषणमुक्त करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददात



दानापुर। नगर परिषद क्षेत्र के नासरीगंज में फैक्ट्री से जहरीले धुआं निकालने के विरोध में मंगलवार को मोहल्ले के लोगों ने जुलूस निकाल कर विरोध किया। लोगों ने नासरीगंज को प्रदूषण मुक्त करने की मांग राज्य सरकार से की। इसका नेतृत्व नीरज कुमार ने किया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि नासरीगंज मोहल्ले घनी आबादी वाला क्षेत्र है और हजारों लोग रहते हैं। कई विद्यालयों में हजारों बच्चे पढ़ते हैं। लेकिन कई फैक्ट्रियों से निकाल रहे धुआं वातावरण को प्रदूषित कर रहा है और स्कूली बच्चों समेत स्थानीय लोगों को बीमार कर रहा है। लोगों ने बताया कि 24 घंटे निकल रही जहरीले धुआं से इलाके के बच्चों व वृद्ध लोग को खांसी, अस्थमा, कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहें हैं। आवासीय क्षेत्र व ग्रीन जोन से जहरीले धुआं फैलाने वाली फैक्ट्री को बंद करने की मांग राज्य सरकार से किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्रदूषण के शर्तों को उल्लंघन करने के कारण इसका पॉल्यूशन सर्टिफिकेट रद्द करने की मांग की। लोगों ने बताया कि नगर परिषद प्रशासन ने नासरीगंज मुहल्ले में कचरा डंपिंग यार्ड कर वातावरण को और प्रदूषित किया जा रहा है। लोगों को सांस लेना मुश्किल हो रहा है। मौके पर राजेश कुमार चौधरी, मारुति नंदन सोसाइटी, न्यू मिथिला कॉलोनी, अनिल कुमार, मनबोध यादव, शिवम यादव, प्रेमचंद कुमार सिन्हा, अरविन्द कुमार सिंह देवेंद्र भगत, सुबोध सिंह, ललन सिंह,अमन कुमार, किसलय कुमार, बीरेंद्र कुमार समेत आदि मौजूद थे।

मेट्रो की निर्माणाधीन चहारदीवारी से टकराया ऑटो, चालक समेत चार जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददात


दानापुर। थाना क्षेत्र के सगुना पुलिस चौकी के पास मंगलवार को दोपहर में ऑटो का संतुलन खोने से निर्माणाधीन मेट्रो कॉरिडोर की चारदिवारी से टकराने से चालक समेत चार यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जख्मी सभी को सगुना मोड निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि पटना की ओर से तेज रफ्तार में यात्री सवार ऑटो चालक ने संतुलन खो दिया और सगुना मोड के पास निर्माणाधीन मैट्रो कॉरिडोर की चारदिवारी में जोरदार धक्का मारा दिया और ऑटो चारदिवारी के अंदर घुसा गया जिससे ऑटो चालक व यात्री जख्मी हो गये और ऑटो में फंस गये। जख्मी चालक ध्रुव कुमार, यात्री सोनम सिन्हा व निर्मला देवी समेत एक अन्य यात्री जख्मी हो गये थे। ऑटो के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही सगुना यातायात चेक पोस्ट के सब इंस्पेक्टर तनिश कुमार शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए तीन यात्रियों और चालक को किसी तरह स्थानीय लोगों के सहयोग से बाहर निकाला। जख्मी चालक व यात्रियों को इलाज के लिए सगुना मोड निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यातायात थानाध्यक्ष सुमन प्रसाद ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। लहसुना थाना क्षेत्र के घोराहुआं में बीते 1 मई को आपसी विवाद को लेकर हिंसक झड़प में तीन लोग गंभीर रूप में जख्मी हुए थे जो पीएमसीएच रेफर किए गए थे। उस मामले में वादी जितेंद्र कुमार ने चार लोगों पर हत्या का प्रयास का मामला थाने में केस दर्ज कराया था, इस मामले में फरार आरोपी को लहसुना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जहाँ लहसुना थाना कांड सं-337/2025, के तहत कुंदन कुमार पिता-सहदेव मिस्त्री सा0-घोरहुआ की गिरफ्तारी की गई है। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

एक नजर

शोकसभा का आयोजन



छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। आज सारण जिला के जेपी सेनानी एवं लोक समिति के सदस्यों द्वारा जेपी सेनानी कार्यालय प्रभु नाथ नगर में पहलगाम में मारे गये पर्यटकों के मृतात्मा के शांति के लिये एक शौक सभा का आयोजन किया गया। सैकड़ों जेपी सेनानी एवं लोक समिति के सदस्यों ने आक्रोश पूर्ण विचार रखा। नागेश्वर सिंह, योगेन्द्र सिंह, तेज नारायणन सिंह, अरुण मिश्रा, भारत सिंह गामा राम, हरिनारायण सिंह, रामेश्वर सिंह, राधा मोहन प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, जनार्दन प्रसाद, तारकेश्वर तिवारी, बागेश्वर गिरी, जितेन्द्र राय, सत्येंद्र कुमार, शशि भूषण सिंह, सुधीश मांझी अन्य ने उपस्थिती दर्ज कर पाकिस्तान की भर्त्सना की। अंत में जेपी सेनानी एवं लोक समिति जिला अध्यक्ष सवालिया गिरी ने पुरजोर रूप से पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात कही। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा कर मृतात्मा को शान्ति एवं स्वर्ग के लिए प्रर्थना की। चार प्रस्ताव सर्व समिति से पास कर प्रधान मंत्री के पास भेजने की जिम्मेदारी जिला जेपी सेनानी अध्यक्ष सवालिया गिरी को सौपा गया। पटना से आए लोक समिति के प्रदेश महामंत्री शिवजी सिंह ने प्रस्ताव तैयार कर एवं अपना विचार रखा।

ट्रांसफर के बावजूद पुराने स्थल पर ही जमे हैं पुलिस पदाधिकारी

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पटना एसएसपी द्वारा जिले के कई पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण किये जाने के बाद भी थाना में जमे हुए है. इसके बाद भी कई पुलिस अधिकारियों पुराने स्थान पर ही जमे हुए हैं। इसके बावजूद भी स्थानांतरित पुलिस अधिकारियों एसएसपी के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं और अपने पुराने स्थान पर जमे हुए हैं। एएसपी ने पिछले 14 अप्रैल को जिले के 402 एसआई व एएसआई का स्थानांतरण किया गया था। इसके बाद भी शाहपुर समेत कई थाने के पुलिस पदाधिकारियों स्थानांतरण के बाद भी अपने पदस्थापन स्थान पर योगदान नही किया गया है। इसको लेकर नगर में चर्च का विषय बना हुआ है।

दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पटना गया नेशनल हाईवे 22 पर पुनपुन थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव के समीप सोमवार की देर रात को दो बाईको की सीधी टक्कर में बाइक पर सवार एक की मौत जबकी तीन गंभीर रूप में जख्मी है। जिसका इलाज पीएमसीएच में चल रहा है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि मृतक गर्दनीबाग का रहने वाला है जबकि अन्य जो जख्मी है वह नालंदा जिला का रहने वाला है सभी का नाम पता की जानकारी ली जा रही है। घटना कैसे घटी है इसकी पूरी जानकारी ली जा रही है।

पिकअप वैन ने 8 साल के मासूम को रौंदा, सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। पटना गया स्टेट हाईवे - 1, पर धनरूआ थाना क्षेत्र के कालीचक गांव से नजदीक एक आठ साल के मासूम बच्चे को बेकाबू पिकअप वैन ने ठोकर मार दिया जहां मौके पर उसकी मौत हो गई है। मृतक की पहचान सौरभ कुमार, उम्र 8 साल, पिता मुकेश बिंद कालीचक बताया जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया की सौरभ कुमार दुकान से कुछ सामान लाने के लिए जा रहा था उसी दौरान विपरीत दिशा में आ रहे बेकाबू पिकअप वैन ने उसे ठोकर मार दिए जहां उसकी मौत मौके पर ही हो गई। घटना के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने घंटो सड़क जाम कर दिया, जहां पटना गया स्टेट हाईवे कुछ देर के लिए जाम रहा। सूचना मिलते ही पहुंची धनरूआ पुलिस ने किसी तरह शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम भेज दिया है। पिकअप वैन भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि किसी अज्ञात पिकअप वैन की ठोकर से 8 साल के बच्चे की मौत हो गई है। कुछ देर के लिए लोगों ने विरोध जताते हुए सड़क जाम किया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

रत्ना प्रिया ने जीता वीनस मिसेज इंडिया-2025 और मिसेज उत्तर प्रदेश का खिताब

नवबिहार टाइम्स संवाददात



कांटी। एनटीपीसी कांटी में कार्यरत अरुण कुमार, डीजीएम (ऑपरेशन) की पत्नी रत्ना प्रिया ने जयपुर में आयोजित प्रतिष्ठित वीनस मिसेज इंडिया-2025 सौंदर्य प्रतियोगिता में मिसेज इंडिया-2025 और मिसेज उत्तर प्रदेश का खिताब जीतकर क्षेत्र और संस्थान का नाम रौशन किया है। वीनस फिल्म्स एंड इवेंट्स द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता 25 से 28 अप्रैल तक जयपुर, राजस्थान में संपन्न हुई। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से आई प्रतिभागियों के बीच रत्ना प्रिया ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायकों का दिल जीत लिया। उन्हें 'व्यूवर्स चॉइस अवॉर्ड' से भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मिसेज इंडिया इंटरनेशनल मौसमी चटर्जी, डॉ. अर्चना, सुमन कुमावत, दीपम शर्मा, डॉ. भूमिका गोविंदिनी और वीनस मिसेज राजस्थान प्रियंका गंगावत शामिल थीं। रत्ना प्रिया पूर्व में एनटीपीसी ऊंचाहार बाल भवन की महासचिव रही हैं और महिला समिति की एक सक्रिय सदस्य भी हैं।

सामाजिक न्याय परिचर्चा सिर्फ कार्यक्रम नहीं, चेतना क्रांति है

नवबिहार टाइम्स संवाददात



मसौढ़ी। धनरूआ के दमडीचक स्थित सौभाग्य उत्सव हॉल में मंगलवार को राजद के द्वारा विधानसभा स्तरीय सामाजिक न्याय परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव ने की, संचालन मसौढी, धनरूआ एवं नगर कमेटी के अध्यक्ष ने की। परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सर्वजीत कुमार, झारखंड के कटोरिया के पूर्व विधायक स्वीटी हेमब्रम, महिला आयोग के पूर्व सदस्य राबिया खातून, प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव विधायक रेखा देवी शामिल हुईं। इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने संबोधित करते हुए ने कहा कि एनडीए की सरकार में बिहार से लेकर केंद्र तक महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इसलिए 2025 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को बहुमत देकर तेजस्वी प्रसाद यादव को बिहार का सीएम बनाएं। उन्होंने बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने व सामाजिक न्याय के तहत लालू प्रसाद यादव की विचार धारा को और मजबूत करने की बात कही, परिचर्चा में राजद पूर्व मंत्री बोधगया विधायक सर्वजीत ने तेजस्वी यादव के कम समय के कार्यकाल के उपलब्धि को बताई। इसके अलावे मसौढ़ी विधायक रेखा देवी, ने भी विस्तार से अपनी अपनी बातें रखीं और संगठन की मजबूती पर चर्चा की। वही कार्यक्रम संयोजक तनवीर हसन ने कहा कि सामाजिक न्याय, समानता एवं वंचित तबकों की आवाज को बुलंद करता है। इसके अलावा प्रशिक्षण मे सभी पंचायत, प्रखंड, नगर कमेटी को आगामी विधानसभा मे कैसे चुनावी कार्य करना है उसका प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता संजय कुमार, पालटन सिंह,उपेंद्र यादव, बृजनंदन रजत के मसौढ़ी प्रखंड अध्यक्ष राकेश पंडित, धनरूआ के संजय यादव, नगर अध्यक्ष वीरेंद्र उर्फ किरी यादव, सदन मांझी, बिट्टू कुमार, टंनटन यादव समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

दानापुर हाथीखाना मोड़ से नया टोला पइन का नहीं हुआ उड़ाही कार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददात

दानापुर। नगर परिषद के पांच सालों में चार ईओ का स्थानांतरण होने के बाद भी हाथीखाना मोड़ से नया टोला पुल तक पइन का उड़ाही कार्य आज तक नहीं की गई है। हर साल नाला उडाही के लिए राशि भी आवंटित की जाती है बावजूद भी नाला की उड़ाही कार्य नहीं किया जाता है। बताया जाता है कि नगर में जल जमाव को देखते हुए पिछले वित्तीय वर्ष 2019-20 में परिषद द्वारा करीब 17,81,829 रुपये की लागत से हाथी खाना मोड़, नया टोला, सैनिक कॉलोनी और गोला रोड तक नाला उड़ाही कार्य के लिए टेंडर किया गया। परंतु नाला उडाही कार्य नही किया गया। हर साल मानसून के पूर्व हाथी खाना मोड़ से नया टोला के नाला उडाही के नाम पर राशि आवंटित की जाती है इसके बाद भी नाला उड़ाही कार्य नही किया जाता है। केवल उडाही के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। परिषद प्रशासन द्वारा सात बडे नाला उडाही कार्य कराने के लिए राशि आवंटन की गई है। बता दे कि 2019 में बारिश से पूरे परिषद क्षेत्र जल जमाव से कॉलोनियों झील बन गया था। जिसको लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर परिषद क्षेत्र के बडे नाला पर से किये गये अतिक्रमण को हटाकर नाला उडाही करने का सख्त निर्देश दिया गया था। जिसपर तत्कालीन डीसीएलआर रवि राकेश और तत्कालीन सीओ महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने मापी भी की थी और नाला पर अतिक्रमण करने वाले को भी नोटिस भी दिया गया था। बावजूद नाला पर किये गये अतिक्रमण को नहीं हटाया गया और नाला उड़ाही का कार्य भी नहीं हुआ। बताया जाता है कि 40 फीट चौडा नाला को अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर नाला पर अस्थायी व स्थायी पक्का व कच्चा मकान बना दिया गया है। नया टोला के पास नाला को भरा कर अपार्टमेंट के लोगों द्वारा सडक बनाने के लिए ईंट भरा दिया है। जिससे बडा नाला अब नाली के रूप बन गया है।

भाकपा माले की बैठक

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भाकपा माले पटना जिला ग्रामीण कमेटी की दो दिवसीय बैठक 5-6 मई को पुनपुन प्रखंड के राजघाट नवादा में संपन्न हुई, जिसमें सांप्रदायिक फासीवादी हमले के खिलाफ भाकपा माले को मजबूत करो संकल्प के साथ बैठक की शुरुआत हुई। बैठकों में सबसे पहले पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में व भाकपा माले के वरिष्ठ नेता जनमत के पूर्व संपादक कामरेड अग्नि पुष्प व इस दौर में गुजर चुके तमाम लोगों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक चल पार्टी स्थापना दिवस अभियान की समीक्षा की गई। बुथ लेवल एजेंट प्रत्येक बूथ पर बहाल करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने जाने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का रिपोर्ट जारी करते हुए जनता के बीच सधन अभियान चलाने की चर्चा हुई, उसके साथ-साथ 10 मई को साझी शहादत साझी विरासत कार्यक्रम को सफल बनाने के एजेंडे पर चर्चा हुई। बैठक में फुलवारी विधायक गोपाल रविदास, कमलेश कुमार, जयप्रकाश पासवान, सतनारायण प्रसाद, माधुरी गुप्ता सुरेंद्र पासवान कृपा नारायण सिंह श्रीकांत दास महेश यादव, अकलू पासवान श्री भगवान पासवान निरंजन वर्मा, बिनेश चौधरी आदी शामिल रहे।

अधूरे नाला निर्माण कार्य से बारिश के मौसम में होगा जलजमाव

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। विभिन्न वार्डों में बुडको द्वारा अधूरे नाला निर्माण कार्य किये जाने से बारिश में जल जमाव होने की संभावना बना हुआ है। बताया जाता है कि करोड़ों की लागात से बुडको द्वारा परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में आरसीसी नाला का निर्माण कार्य कराया गया है जो कई जगहों पर नाला का निर्माण अधूरा छोड दिया गया है। पार्षद प्रतिनिधि धीरज यादव ने बताया कि मुबाकरपुर समेत आदि जगहों पर बुडको द्वारा आरसीसी बडे नाला निर्माण कार्य को अधूरा छोड दिया गया है। जिससे बारिश के मौसम में जल निकासी नही होने पर जल जमाव का समस्या उत्पन्न हो सकता है जिसको लेकर परिषद के कनीय अभियंताओं ने सर्वे कर एक रिपोर्ट परिषद के ईओ पंकज कुमार को सौप है। ईओ पंकज कुमार ने बताया कि कनीय अभियंता द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किया है कि बुडको के संवेदक द्वारा आरसीसी बडे नाला निर्माण कार्य अधूरा छोड दिया गया है। बुडको को पत्र भेजा कर अधूरे पडे नाला का निर्माण कार्य पूरा करने को कहा गया है।

म्यूटेशन मामले में सराहनीय प्रयास के लिए बिक्रम सीओ को किया गया सम्मानित

बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। अंचल में बीते फ़रवरी महीने में 75 से अधिक दिनों से लंबित करीब 1900 मामले लंबित थे, जो अब शून्य हो गया है। गौरतलब है कि बिक्रम में अब 75 से अधिक दिनों के एक भी मामले लंबित नहीं है जिसके लिए डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने अंचलाधिकारी स्वयंप्रभा को समाहरणालय स्थित सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

बिहार के मिथिलेश की पुस्तक 'अंबेदकर, इस्लाम और वामपंथ' को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार की साहित्यिक और वैचारिक धरती ने एक बार फिर अपनी उपस्थिति का प्रभावशाली प्रमाण दिया है। बिहार के प्रबुद्ध लेखक और चिंतक मिथिलेश कुमार सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'अंबेडकर, इस्लाम और वामपंथ' (हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित) ने साहित्यिक जगत में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। मिथिलेश की इस पुस्तक ने न केवल भारत, बल्कि विदेशों में भी अपनी बौद्धिक उपस्थिति दर्ज करायी है। सामाजिक न्याय, धर्म और वामपंथी विचारधारा के जटिल अंतर्संबंधों पर केंद्रित यह पुस्तक अब देश के साथ-साथ दुनिया की नामचीन यूनिवर्सिटीज और संस्थानों की लाइब्रेरीज की शेल्फ में शामिल हो चुकी है। प्रतिष्ठित वैश्विक संस्थानों द्वारा पुस्तक को जगह देना, यह दर्शाता है कि मिथिलेश कुमार सिंह का लेखन वैश्विक शोधकर्ताओं, अकादमिक जगत और वैचारिक बहसों के लिए भी अत्यंत उपयोगी और प्रेरक है।

इन संस्थानों, यूनिवर्सिटियों में मिली जगह

- **हार्वर्ड यूनिवर्सिटी : वैश्विक शिक्षा और शोध का पर्याय मानी जाती है**
- **यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया : अमेरिका की आइवी लीग यूनिवर्सिटी में से एक**
- **स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी : तकनीकी और सामाजिक शोध का वैश्विक केंद्र**
- **यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना, चैपल हिल : सामाजिक विज्ञान और मानविकी में अग्रणी**
- **लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, मसूरी : भारत सरकार का प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान**
- **गोवा सेंट्रल यूनिवर्सिटी**
- **भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर)**
- **अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई)**

यह उपलब्धि न केवल लेखक के लिए, बल्कि बिहार की वैचारिक परंपरा और साहित्यिक गरिमा के लिए भी गौरव का विषय है। बिहार की धरती विचारधारात्मक बहसों, समाज सुधार आंदोलनों और बौद्धिक संघर्षों की साक्षी रही है। मिथिलेश कुमार सिंह की यह पुस्तक उस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आधुनिक विमर्श में नयी ऊंचाई देती है। यह न केवल बिहार बल्कि पूरे हिंदी भाषी क्षेत्र के लिए प्रेरणास्पद है कि यहां की लेखनी भी विश्व मंच पर सराही जा सकती है। मिथिलेश की यह पुस्तक अब एक ऐसा बौद्धिक दस्तावेज बन चुकी है, जो आने वाले समय में न केवल शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों, बल्कि नीतिनिर्माताओं के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी। बिहार के एक लेखक की कलम से निकला यह कार्य वैश्विक बौद्धिक मंचों पर भारत की सामाजिक चिंताओं और विचारधारात्मक संघर्षों की गूंज बनकर उभरा है।

मसूरी से हार्वर्ड तक किताब की गूंज

भारत सरकार के प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, मसूरी ने पुस्तक 'अंबेडकर, इस्लाम और वामपंथ' को अपने पुस्तकालय में शामिल किया है। यह वही संस्था है, जहां से भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा जैसे सर्वोच्च सेवाओं के अधिकारी प्रशिक्षित होते हैं। इस संस्थान में किसी पुस्तक का पहुंचना, उसकी वैचारिक गंभीरता और सामाजिक उपयोगिता का संकेत माना जाता है। इसके आलावा देश में भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, एआईसीटीई और गोवा सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने भी अपने संग्रह में इस पुस्तक को शामिल किया है। 'अंबेडकर, इस्लाम और वामपंथ' की गूंज सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि विदेशों के विश्वविद्यालयों की पुस्तकालयों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। अमेरिका की विश्वप्रसिद्ध यूनिवर्सिटियों में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, तथा यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना, चैपल हिल जैसे संस्थानों की लाइब्रेरीज ने भी इसे अपने संग्रह में जगह दी है। यह संकेत है कि पुस्तक नीतिगत, सामाजिक और वैचारिक विमर्श के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह पुस्तक अब उन वैश्विक शोधकर्ताओं, शिक्षकों और छात्रों की पहुंच में है, जो सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और वामपंथी आंदोलनों पर काम कर रहे हैं।

विषयवस्तु की गहराई ने पुस्तक को बनाया प्रासंगिक

'अंबेडकर, इस्लाम और वामपंथ' एक बहुस्तरीय वैचारिक विमर्श प्रस्तुत करती है, जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को इस्लाम के सामाजिक पहलुओं और वामपंथी सोच के साथ संवादात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह न सिर्फ ऐतिहासिक तथ्यों को उजागर करती है बल्कि समकालीन राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में भी प्रासंगिक प्रश्न उठाती है। लेखक ने गहराई से अध्ययन कर यह विश्लेषण प्रस्तुत किया है कि किस प्रकार अंबेडकर का दृष्टिकोण धर्म और वर्ग संघर्ष के साथ जुड़ता है। यह पुस्तक डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों, इस्लाम धर्म के सामाजिक पहलुओं और वामपंथी विचारधारा के अंतःसंबंधों पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत करती है। लेखक ने ऐतिहासिक संदर्भों, सामाजिक न्याय के विमर्श और समकालीन राजनीति को एक वैचारिक सूत्र में पिरोने की कोशिश की है। यह प्रयास आज के समय में भारतीय समाज में चल रही बहसों के संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण बन जाता है। यह पुस्तक अंबेडकर के इस्लाम और वामपंथ के प्रति विचारों को स्पष्ट रूप से सामने लाती है और वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में उनके विचारों की प्रासंगिकता को उजागर करती है। इस पुस्तक ने वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक और राजनीतिक हलकों में रुचि उत्पन्न की है, विशेष कर उन क्षेत्रों में जहां अंबेडकर के विचारों पर शोध किया जा रहा है। अंबेडकर इस्लाम और वामपंथ न सिर्फ बाबा साहब अम्बेडकर के इस्लाम और वामपंथ के प्रति उनके विचारों को पाठकों के सामने रखती है, वरन आज की ताजा राजनीति में इस्लाम एवं वामपंथ के नेतृत्व द्वारा अंबेडकर को अपना बनाने के प्रयासों के सतही तर्कों को बिंदुवार ध्वस्त किया है। और, ये बताया है कि अंबेडकर के विचार 'इस्लाम और वामपंथ' दोनों को लेकर कितने स्पष्ट थे, जिससे ये स्थापित होता है कि वे इन दोनों के हिमायती तो बिलकुल भी नहीं थे। इसलिए, इन दोनों खेमों द्वारा अंबेडकर को अपना बताने का प्रयास एक छलावा है, जिससे वे आज की अपनी राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करना चाहते हैं। उनके समकालीन जोगेन्द्रनाथ मण्डल के साथ उनका तुलनात्मक अध्ययन भी इस पुस्तक की महत्ता को बढ़ा देता है।

लेखक की प्रतिक्रिया

इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए लेखक मिथिलेश कुमार सिंह, संप्रति सहायक कुलसचिव, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय ने कहा, यह सम्मान न केवल मेरे लिए, बल्कि उस सामाजिक चेतना के लिए है, जिसे अंबेडकर, इस्लाम और वामपंथ जैसे विचार प्रवाह पोषित करते हैं। मुझे प्रसन्नता है कि मेरी पुस्तक ने वैश्विक विमर्श में भी अपनी जगह बनायी है। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह व्यक्तिगत गौरव से बढ़कर सामाजिक विमर्श की एक स्वीकार्यता है। यह पुस्तक जाति, धर्म और वर्ग आधारित संरचनाओं को समझने और उनके बीच संवाद की संभावनाओं को तलाशने का प्रयास है। इसकी वैश्विक स्वीकृति बताती है कि भारत के सामाजिक मुद्दे अब केवल स्थानीय न होकर वैश्विक शोध और बहस का हिस्सा बन चुके हैं। लेखक मिथिलेश कुमार सिंह, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में सहायक कुलसचिव के पद पर कार्यरत थे।

संभावना और संघर्ष की हर जमीन पर रहे नवबिहार टाइम्स के कदम

बात अगर बिहार तथा औरंगाबाद के विकास की हो तो विकास की हर संभावना तथा विकास के लिए जारी प्रत्येक संघर्ष की जमीन पर नवबिहार टाइम्स ने अपने सशक्त कदम रखे हैं और विकास तथा संघर्ष के वाहकों के साथ मिलकर उनकी आवाज को बुलंद किया है। उत्तर कोयल नहर परियोजना को लेकर नवबिहार टाइम्स ने सतत अभियान चला रखा है और आज अगर यह परियोजना अपनी पूर्णता की ओर अग्रसर है तो कहीं न कहीं इसमें नवबिहार टाइम्स का भी योगदान है जिसने इस नहर से जुड़े हर पहलू को जनता के सामने रखा। इस नहर के निर्माण के प्रत्येक प्रयास को अपने पन्नों पर स्थान दिया और हर उस आवाज को स्वर दिया जो उत्तर कोयल नहर परियोजना के निर्माण के लिए उठी। औरंगाबाद के पूर्व



सुशील कुमार सिंह

सांसद सुशील कुमार सिंह कहते हैं कि जब भी उन्होंने संसद से सड़क तक उत्तर कोयल परियोजना के बारे में कोई भी आवाज उठाई तो नवबिहार टाइम्स ने उनका भरपूर साथ दिया है।

इसी प्रकार एनटीपीसी के बिजली घरों के निर्माण का सपना लगभग नवबिहार टाइम्स के जन्म के समय ही देखा गया था। उस वक्त लगता था कि औरंगाबाद के नवीनगर में किसी बिजली घर की स्थापना का यह सपना कभी संभव नहीं हो पाएगा लेकिन



वीरेन्द्र कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स ने लगातार इस सपने को आकार देने के लिए अपनी आवाज उठाई। पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह कहते हैं कि जब वह मृत पड़ी इस परियोजना को लेकर 1996 में लोकसभा में अपनी आवाज बुलंद करते थे तो उनकी आवाज को नवबिहार टाइम्स जनता तक पहुंचाता था जिससे एक व्यापक जन दबाव बना और अंत में यह परियोजना आगे बढ़ी। आज जबकि नवीनगर और औरंगाबाद पूरे बिहार की ऊर्जा राजधानी के रूप में जाना जाने लगा है, नवबिहार टाइम्स में छपी हजारों खबरें इस बात की साक्षी हैं कि इस संघर्ष में नवबिहार टाइम्स ने बिहार की जनता के साथ खड़े होकर उसकी आवाज को बुलंद किया जिसका नतीजा आज इतनी बड़ी उपलब्धि के रूप में आ रहा है कि औरंगाबाद में स्थापित एनटीपीसी के दो उपक्रम कुल मिलाकर 5380 मेगावाट बिजली का उत्पादन करने वाले हैं जिससे बिहार की भविष्य की आधी से ज्यादा ऊर्ज़ा जरूरतें पूरी हो सकेंगी।

औरंगाबाद के औद्योगिक रूप से पिछड़े होने को लेकर भी नवबिहार टाइम्स ने लगातार अपनी आवाज उठाई



बियाडा परिसर

और हमारे पाठक जानते हैं कि बारून (औरंगाबाद) के साथ-साथ जसोईया स्थित औद्योगिक परिसर के लिए नवविहार टाइम्स ने जो संघर्ष किया था तथा जनता के संघर्ष को जो स्वर दिया था उसकी परिणति आज यह है कि इन सभी जगह पर औद्योगिक इकाइयां फल फूल रही हैं। जसोईया मोड़ के पास स्थित भूखंड तो अब राज्य का प्रमुख औद्योगिक प्रांगण बन चुका है।

औरंगाबाद के विधायक आनन्द शंकर कहते हैं कि उन्हें नवबिहार टाइम्स से विकास के हर मामले में सकारात्मक सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्होंने नवबिहार टाइम्स में छपी खबरों के आधार पर कई बार मामले को विधानसभा में उठाये हैं और जब भी उन्होंने विधानसभा या किसी फोरम में विकास को लेकर कोई सवाल खड़ा किया है तो उन्हें नवबिहार



आनंद शंकर सिंह

टाइम्स का सहयोग अवश्य मिला है।

नवबिहार टाइम्स ने हमेशा सकारात्मक पत्रकारिता की है। अनावश्यक आलोचना, बाल की खाल निकालना नवबिहार टाइम्स की पत्रकारिता का मकसद नहीं रहा है बल्कि हर सकारात्मक कदम को नए स्वर देना ही नवबिहार टाइम्स का लक्ष्य रहा है। औरंगाबाद के जिन उद्यमियों ने देश के विकास में अपनी भूमिका निभाई है, जिन शिक्षाविदों और शिक्षण संस्थाओं ने औरंगाबाद तथा बिहार को एक विशेष पहचान दिलाई है, नवबिहार टाइम्स उनके साथ हमेशा खड़ा रहा है और उनकी सक्सेस स्टोरी नवबिहार टाइम्स के पन्नों को सजाती रही है। आज भी विकास की हर कोशिश नवबिहार टाइम्स के पन्नों पर स्थान पाती है और नवबिहार टाइम्स ने जिले को सहकारिता, पर्यटन, लघु उद्योग, कृषि आधारित उद्योगों के हब के रूप में विकसित करने के लिए अपनी विशेष मुहिम चला रखी है जिसमें स्थानीय जनता प्रतिनिधि एवं अधिकारियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। हमें उम्मीद है कि हम अपने पाठकों के सहयोग से इस दिशा में जिले को बड़ी उपलब्धि दिलाने में कामयाब रहेंगे।

● नवबिहार टाइम्स ब्यूरो











